जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

दुमका,औरंगाबाद, आरा, एवं पटना से प्रकाशित




Page 11

खेल

कोहली की 'एक्स' ने सोशल मीडिया पर मचाया हंगामा

सिर पर चोट या हार्ट अटैक... 30 वर्षीय एक्ट्रैस दिव्यांका सिरोही की कैसे हुई मौत

देश



Page 10


रजि नं.-JHAHIN/2022/82776

• दुमका • शुक्रवार • 24 अप्रैल 2026 • वर्ष 05 • अंक 63 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## छपरा-सीवान रेलखंड पर ट्रैक किनारे लगी आग, बिहार संपर्क क्रांति दो मिनट रुकी



**एजेंसी, सीवान** । छपरा-सीवान रेलखंड पर गुरुवार दोपहर रेलवे ट्रैक के समीप अचानक आग लगने से कुछ देर के लिए रेल परिचालन प्रभावित हो गया। यह घटना दरौंदा जंक्शन और चैनवा स्टेशन के बीच लीला साह के पोखरा के पास रेलवे फाटक संख्या 76 के निकट किलोमीटर 367/03 से 11 के बीच हुई। आग लगने के कारण नई दिल्ली से दरभंगा जा रही 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को एहतियातन करीब दो मिनट तक रोकना पड़ा, जिससे रेल परिचालन भी दो मिनट तक बाधित रहा। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक के किनारे धुआं और आग की लपटें देखकर की मैन सुनील कुमार गुप्ता ने इसकी सूचना तत्काल गेटमैन सत्येंद्र कुमार शर्मा को दी। गेटमैन ने तुरंत इसकी जानकारी जेई दरौंदा बब्लू कुमार को दी, जिसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। हालांकि जब तक फायर ब्रिगेड की पहली गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं।

## मुख्यमंत्री सम्राट से मिले बिहपुर विधायक, दी बधाई



**एजेंसी, भागलपुर** । बिहपुर विस विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक ईं शैलेंद्र ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात किया। इस दौरान विधायक ने सीएम को बुके भेंटकर बधाई प्रेषित किया। इस दौरान विधायक ने राज्यके समग्र विकास और बिहपुर विस क्षेत्र के सर्वांगीण उन्नयन से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी किया। ईं.शैलेंद्र ने सीएम के साथ विकास की गति को और सशक्त बनाने, जनसुविधाओं के विस्तार तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने पर विचार-विमर्श किया। मौके पर पटना में पार्टी नेता उत्तम कुमार और कल्याण झा आदि की उपस्थिति थी। इधर नवगछिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो.गौतम ने बताया कि विधायक ईं.शैलेंद्र लखनऊ में आयोजित भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान–2026 अंतर्गत जोनल वक्ता कार्यशाला (उत्तर-पूर्व जोन उत्तरप्रदेश,बिहार,उत्तराखंड) के सत्रों में शामिल होकर बुधवार की रात पटना लौटे। यह प्रशिक्षण महाभियान पार्टी की उस सशक्त संगठनात्मक परंपरा का हिस्सा है।

## झारखंड में 25 और 26 को वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट



**एजेंसी, रांची** । राज्य भर में भीषण गर्मी के बीच 25 और 26 अप्रैल से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ वज्रपात होने और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की भी संभावना है। 25 अप्रैल को राज्य के जिन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है उनमें बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज शामिल है। साथ ही 26 अप्रैल को राज्य के रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, और साहिबगंज में गर्जन और ओलावृष्टि के साथ वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 29 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा और सरायकेला में 43 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस गुमला में रिकॉर्ड किया गया।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बिरसा मुंडा हवाई अड्डा परिसर में निर्माणाधीन स्टेट हैंगर का किया स्थल- निरीक्षण



**रांची**। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज रांची स्थित बिरसा मुंडा हवाई अड्डा परिसर में निर्माणाधीन स्टेट हैंगर तथा संबंधित आधारभूत ढांचे के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण एवं समयबद्धता की विस्तृत समीक्षा की। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों एवं समयसीमा का कड़ाई से पालन करते हुए पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा, "राज्य के सतत विकास के लिए आधुनिक एवं सुदृढ़ आधारभूत संरचनाओं का निर्माण अपरिहार्य है। ऐसी परियोजनाएं प्रशासनिक कार्यक्षमता को सशक्त बनाने के साथ-साथ राज्य की प्रगतिशील छवि को भी मजबूत करती हैं।"

**नवीन तकनीक एवं नियमित निगरानी के निर्देश**- मुख्यमंत्री ने निर्माण प्रक्रिया में नवीनतम तकनीकों, श्रेष्ठ संसाधनों एवं प्रभावी प्रबंधन का उपयोग सुनिश्चित करने तथा कार्यों की निरंतर निगरानी के आदेश दिए। उन्होंने किसी भी प्रकार की शिथिलता को अस्वीकार्य बताते हुए त्वरित क्रियान्वयन पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कार्यों की वर्तमान स्थिति, प्रगति प्रतिवेदन एवं भावी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

## निदेशक पंचायती राज बी. राजेश्वरी ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट



**रांची**। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से निदेशक, पंचायती राज, झारखंड, बी. राजेश्वरी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को टाना भगत स्टेडियम, खेलगांव, रांची में 24 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित "मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार सह मुखिया सम्मेलन 2026, दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडलीय समारोह" में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया।मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री को कार्यक्रम की रूपरेखा, तैयारियों एवं इसके महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि इस कार्यक्रम में दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति के प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष सहित विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे।यह आयोजन पंचायती राज संस्थाओं को प्रोत्साहित करने, उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करने तथा ग्रामीण स्वशासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा, भारत में सबसे सस्ता मिल रहा

- पेट्रोल पर कंपनियों को 18 और डीजल पर 35 रुपए प्रति लीटर का हो रहा नुकसान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पड़ोसी देशों के मुकाबले भारत में सबसे सस्ता पेट्रोल भारत में है। नेपाल में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 137.12 रुपए है। बंग्लादेश में 106.85 रुपए लीटर है। जबकि म्यांमार में 147.54 रुपए, भूटान में 102.78 रुपए लीटर पर पहुंच गया है। पाकिस्तान में 123.05 और चीन में 131.13 रुपए प्रति लीटर है। श्रीलंका में 1 लीटर पेट्रोल की कीमत 134.60 रुपए पर पहुंच गई है, लेकिन भारत में पेट्रोल की औसत कीमत 101 रुपए लीटर है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उछाल है। कच्चा तेल एक बार फिर 100 डॉलर के पार पहुंच गया है। ऐसे में हांगकांग में पेट्रोल सबसे महंगा 387.26 रुपए लीटर है। इजराइल में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 258.60 रुपए है। सबसे बड़ी राहत की बात भारत के उपभोक्ताओं के लिए है। पश्चिम बंगाल में चुनाव के चलते आम पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बदले हैं। होर्मूज संकट के बीच आज बढ़त के साथ ब्रेंट क्रूड वायदा 102.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 93.44 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। बता दें महंगाई को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले दिनों पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रुपए प्रति लीटर घटा दी थी। फिर भी सरकारी कंपनियों को प्रति लीटर पेट्रोल पर 25 रुपए और डीजल पर 105 रुपए का नुकसान हो रहा है। दिल्ली के मुकाबले पश्चिम बंगाल में एक लीटर पेट्रोल की कीमत करीब 10 रुपए ज्यादा है। आज दिल्ली में पेट्रोल 94.77 और डीजल 87.67 प्रति लीटर बिक रहा है।

## सीवान में बेखौफ अपराध : सोते हुए बुजुर्ग को मारी गोली, हालत गंभीर

**एजेंसी, सीवान**



सीवान जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के करसड़ गांव में अपराधियों ने बेखौफ होकर एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। बुधवार की देर रात करीब 12 बजे अपराधियों ने घर में घुसकर सो रहे एक बुजुर्ग को गोली मार दी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई।

घायल धर्मसाह गोंड़ है, जो अनुसूचित जनजाति के नेता जितेंद्र साह के पिता बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, धर्मसाह अपने करकट (टीन) से बने झोपड़ी में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने झोपड़ी का करकट हटाया और उन्हें निशाना बनाते हुए गोली चला दी। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल धर्मसाह को आनन-फानन में रघुनाथपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना भेज दिया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस अभी सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में भय का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## एडीबी से 115 मिलियन डॉलर कर्ज लेने की नेपाल की तैयारी

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल सरकार ने एकीकृत पेय जल योजना और सीवरेज निर्माण योजना के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से 115 मिलियन अमेरिकी डॉलर ऋण लेने संबंधी समझौते पर चर्चा के लिए एक वार्ता टीम का गठन किया है। सरकार के प्रवक्ता और शिक्षा मंत्री सस्मित पोखरेल ने गुरुवार को बताया कि मंत्रिपरिषद बैठक में वित्त मंत्रालय के सह-सचिव के नेतृत्व में वार्ता टीम बनाने का निर्णय लिया गया। नेपाल सरकार एकीकृत पेयजल आपूर्ति और सीवरेज प्रबंधन परियोजना के लिए एडीबी से ऋण लेने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एडीबी 115 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रियायती ऋण सहायता प्रदान करेगा।

## नीतीश जी की जनहित और विकास नीतियां मजबूती से जारी है: विजय कुमार चौधरी

**एजेंसी, पटना**



उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि शुक्रवार को राज्य सरकार विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने जा रही है। इसका प्रस्ताव मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा विधानसभा सचिवालय को विधिवत रूप से उपलब्ध करा दिया गया है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सरकार सदन में मजबूत बहुमत के साथ विश्वास मत प्राप्त करेगी। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी गुरुवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। यह सरकार नीतीश कुमार के आशीर्वाद से स्थापित एवं उनके मार्गदर्शन में कार्यरत सरकार है, इसलिए बहुमत साबित करने को लेकर किसी प्रकार की शंका नहीं है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कई बार स्पष्ट किया है कि यह सरकार नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में, उनकी नीतियों और विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की ऐतिहासिक यात्रा तय की है और जनता का निरंतर समर्थन राजग के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाता है।

## बाबूलाल मरांडी ने कोषागार घोटाले की जांच में देरी पर उठाए सवाल

**एजेंसी, रांची** । पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कोषागार घोटाला मामले की जांच में देरी पर सवा उठाए हैं। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के पांच दिन बाद भी वित्त विभाग ने संबंधित फाइलें सीआईडी को नहीं भेजी हैं, जो गंभीर सवाल खड़े करता है। मरांडी ने आशंका जताई कि कहीं जानबूझकर जांच को प्रभावित करने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सुनिश्चित करने की मांग की कि कोई भी अधिकारी जांच की दिशा को गुमराह न कर सके। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण भ्रष्टाचार का मामला नहीं है।

## सबरीमाला सुनवाई में जस्टिस बीवी नागरत्ना की टिप्पणी- 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' की जानकारी स्वीकार नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



उच्चतम न्यायालय में सबरीमाला मंदिर मामले पर सुनवाई के दौरान गुरुवार को एक हल्का-फुल्का पल आया, जब 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' का जिक्र कोर्ट में हुआ। दरअसल, वरिष्ठ वकील नीरज किशन कौल अपनी दलीलों में कांग्रेस नेता शशि थरुर के एक आलेख का जिक्र कर रहे थे, जिसमें कहा गया था कि धार्मिक मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप ठीक नहीं है। तब जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की सूचना को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हालांकि, कोर्ट सभी प्रमुख लेखकों और विचारकों का सम्मान करती है, लेकिन संबंधित आलेख एक निजी विचार है और निजी विचार निजी ही रहते हैं। तब जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि लेकिन विचार व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से नहीं होने चाहिए। तब नीरज किशन कौल ने कहा कि हम इस पर नहीं जा रहे हैं कि कौन यूनिवर्सिटी अच्छी है और कौन खराब। हमें कहीं से भी मिली सूचना को स्वीकार करना चाहिए। नीरज किशन कौल दाऊदी बोहरा समुदाय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस अरविंद कुमार, जस्टिस एजे मसीह, जस्टिस पीबी वराले, जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने 28 सितंबर, 2018 को 4-1 के बहुमत से फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि महिलाओं के साथ काफी समय से भेदभाव होता रहा है। महिला पुरुष से कमतर नहीं है। एक तरफ हम महिलाओं को देवी स्वरुप मानते हैं दूसरी तरफ हम उनसे भेदभाव करते हैं। कोर्ट ने कहा था कि बायोलॉजिकल और फिजियोलॉजिकल वजहों से महिलाओं के धार्मिक विश्वास की स्वतंत्रता को खत्म नहीं किया जा सकता है।

# ईरान से अमेरिकी जहाज पीछे हटेंगे, शांति वार्ता में विश्वास का संकट, इजराइली हमले में लेबनान की पत्रकार की मौत

**एजेंसी, वाशिंगटन/तेहरान**



ईरान के बंदरगाहों की नाकाबंदी के बीच अमेरिका ने बड़ी घोषणा की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बुधवार रात कहा कि नाकाबंदी में शामिल अमेरिकी सेना के दो और जहाजों को वापस लौटने (पीछे हटने) का निर्देश दिया गया है। इस नाकाबंदी के तहत अब तक कुल 31 जहाजों को वापस लौटने को कहा गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इससे पहले संघर्ष विराम बढ़ाने की भी घोषणा कर चुके हैं। बावजूद इसके ईरान बातचीत की मेज पर नहीं लौटा है। उसने कहा कि उसे राष्ट्रपति ट्रंप की बात पर भरोसा नहीं है। इस गतिरोध के बीच ईरान को पाकिस्तान मनाने की कोशिश कर रहा है। उधर, इजराइल के हमले में लेबनान की महिला पत्रकार की मौत हो गई है। अल जजीरा और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के खिलाफ 13 अप्रैल से की गई अमेरिकी नाकाबंदी में 10,000 से अधिक अमेरिकी सैनिक, 17 युद्धपोत और 100 से अधिक विमान शामिल हैं। कमांड के अनुसार, नाकाबंदी कर रहे अधिकांश जहाज वर्तमान में ईरानी बंदरगाह चाबहार में खड़े हैं। ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों ने शांति वार्ता में आई रुकावट के लिए वाशिंगटन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि देश के बंदरगाहों की नौसैनिक घेराबंदी के कारण ऐसा हुआ है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड का कहना है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में दो विदेशी जहाजो को अपने कब्जे में ले लिया और समुद्री नियमों का उल्लंघन करने पर तीसरे जहाज पर गोलीबारी की। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि तेहरान "बातचीत और समझौते" का इच्छुक है, लेकिन "वादों का उल्लंघन, घेराबंदी और धमकी ही सच्ची बातचीत में मुख्य बाधा हैं।" व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ अपने संघर्ष विराम को बढ़ाने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की है। उन्होंने यह राष्ट्रपति का ही फैसला होगा कि यह संघर्ष विराम कब समाप्त होगा।

## भारतीय सामान पर कस्टम ड्यूटी लगाने के विरोध में काठमांडू में प्रदर्शन जारी

**एजेंसी, काठमांडू**

भारत-नेपाल सीमा पर 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर कर लगाने की सरकारी नीति के विरोध में काठमांडू में आज भी प्रदर्शन हो रहा है। आज सुबह से ही 'युथ फॉर ट्रुथ' संस्था के नेतृत्व में मधेसवादी दलों से जुड़े युवाओं ने माइतीघर मंडला में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से तत्काल सीमा शुल्क (कस्टम ड्यूटी) की व्यवस्था वापस लेने और पहले जैसी स्थिति बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल युवाओं का कहना है कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए अक्सर सीमापार खरीदारी करते हैं। ऐसे में 100 रुपये से अधिक के सामान पर कर लगाने का फैसला आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहा है। उनका आरोप है कि इस नीति से खासकर सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले आम नागरिकों, छोटे व्यापारियों और निम्न आय वर्ग के लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही यह निर्णय वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उनका कहना है कि यह नीति जनता के हितों के खिलाफ है और इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए।

### नेपाल में भारतीय केले के आयात पर प्रतिबंध का असर, कीमत 350 रुपये दर्जन

**एजेंसी, काठमांडू** । नेपाल सरकार के भारतीय केले के आयात पर रोक लगाए जाने के बाद देश में केले की कीमत 350 रुपये दर्जन पहुंच गई है। इतना ही नहीं बाजार से केला गायब हो गया है। काठमांडू के केला व्यापारियों का कहना है कि भारतीय केले के आयात पर प्रतिबंध से इसका सीधा असर बाजार कीमतों पर पड़ा है।



## संक्षिप्त समाचार

### रांची में ट्रेन से कटकर महिला की मौत, किता-जोन्हा के बीच मिला शव, पहचान में जुटी पुलिस

**रांची, एजेंसी।** रांची रेल मंडल के सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत किता और जोन्हा रेलवे स्टेशन के बीच एक अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सिल्ली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने किता और जोन्हा रेलवे स्टेशन के बीच थर्ड लाइन पर पोल संख्या 368/12 के पास एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी थी। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से कटकर मौत का प्रतीत हो रहा है। हालांकि यह हादसा है या आत्महत्या, फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन देर शाम तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बोकारो जेनरल अस्पताल के पास जंगल में लगी आग, अचानक धुआं उठने से मरीजों और परिजनों में फैली दहशत

**बोकारो, एजेंसी।** शहर के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र स्थित बोकारो जेनरल अस्पताल के आसपास जंगल में मंगलवार को अचानक आग लगी आग। जंगल से अचानक काफी धुआं उठने लगा। जिसके कारण अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजन काफी घबरा गए और पूरे अस्पताल में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। अस्पताल के कैंसर वार्ड के ष्टस्न्न ने सबसे पहले आग के लपटों को देखा। उन्होंने फौरन अस्पताल के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से बीएसएल के दमकल विभाग को अगलगी की सूचना दी गई। जानकारी मिलने पर फौरन एक दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि आग किन कारणों से लगी थी इसका पता अब तक नहीं चल सका है। आग जिस स्थान पर लगी थी वहां से बोकारो जनरल अस्पताल का कैंसर वार्ड सबसे नजदीक है। इस कारण पूरे वार्ड में धुआं फैल गया था। हालांकि अस्पताल में भर्ती मरीजों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। वहीं घटनास्थल पर मौजूद गार्ड अशोक पाठक ने बताया कि आग लगने के बाद उन्होंने अपने स्तर से आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद बीएसएल की फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। वहीं बीएसएल के फायर ब्रिगेड टीम के एएसआई गणेश कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद हमारी टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि जंगल में लगी आग को समय रहते बुझा दिया गया, नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। क्योंकि बोकारो जेनरल अस्पताल जिले का सबसे बड़ा अस्पताल है और यहां सैकड़ों मरीज इलाजरत हैं।

### रेमता डैम में दर्दनाक हादसा: सीएम सुरक्षा में तैनात आरक्षी के बेटे की डूबने से मौत

**रांची/खूंटी, एजेंसी।** राजधानी रांची से सटे खूंटी जिला के रेमता डैम में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जहां दोस्तों के साथ घूमने आए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान विवेक राज के रूप में हुई है, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सुरक्षा में तैनात विशेष शाखा के आरक्षी ओमकार नाथ का इकलौता पुत्र था। इस घटना के बाद परिवार समेत पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने बताया कि विवेक अपने फुफेरे भाई अक्षय राज और दोस्तों कार्तिक कुमार व सक्षम सौरभ के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर रांची से रेमता डैम घूमने आया था। चारों युवक डैम किनारे एक पेड़ के नीचे बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान विवेक नहाने के लिए पानी में उतरा और गहराई का अंदाजा लगाने लगा। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। विवेक को डूबता देख अक्षय ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह खुद भी पानी में फंस गया। मौके पर मौजूद अन्य दो दोस्तों ने सूझबूझ दिखाते हुए अक्षय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन विवेक गहरे पानी में समा गया। खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विवेक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, ऐसे में इस हादसे की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाना पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद एनडीआरएफ की टीम ने इंस्पेक्टर दिनेश अवस्थी के नेतृत्व में सर्च ऑपरेशन चलाया और देर शाम विवेक का शव बरामद किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान डीसी, एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीओ और डीएसपी वरुण रजक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# जनगणना में लापरवाही पर सख्त डीसी

## बीडीओ पर शोकॉज और वेतन रोकने के निर्देश



**रांची, एजेंसी।** जिले में जनगणना कार्यों की धीमी प्रगति पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित दो महत्वपूर्ण बैठकों में उपायुक्त-सह-प्रधान जिला जनगणना पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने जनगणना सहित विभिन्न प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट कर दिया कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पहली बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों में चल रहे मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान कई प्रखंडों में कार्य की धीमी गति पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई गंभीर मानी जाएगी। इसी क्रम में अनगड़ा, सोनाहातू और सिल्ली के प्रखंड विकास पदाधिकारियों के खिलाफ शोकॉज जारी करने और उनके वेतन पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा कराएं। उन्होंने पोर्टल में डेटा एंट्री की प्रक्रिया को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आंकड़ों की शुद्धता बनी रहे। उन्होंने दोहराया कि जनगणना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं की नींव है, इसलिए इसे पूरी जिम्मेदारी और समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए।

वहीं दूसरी बैठक में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर व्यापक समीक्षा की गई। इसमें जनगणना कार्य के साथ-साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), विभागीय कार्यों और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनगणना कार्य भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुरूप त्रुटिरहित और समयबद्ध तरीके से संपादित किया जाए।

विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भी उन्होंने पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर जोर देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आगामी मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार-सह-दक्षिणी प्रमंडल स्तरीय मुखिया सम्मेलन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मंच, पेयजल, शौचालय और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा समाहरणालय परिसर में साफ-सफाई और लिफ्ट सुविधा को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए गए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासनिक पारदर्शिता को और मजबूत करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने ट्रेजरी, नजारत, डीआरडीए और भू-अर्जन शाखा को सरकारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बैंक खातों का सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को भी निर्देशित किया कि विभिन्न बैंकों में संचालित खातों में होने वाले सरकारी लेनदेन की नियमित निगरानी की जाए, ताकि वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता बनी रहे। बैठकों में प्रभारी उपविकास आयुक्त सह पीडी आईटीडीए संजय भगत, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, निदेशक डीआरडीए सुदर्शन मुर्मू, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शेषनाथ बैठा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव कुमार सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इन बैठकों के जरिए साफ संकेत दिया गया है कि रांची जिला प्रशासन अब जनगणना कार्य समेत सभी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को लेकर पूरी तरह गंभीर है और किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई तय है।

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का आरोप, बोले- मजदूरों के पैसे पर डाका डाल रही है हेमंत सरकार

**रांची, एजेंसी।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने हेमंत सरकार में चल रही वीबी जी राम जी योजना को लेकर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में मनरेगा मतलब लूट और भ्रष्टाचार जिसमें आए दिन फर्जीवाड़ा और व्यापक लूट हो रही है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कोडरमा के मरकच्चो के पूरनानगर पंचायत में हुए फर्जीवाड़ा का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां फर्जी मास्टर रोल और एमबी की आड़ में सरकारी राशि की जमकर लूट होने का मामला सामने आया है। मनरेगाकर्मियों की हड़ताल के बावजूद योजना के तहत काम जारी रहता है और भुगतान भी किया जाता है। स्पष्ट है कि अधिकारियों की मिलीभगत से यह खेल खेला जा रहा है। बीजेपी नेता आदित्य साहू ने कहा कि कोडरमा तो एक मामला है, पूरे राज्य में इस योजना में भारी लूट खसोट मची हुई है। इससे पहले भी चतरा के सिमरिया और प्रतापपुर में इसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आ चुकी है। हेमंत सरकार में इस योजना से जुड़े कई अनूठे कारनामे सामने आ चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा के नाम पर गरीबों के पैसों पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जामताड़ा की पूर्व उपायुक्त को मनरेगा मजदूर बना दिया जाता है, कभी जेल में बंद आदमी मजदूरी करता है, कभी मरा हुआ आदमी। साहिबगंज जिले के तालझरी प्रखंड में 2021 में ही मर चुका शख्स 2022 में मजदूरी करता है और उसको मजदूरी का भुगतान भी कर दिया जाता है। यहां सिंचाई कूप की खुलेआम बोली लग रही है। मनरेगा में इस प्रकार के फर्जीवाड़े के कई मामले पूर्व में भी सामने आते रहे हैं। जाहिर तौर पर झारखंड लूट खसोट का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस योजना को अपनी उपलब्धि बतलाते नहीं थकती, उन्हीं की सरकार में इस योजना का हाल बेहाल है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस योजना में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा इसका नाम जी राम जी योजना किए जाने पर हेमंत सरकार को आपत्ति है।

# जेपीएससी मॉडल उत्तर पर विवाद: पहले जारी, फिर हटाया, संशोधन के बाद दोबारा अपलोड




**रांची, एजेंसी।** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के मॉडल उत्तर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आयोग ने परीक्षा समाप्त होने के अगले ही दिन तत्परता दिखाते हुए मॉडल उत्तर जारी तो कर दिया, लेकिन उसमें पाई गई त्रुटियों के कारण उसे जल्द ही वेबसाइट से हटाना पड़ा। इस पूरी प्रक्रिया ने अभ्यर्थियों के बीच सवाल खड़े कर दिए हैं।

यह परीक्षा 19 अप्रैल को आयोजित हुई थी। इसके बाद आयोग ने 20 अप्रैल की देर शाम दोनों प्रश्न पत्रों के मॉडल उत्तर अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए थे। शुरुआत में इसे आयोग की तेजी और पारदर्शिता के तौर पर देखा गया, लेकिन जल्द ही अभ्यर्थियों ने मॉडल उत्तर में कई गलतियों की ओर ध्यान दिलाना शुरू कर दिया।

मामला संज्ञान में आते ही आयोग ने मंगलवार सुबह बिना किसी पूर्व सूचना के मॉडल उत्तर को वेबसाइट से हटा दिया। इस कदम से अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बन गई, क्योंकि आयोग की ओर से न तो हटाने का कारण स्पष्ट किया गया और न ही कोई आधिकारिक सूचना जारी की गई। सोशल मीडिया और विभिन्न इंटरनेट प्लेटफॉर्म पर इसको लेकर तरह-तरह के सवाल उठने लगे।

हालांकि, उसी दिन मंगलवार की शाम आयोग ने संशोधित मॉडल उत्तर दोबारा वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। इस बार कुछ त्रुटियों को सुधारने का दावा किया गया है। आयोग ने अभ्यर्थियों को पारदर्शिता का भरोसा दिलाते हुए संशोधित उत्तरों पर आपत्ति और सुझाव आमंत्रित किए हैं। अभ्यर्थी 24 अप्रैल शाम 5 बजे तक अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

इस पूरे घटनाक्रम पर छात्र संगठनों और अभ्यर्थियों ने भी प्रतिक्रिया दी है। जेपीएससी से जुड़े मामलों के सक्रिय नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि मॉडल उत्तर में त्रुटियों को लेकर लगातार सवाल उठाए गए, जिसके बाद आयोग हरकत में आया और सुधार की प्रक्रिया शुरू की गई। उन्होंने कहा कि आयोग को इस तरह की महत्वपूर्ण प्रक्रिया में अधिक सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि अभ्यर्थियों का विश्वास बना रहे।

मॉडल उत्तर को लेकर हुई इस उठापटक ने आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभ्यर्थी अब उम्मीद कर रहे हैं कि अंतिम उत्तर कुंजी जारी करते समय आयोग पूरी पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करेगा, ताकि किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

## निजी स्कूलों पर सख्ती: फीस, ड्रेस और किताबों में पारदर्शिता अनिवार्य, उल्लंघन करने वाले स्कूल नपेंगे



**धनबाद, एजेंसी।** जिले के निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निजी विद्यालयों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधित) अधिनियम, 2017 के तहत स्कूलों को फीस, किताब और ड्रेस से जुड़ी पूरी जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि सभी निजी स्कूलों को वार्षिक शुल्क का विस्तृत विवरण अपनी वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना होगा। अभिभावकों पर एकमुश्त फीस जमा करने का दबाव नहीं बनाया जाएगा, बल्कि वे अब वार्षिक शुल्क को तिमाही (क्वार्टरली) आधार पर जमा कर सकेंगे। साथ ही डेवलपमेंट फीस लेने का उद्देश्य भी बताना अनिवार्य होगा और री-एडमिशन के नाम पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया कि अगले सत्र के लिए नवंबर तक किताबों और स्कूल ड्रेस का पूरा विवरण वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। स्कूल ड्रेस पांच साल से पहले नहीं बदली जा सकेगी और निर्धारित किताबों के नाम में भी बदलाव नहीं किया जाएगा। स्कूल परिसर में किताब और ड्रेस बेचने पर भी सख्त रोक लगा दी गई है, जिससे अभिभावकों को बाजार से कम कीमत पर सामग्री खरीदने का विकल्प मिल सके।

उपायुक्त ने निजी स्कूलों को 'नॉट फॉर प्रॉफिट' सिद्धांत पर चलने की नसीहत देते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा गठित पांच सदस्यीय टीम स्कूलों की औचक जांच करेगी। नियमों का उल्लंघन करने पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

बैठक में बीपीएल श्रेणी के छात्रों के लिए 25% सीट आरक्षित रखने, स्कूल वाहनों में जीपीएस और सीसीटीवी अनिवार्य करने, चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने और छात्रों की सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। इस पहल से अभिभावकों को आर्थिक राहत मिलने के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद है।

## सिलेबस बदलाव की मार: संकट में पुरानी किताबों का कारोबार, अभिभावकों पर बढ़ा बोझ




**धनबाद, एजेंसी।** हर साल सिलेबस में बदलाव का असर अब किताबों के बाजार और अभिभावकों की जेब पर साफ दिखने लगा है। झरिया में पुरानी किताबों का कारोबार लगभग ठप हो गया है। दुकानदार नुकसान झेल रहे हैं। वहीं अभिभावक महंगी किताबों की बोझ से परेशान हैं। अभिभावक महासंघ ने पब्लिक स्कूलों और पब्लिशर्स के बीच गठजोड़ का आरोप लगाया है।

झरिया में करीब 50 दुकानों पर पुरानी किताबें आधे दाम में बेची जाती हैं। पहले एक ही सिलेबस कई वर्षों तक चलता था। जिससे पुरानी किताबों की मांग बनी रहती थी। बड़े भाई-बहनों की किताबें छोटे भाई-बहन आसानी से इस्तेमाल कर लेते थे और पढ़ाई उसी से हो जाती थी। लेकिन अब हर साल सिलेबस बदलने से पुरानी किताबें बेकार हो जा रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि पहले जो किताबें आसानी से बिक जाती थी। अब वे दुकान में ही पड़ी रह जाती है।

वहीं अभिभावकों का कहना है कि अब किताबों पर अतिरिक्त शुल्क से आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पहले जहां पुरानी किताबों से काम चल जाता था, अब स्कूलों की ओर से पूरे सेट की किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। बाजार में एक-दो किताबें अलग से मिलना भी मुश्किल हो गया है। अभिभावकों का कहना है कि पहले बड़े बच्चों की किताबें छोटे बच्चे पढ़ लेते थे, लेकिन अब हर साल नई किताबें खरीदनी पड़ती है। स्कूल पूरा सेट लेने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे खर्च बहुत बढ़ गया है।

अभिभावक महासंघ के अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा कि पब्लिक स्कूलों और पब्लिशर्स का अपवित्र गठजोड़ है। उन्होंने कहा कि एक क्लास का सेट करीब 1000 रुपए में मिल जाता है। लेकिन पब्लिक स्कूलों की किताबों के लिए 8 से 10 हजार रुपए खर्च करने पड़ते हैं, यह पूरी तरह स्कूलों की मनमानी है। पप्पू सिंह ने कहा कि ऊपर लेवल पर कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे नीचे अपने आप सुधार हो जाएगा।

दुकानदारों का कहना है कि पहले एक ही सिलेबस कई साल तक चलता था। जिससे पुरानी किताबें बिक जाती थी। अब हर साल बदलाव से किताबें बेकार हो रही है। जिससे सभी दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### पलामू के लोग सावधान! साइबर ठगों ने डीसी साहब का बनाया फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल

**पलामू, एजेंसी।** झारखंड के पलामू जिले में साइबर अपराधियों ने एक बार फिर नई चाल चली है। इस बार ठगों ने जिला उपायुक्त (डीसी) दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के नाम से फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाकर लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इस घटना के सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है।

जानकारी के अनुसार, अज्ञात साइबर ठग डीसी के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर व्हाट्सएप पर फर्जी अकाउंट बना चुके हैं। इस प्रोफाइल के जरिए सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को मैसेज भेजे जा रहे हैं। इन संदेशों में कभी जरूरी काम का हवाला दिया जाता है तो कभी व्यक्तिगत मदद के नाम पर जानकारी मांगी जाती है।

पलामू जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह प्रोफाइल पूरी तरह से फर्जी है और इसका उपायुक्त कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान नंबर से आए संदेश, खासकर यदि वह किसी बड़े अधिकारी के नाम पर हो, तो उस पर तुरंत भरोसा न करें। पहले उसकी पुष्टि संबंधित कार्यालय से जरूर करें। प्रशासन ने खासतौर पर चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल, ओटीपी या किसी भी तरह की गोपनीय सूचना साझा न करें। साइबर ठग अक्सर भावनात्मक या दबाव बनाकर लोगों से जानकारी निकालने की कोशिश करते हैं, जिससे आर्थिक नुकसान हो सकता है।

## व्लादिमीर लेनिन 156वीं जयंती, वामदल बोले- सर्वहारा की दुनिया के सर्वमान्य नेता थे लेनिन



**रांची, एजेंसी।** व्लादिमीर लेनिन की 156वीं जयंती पर रांची में प्रदेश सीपीआई एमएल, सीपीआई और सीपीएम के कार्यालयों में लेनिन की 156 वीं जयंती मनाई गई। सीपीआई राज्य कार्यालय के सभागार में व्लादिमीर लेनिन की 156वी जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया गया एवं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य रूप से सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव सह राज्य कार्यकारणी सदस्य अजय कुमार सिंह, जैनेंद्र कुमार भंते, किरण कुमारी, कृष्णकांत वर्मा, विजय वर्मा, मनोज ठाकुर, श्यामल, इसहाक अंसारी, संजीव, राजू सहित दर्जनों लोगों ने पुष्प अर्पित किया।

लेनिन को याद करते हुए सीपीआई के नेताओं ने कहा कि व्लादिमीर लेनिन सर्वहारा वर्ग की दुनिया में सर्वमान्य नेता थे। जिन्होंने पूरा जीवन मजदूरों किसानों, छात्रों एवं आम आवाम को समर्पित पर जार शाही से न केवल रूस को मुक्ति दिलाई बल्कि दुनिया को एक नया संदेश दिया कि जनता पूंजीवाद और राजशाही को पूरी दुनिया से उखाड़ फेंकने के लिए गोलबंद हो चुकी है। पूरी दुनिया में इनके विचार आज भी प्रासंगिक है।भाकपा (माले) का 57वां स्थापना दिवस एवं व्लादिमीर लेनिन के 156 वें जन्मदिवस पर राज्य कार्यालय सहित पूरे राज्य में पार्टी ध्वज का झंडोत्तोलन किया गया। इसके बाद शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पार्टी की केंद्रीय कमेटी द्वारा जारी संकल्प पत्र का पाठ आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने किया, संकल्प पत्र पर उपस्थित साथियों ने विस्तृत चर्चा की।

सभा में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय परिस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर युद्ध थोपे जाने से पूरी दुनिया को ईंधन संकट के कगार पर ला खड़ा किया गया है। वक्तताओं ने कहा कि अमेरिका की वैश्विक वर्चस्व की नीति को चुनौती मिल रही है और विभिन्न देशों की जनता इसके खिलाफ आवाज उठा रही है।

देश की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा गया कि नए श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद मजदूरों पर हमले तेज हुए हैं। नोएडा, राजस्थान, रांची सहित विभिन्न क्षेत्रों में मजदूर काम के घंटे, ओवरटाइम और वेतन के सवाल पर संघर्षरत हैं जबकि प्रशासन द्वारा दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है। उत्तर प्रदेश में मजदूर आंदोलनों को बदनाम कर सैकड़ों मजदूरों की गिरफ्तारी और कई के लापता होने की घटनाएं सामने आई हैं। इसके बावजूद मजदूर आंदोलन लगातार विस्तार पा रहा है। सभा में यह भी कहा गया कि फासीवादी और सांप्रदायिक शक्तियां देश को नफरत के माहौल में धकेल रही हैं तथा लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमले तेज हो रहे हैं। मताधिकार को सीमित करने की कोशिशें, जल-जंगल-जमीन की लूट तथा कॉरपोरेट पूंजी के पक्ष में नीतियां गंभीर चिंता का विषय हैं। सीपीआई माले के नेताओ ने कहा कि पार्टी ने संकल्प लिया कि वह जनता के बुनियादी मुद्दों जैसे रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, मजदूर-किसान अधिकार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सवालों पर भी अपनी पहल और संघर्ष को और तेज करेगी। लेनिन को समाजवादी क्रांति के महान नायक और आधुनिक विश्व इतिहास की दिशा बदलने वाले क्रान्तिकारी की संज्ञा देते हुए सीपीएम की झारखंड इकाई ने लेनिन की 156वीं जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने पूरे झारखंड में 'लेनिन दिवस' का आयोजन किया। राज्य कार्यालय सहित विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लेनिन के सिद्धांतों और उनकी क्रांतिकारी विरासत को याद किया।

# वीर कुंवर सिंह का 168वा विजयोत्सव धूमधाम से मनाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**साहिबगंज** , नगर क्षेत्र के पोखरिया स्थित टाउन हॉल में गुरुवार को अमर सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का 168वाँ विजयोत्सव समारोह का आयोजन वीर कुंवर सिंह मंच की ओर से किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, डॉ विजय कुमार, बार एसोशिएशन के अध्यक्ष ललित स्वदेशी, समाजसेवी चंद्रदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा व मदानकांत कुमार सहित अन्य ने बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके ओर उनके तैलीय चित्र समीप दीप प्रज्वलित करके




किया। वही अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर व अंग वस्त्र देकर किया। सीएम एक्सीलेंस विद्यालय पोखरिया की दर्जन भर छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत करके खूब तालियां बंटोरी। वही अतिथियों ने कहा कि अदम्य साहस दिखाते हुए बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों को खदेड़ दिया था। देश की आजादी में अहम योगदान दिया था। वही भाषण में प्रथम संत जेवियर्स स्कूल अंग्रेजी मीडियम शिल्पा पीहू, द्वितीय पीएम श्री विद्यालय की श्रेया कुमारी, तृतीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की रिया कुमारी को अतिथियों ने प्राइज देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ सुमित कुमार, संरक्षक राजेश्वर प्रसाद सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष राणा रणविजय कुमार सिंह, रंजन सिंह, अनुराग सिंह, अनूप सिंह, सुभाष सिंह, सुरेंद्र सिंह, गौतम सिंह, मो अनवर अली, अनूप लाल हरि, मदनकांत, प्रो ध्रुव ज्योति सिंह, प्रो सुबोध कुमार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेश गौंड, सच्चिदानंद मिश्र, जय प्रकाश सिन्हा, पोखरिया स्कूल की शिक्षिका संध्या किरण, शंभू नाथ यादव, मुनीजी पांडे सहित दर्जनों गणमान्य लोग व स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी में गड़बड़ी पर सख्ती, जल्द सुधार का आश्वासन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**साहिबगंज।जिला** आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय में एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी से जुड़ी समस्याओं को लेकर शुक्रवार को एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी जुन्नु मिश्रा एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधि अपूर्व मित्तल उपस्थित थे।बैठक में उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिलने, डिलीवरी में देरी एवं अन्य संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं इंडियन ऑयल के प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से आश्वासन दिया कि वितरण प्रणाली को दुरुस्त करते हुए जल्द ही सिलेंडर डिलीवरी व्यवस्था में सुधार किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।अधिकारियों ने संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे डिलीवरी व्यवस्था में पारदर्शिता लाएं और समयबद्ध तरीके से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# बाबा साहब का जीवन संघर्ष और प्रतिभा का प्रतीक है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**साहिबगंज** बाबा साहब भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर का जीवन संघर्ष और प्रतिभा का प्रतीक है, उन्होंने भारतीय समाज में समानता और न्याय की नींव रखी। वो भारतीय संविधान के जनक, महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री थे। उन्होंने दलितों, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई उक्त बाते मुख्य अतिथि सह मुख्यवक्ता ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन जोनल सचिव डॉ समीर कुमार ने कही। स्टेशन चौक समीप स्थित भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा समक्ष बुधवार देर शाम को ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन शाखा साहिबगंज की ओर से भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सह मुख्यवक्ता ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन जोनल सचिव डॉ समीर कुमार, सेंट्रल एक्सक्यूटिव चीफ न्यू दिल्ली पीसी मुर्मू, विशिष्ट अतिथि रेलवे ज्यूडिशियल




मजिस्ट्रेड राहुल कुमार, कार्यपालक अभियंता रामाकांत पासवान, ऑल इंडिया एससी एसटी एसोसिएशन आसनसोल अध्यक्ष विनोद पासवान, पूर्व रेलवे जोनल वर्किंग अध्यक्ष जयंत विश्वास सहित अन्य ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके व दीप प्रज्वलित करके किया। वही अतिथियों का स्वागत बुके देकर व जय भीम का अंग वस्त्र देकर किया। वही मुख्यवक्ता ने कहा कि बाबा साहब हिंदू धर्म में जातिगत भेदभाव से निराश होकर, 14 अक्टूबर 1956 को बौद्ध धर्म अपना लिया। हिन्दू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति और तलाक का अधिकार दिलाने का प्रयास किया था। बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो और भाग्य में नहीं, अपनी शक्ति में विश्वास रखो का नारा दिया था। जिसे देश भर के दलित एससी एसटी के लोग अपने जेहन में उतारे ओर अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर उच्च शिक्षा दे। वही सभी वक्ताओं ने अपना अपना वक्तव्य रखा ओर बाबा साहब के आदर्शो पर चलने की शपथ ली। स्काउट गाइड के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन अध्यक्ष अमिनाश कुमार, सचिव प्रेम शंकर पासवान सहित दर्जनों रेलवे कर्मी व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# आकलन को टीईटी के समकक्ष दर्जा व समान वेतन की मांग पर सहायक शिक्षकों का विधायक आवास घेराव





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**साहेबगंज।** झारखंड राज्य आकलन प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य कमेटी के आह्वान पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सहायक अध्यापकों ने राजमहल एवं बोरियो विधानसभा क्षेत्र में विधायकों के आवास का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने अपनी प्रमुख मांगों आकलन परीक्षा को टीईटी के समकक्ष दर्जा देने और समान काम के लिए समान वेतन लागू करने को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी जताई।राजमहल विधायक आवास घेराव का नेतृत्व उधवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद सिराजुल हक, प्रखंड सचिव वासुदेव मंडल, तालझारी प्रखंड अध्यक्ष गमाल हेंब्रम, बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष सादेमान अली, साहिबगंज प्रखंड सचिव मोहम्मद मोहसिन अजमल एवं अब्दुल रजाक ने संयुक्त रूप से किया। वहीं बोरियो विधायक आवास घेराव का नेतृत्व मंडरो प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शहादत अंसारी, प्रखंड सचिव वीरेंद्र ठाकुर एवं मनोज हरिजन ने किया।धरना-स्थल पर उपस्थित सहायक अध्यापकों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय उन्होंने महागठबंधन एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशियों को अपना समर्थन दिया था और वर्ष 2019 में भी एकजुट होकर सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके बावजूद सरकार उनके मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि वे पिछले 20 वर्षों से अल्प मानदेय पर कार्य करते हुए नौकरी की असुरक्षा झेल रहे हैं।शिक्षकों ने बताया कि 1 सितंबर 2025 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद नॉन-टीईटी पारा शिक्षकों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। राज्य में वर्ष 2016 के बाद टीईटी परीक्षा आयोजित नहीं होने के कारण विभागीय आकलन परीक्षा को टीईटी के समकक्ष मान्यता देना आवश्यक है, जिससे झारखंड के लगभग 45 हजार सहायक अध्यापकों का भविष्य सुरक्षित हो सके। साथ ही उन्होंने आगामी सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में शामिल करने की भी मांग की।इसके अतिरिक्त शिक्षकों ने समान काम के लिए समान वेतन अथवा वेतनमान के अनुरूप मानदेय भुगतान की मांग दोहराई। उनका कहना था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविदा कर्मियों के लिए समान वेतन का सिद्धांत लागू किया गया है, लेकिन झारखंड में सहायक अध्यापकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे उनमें असंतोष व्याप्त है।शिक्षकों ने बताया कि इन दो प्रमुख मांगों को लेकर 23 एवं 24 अप्रैल को महागठबंधन के सभी मंत्रियों एवं विधायकों के आवास का घेराव किया जा रहा है।धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सहायक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और सरकार से शीघ्र सकारात्मक पहल करने की मांग की।कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद सिराजुल हक ने की।

## संक्षिप्त समाचार

### बरहरवा स्टेशन पर आरपीएफ ने चलाया विशेष अभियानः तीन नाबालिग बालक सुरक्षित बरामद

**साहिबगंज /बरहरवा** रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के चलाए गए विशेष अभियान के दौरान तीन नाबालिग बालकों को संदिग्ध अवस्था में बरामद कर सुरक्षित कार्रवाई की गई। यह अभियान 22 अप्रैल 2026 की रात करीब 8:40 बजे चलाया गया।आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक जलेश्वर कुमार



दुबे, हेड कांस्टेबल कुमार प्रयलांकर तथा बाल संरक्षण मंथन, साहिबगंज की सदस्या आराधना मंडल की संयुक्त टीम ह्यूमन ट्रैफिकिंग, टीओपीबी एवं अन्य अपराधों के विरुद्ध निगरानी कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर फुटओवर ब्रिज के पास तीन नाबालिग बालक संदिग्ध स्थिति में घूमते हुए पाए गए। पूछताछ में बालकों ने अपनी उम्र क्रमशः 14, 16 और 12 वर्ष बताई। इनमें से दो बालक थाना पाकुड़ (जिला पाकुड़) तथा एक थाना बरहरवा (जिला साहिबगंज) क्षेत्र के निवासी निकले। उन्होंने बताया कि वे अपने अभिभावकों से विवाद के बाद बिना सूचना घर से निकल गए थे और मजदूरी करने के उद्देश्य से पटना जाने की योजना बना रहे थे। बालकों की गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें आरपीएफ द्वारा अभिरक्षा में लिया गया और आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया। सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद तीनों बच्चों को बाल संरक्षण मंथन, साहिबगंज की प्रतिनिधि आराधना मंडल को आगे की कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई से संभावित मानव तस्करी या अन्य जोखिमपूर्ण स्थिति को समय रहते टाल दिया गया, जिससे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी।

### जिला स्तरीय स्मिता सिटी लीग बालिका खेल 24 एवं 25 अप्रैल को

**साहिबगंज** , खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा 24 एवं 25 अप्रैल को जिला स्तरीय स्मिता सिटी लीग अंतर्गत विभिन्न खेल स्पर्धाओं में महिलाओं की भागेदारी बढ़ाने के लिए जिले में चेस, कुश्ती, कबड्डी एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के पहले दिन 24 अप्रैल को प्रातः 8:00 बजे से बालिका अंडर 10 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु तक के लिए चेस की प्रतियोगिता फूलों झानो इनडोर स्टेडियम एवं अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 आयु वर्ग के लिए महिला **कुश्ती प्रतियोगिता चांद भैरव इनडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी**। जबकि प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रातः 6:00 बजे से बालिका अंडर 14 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु तक एथलेटिक्स अंतर्गत 100 मी.,200 मी., लंबीकूद, ऊंची कूद एवं शॉटपुट तथा बालिका अंडर 14 वर्ष,17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु तक के लिए कबड्डी प्रतियोगिता सिदो कान्हु स्टेडियम, साहेबगंज में आयोजित की जाएगी। विजेता प्रतिभागियों को मेडल,सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के किसी भी संस्था, कालेज, विद्यालय की कोई भी प्रतिभागी निःशुल्क ससमय आकर भाग ले सकती हैं।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका हसन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**साहिबगंज।** शहर के बाटा रोड स्थित आवासीय कार्यालय में गुरुवार को भाजपाअल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका हसन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं को राजनीति में आरक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कैबिनेट में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मंजूरी दी थी। पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने इस अधिनियम को कानूनी रूप देने के लिए इस पर चर्चा और वोटिंग के लिए लोकसभा में विशेष सत्र बुलाया था। लेकिन अफसोस की बात है कि कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने इस बिल को समर्थन नहीं दिया। जिससे देश भर में मातृ शक्ति आक्रोश




में है। इस अधिनियम से नारियों के उड़ान का सपना धराशायी हो गया। इस बिल के गिरने से लोकसभा व विधानसभा में नारी शक्ति को 33% हिस्सेदारी देने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना अधूरा रह गया। विपक्ष का नारी विरोधी आचरण उनका जश्न लोकतंत्र की हत्या है। बताया कि 25 अप्रैल को रांची में इसके विरोध में धरना प्रदर्शन होगा। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव, ज़िला उपाध्यक्ष गरिमा साह मौजूद थे।

### बोरिओ विधायक आवास के बाहर प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों का धरना प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

साहिबगंज /मंडरो प्रखंड के आकलन प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की ओर से प्रदेश कमेटी के निर्देश पर मिर्जाचौकी नीमगाछी स्थित स्थानीय विधायक आवास धनंजय सोरेन के बाहर प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों ने दो दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू किया ।कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा के मंडरो प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा किया गया। धरना के दौरान प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की ।संघर्ष मोर्चा ने आकलन परीक्षा को टेट के समकक्ष मान्यता देने तथा समान काम के बदले समान वेतन लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। धरना प्रदर्शन में प्रदर्शन में शामिल शिक्षकों ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगे सरकार के पास लंबित है लेकिन अब तक इसके समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है ।उन्होंने चेतावनी दी की मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने की स्थिति में आंदोलन और व्यापक रूप दिया जाएगा । वही कई विद्यालयों में पठन-पाठन कार्य भी ठप रहा ।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-10 से 11-26-27 (ओपन), दिनांक 22.04.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-10-26-27; कार्य का नामः** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अधीन जेएमए-बीबीआई के बीच आर्च पुलों पुल सं. 18, बीबीआई-सीसीआर के बीच पुल सं. 32 तथा जेएमए-बीबीआई के बीच किमी. 21/17-18 पर पुल सं. 14 की जैकेटिंग, मरम्मत तथा मजबूतीकरण के साथ अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 6,19,73,988.51। **बयाना राशिः** रु. 12,39,500; **क्रमांक 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-11-26-27; कार्य का नामः** प्रतिस्थापन आधार पर सीनि. डीईएन/3/आसनसोल अनुभाग के मानकड़ एवं गलसी स्टेशनों में नए एफओबी के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 6,17,13,504.95। **बयाना राशिः** रु. 12,34,300; **कार्य हेतु समापन अवधिः** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 18.05.2026 को 12.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-37/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं. 06-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 22.04.26; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल - नीचे उल्लेखित कार्य के लिए दूरसंचार संबधित कार्य (i) आसनसोल मंडल के तहत मोहनपुर-हंसडीहा अनुभाग के बीच सर्वाधाम में नया हॉल्ट स्टेशन, (ii) आसनसोल मंडल के तहत देवघर-मोहनपुर-हंसडीहा अनुभाग के बीच त्रिकुट पर्वत में नया हॉल्ट स्टेशन, (iii) एमडीपी-जीआरडी अनुभाग में कृष्णा बल्लभ सहाय हॉल्ट स्टेशन तथा महेशमुंडा स्टेशन के बीच सिजुआ में नया हॉल्ट स्टेशन, (iv) आसनसोल मंडल के तहत देवघर-मोहनपुर अनुभाग के बीच महेशमारा में नया हॉल्ट स्टेशन। **निविदा मूल्य :** रु. 72,40,425.45; **बयाना राशि :** रु. 1,44,800; **कार्य समापन अवधि :** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 14.05.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www. ireps.gov.in/**

(ASN-35/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### ज़िला क्रिकेट संघ ने निवर्तमान डीसी को दी भावभीनी विदाई

**साहिबगंज।** उपायुक्त के गोपनीय कार्यालय में बुधवार को जिला क्रिकेट संघ ने निवर्तमान उपायुक्त हेमंत सती के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया। इस दौरान जिला क्रिकेट संघ की ओर से निवर्तमान उपायुक्त हेमंत सती को मोमेंटो देकर भावभीनी विदाई दी गई। इसके पूर्व युवा क्रिकेट खिलाड़ियों ने निवर्तमान डीसी का गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया। जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने कहा कि निवर्तमान उपायुक्त हेमंत सती ने ज़िले में खेल और खिलाड़ियों को हमेशा प्रोत्साहित करने के लिए याद किये जाएंगे। उपायुक्त ने क्रिकेट, एथलेटिक्स, कुश्ती, बैडमिंटन सहित सभी खेलों के लिए खिलाड़ियों को मैदान व संसाधन उपलब्ध कराया। खुद क्रिकेट, बैडमिंटन व अन्य खेल खेलकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट (पीबीसीओ), मल्टी पर्पज स्टॉलों (एमपीएस), ब्रांडेड आईसक्रीम पार्लर (एसटीजीईएन) तथा वाटर वेंडिंग मशीनों (डब्ल्यूवीएम) के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के तहत आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए निम्नानुसार खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है : **(क) नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-पीबीसीओ-26-4, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, कार्य का विवरण, ई-नीलामी की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: (एए/1), एमएसएस-एएसएन-पीएएन-पीएस-152-26-1, पानागढ़ (श्रेणी "बी") रेलवे स्टेशन में सर्कुलेटिंग एरिया के दक्षिण की ओर स्थित 400 वर्ग फीट परिमाप के निर्धारित क्षेत्र (जैसा कि योजना के नक्शे में उल्लेख किया गया है) के भीतर प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट का 5 वर्षों के लिए संचालन एवं रखरखाव, 06.05.2026 को 12.00 बजे। (एए/2), एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-पीएस-154-26-1, जसीडीह (श्रेणी "ए") रेलवे स्टेशन में एमएफसी बिल्डिंग के सामने पुराने सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 600 वर्ग फीट परिमाप के निर्धारित क्षेत्र (जैसा कि योजना के नक्शे में उल्लेख किया गया है) के भीतर प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट का 5 वर्षों के लिए प्रावाधन, 06.05.2026 को 12.00 बजे। (एए/3), एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-पीएस-151-26-1, दुर्गापुर (श्रेणी "ए") रेलवे स्टेशन में मुख्य स्टेशन बिल्डिंग के पास वर्तमान पीआरएस बिल्डिंग में स्थित 500 वर्ग फीट परिमाप के निर्धारित क्षेत्र (जैसा कि योजना के नक्शे में उल्लेख किया गया है) के भीतर प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट का 5 वर्षों के लिए संचालन एवं रखरखाव, 06.05.2026 को 12.00 बजे। **(2) नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-एमपीएस-26-4, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, कार्य का विवरण, ई-नीलामी की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: (एए/1), एमपीएस-एएसएन-आरएनजी-एमपीएस-24-25-1, रानीगंज रेलवे स्टेशन में निकासी द्वार के साथ संलग्न उत्तर की ओर सर्कुलेटिंग एरिया के पास 5 वर्षों की अवधि के लिए मल्टीपर्पज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट) का आवंटन, 06.05.2026 को 14.00 बजे। (एए/2), एमपीएस-एएसएन-जेएसएमई-एमपीएस-26-25-1, जसीडीह रेलवे स्टेशन में पीएफ सं. 4 पर एमईएमयू कार्यालय/वॉल्व मैन रूम के पास 5 वर्षों की अवधि के लिए मल्टीपर्पज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट) का आवंटन, अनारक्षित वर्ग हेतु चिन्हित (सभी के लिए खुला), 06.05.2026 को 14.00 बजे। **(3) नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-एमएसएस-एसटीजीईएन-7, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, कार्य का विवरण, ई-नीलामी की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: (एए/1), एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-147-26-1, जसीडीह स्टेशन के नए सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 60 वर्ग फीट परिमाप के निर्धारित क्षेत्र (जैसा कि योजना के नक्शे में उल्लेख किया गया है) के भीतर ब्रांडेड आईसक्रीम पार्लर का 5 वर्षों के लिए संचालन एवं रखरखाव, 07.05.2026 को 12.00 बजे। (एए/2), एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसटीजीईएन-141-26-1, दुर्गापुर स्टेशन में हेरीटेज रेल इंजन के पास दक्षिण की ओर सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 60 वर्ग फीट परिमाप के निर्धारित क्षेत्र (जैसा कि योजना के नक्शे में उल्लेख किया गया है) के भीतर ब्रांडेड आईसक्रीम पार्लर का संचालन एवं रखरखाव, 07.05.2026 को 12.00 बजे। **(4) नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-डब्ल्यूवीएम-26-2, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, विवरण, ई-नीलामी बंद होने की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: (एए/1), एमएसएस-एएसएन-यूडीएल-डब्ल्यूवीएम-25-25-1, अंडाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1-2 पर ओएचई मैस्ट सं. 186/36 एवं 187/1 के बीच एकल आधार पर 5 वर्षों की अवधि के लिए वाटर वेंडिंग मशीन की स्थापना एवं संचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना, 09.05.2026 को 12.00 बजे।

(ASN-36/2026-27) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# रविन्द्र भवन टाउन हॉल में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक का विदाई सह स्वागत समारोह आयोजित





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पाकुड़ ,:** पाकुड़ के रविन्द्र भवन टाउन हॉल में उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के सम्मान में विदाई सह स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक, न्यायिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति रही, जहां दोनों पदाधिकारियों के कार्यकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने संबोधन में कहा कि दोनों पदाधिकारियों के कार्यकाल में जिले की विधि-व्यवस्था मजबूत रही और अपराध नियंत्रण में प्रभावी सफलता मिली। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए जिले में शांति और भयमुक्त वातावरण बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। फैमिली जज ने कहा कि न्यायिक सेवा के दौरान यह पहला अवसर है जब वे किसी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के विदाई समारोह में शामिल हुए हैं। उन्होंने दोनों के व्यक्तित्व, कार्यशैली और संवेदनशील नेतृत्व की सराहना करते हुए इसे विशेष अनुभव बताया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि कम समय में ही प्रशासन, पुलिस और न्यायिक तंत्र के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला, जो लंबे सेवा अनुभव में दुर्लभ है। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों के कार्य और मानवीय मूल्यों की प्रशंसा की। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि पाकुड़ उनके लिए यादगार रहा। उन्होंने पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि एक सशक्त और तकनीकी रूप से सक्षम टीम तैयार की गई है, जो आगे भी बेहतर कार्य करती रहेगी। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि स्थानांतरण सेवा का हिस्सा है, लेकिन पाकुड़ से जुड़ाव हमेशा विशेष रहेगा। उन्होंने जिले की उपलब्धियों का श्रेय पूरी टीम को देते हुए कहा कि आपसी समन्वय, सम्मान और समर्पण से सभी कार्य सफल हुए। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिस बल, चौकीदार और होमगार्ड के योगदान की सराहना करते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही विधानसभा आम चुनाव, नगरपालिका चुनाव, रामनवमी, मुहर्रम, ईद, दुर्गापूजा, क्रिसमस और सोहराय जैसे अवसरों पर टीम की तत्परता की प्रशंसा की और आगे भी इसी तरह सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दोनों पदाधिकारियों को भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महिला आरक्षण को लेकर सियासी सरगर्मी तेज, पाकुड़ में रणधीर सिंह ने साधा निशाना



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पाकुड़ :** महिला आरक्षण को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी कड़ी में पूर्व मंत्री रणधीर सिंह पाकुड़ पहुंचे, जहां उन्होंने प्रेस वार्ता कर महिला आरक्षण के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल महिला आरक्षण के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि महिलाओं को आरक्षण मिले और आने वाले 2029 के चुनाव में अधिक से अधिक महिलाएं नेतृत्व की भूमिका में सामने आएं। उन्होंने यह भी कहा कि जब 2023 में महिला आरक्षण का समर्थन किया गया था, तो अब समर्थन करने में क्या परेशानी है। उन्होंने जानकारी दी कि महिला आरक्षण के समर्थन में 25 अप्रैल को रांची में सभी जिलों की महिलाएं आंदोलन करेंगी। उन्होंने इंडिया गठबंधन को महिला विरोधी बताते हुए इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख सामने रखने की चुनौती दी।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, पाकुड़ के अर्जुन गोस्वामी करेंगे 69वीं राष्ट्रीय स्कूली अंडर-17 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड टीम की कप्तानी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पाकुड़ :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के नेतृत्व में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत अंडर-17 बालक वर्ग की 16 सदस्यीय झारखंड स्कूली क्रिकेट टीम गुरुवार को जादचर्ला, तेलंगाना के लिए रवाना हो गई। यह टीम 26 अप्रैल से 1 मई 2026 तक आयोजित होने वाली 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम प्रतियोगिता में कोच पंकज कुमार तथा प्रबंधक दीपक कुमार मेहता के नेतृत्व में भाग लेगी। जानकारी के अनुसार टीम का चयन 'खेलो झारखंड' के तहत आयोजित राज्य स्तरीय खुली चयन प्रक्रिया के आधार पर किया गया है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा चयनित सभी खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, टी-शर्ट तथा खेल किट उपलब्ध कराते हुए रांची से तेलंगाना के लिए रवाना किया गया। इस प्रतियोगिता में पाकुड़ जिले के लिए गर्व का विषय यह है कि मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, पाकुड़ के कक्षा 11वीं के छात्र अर्जुन गोस्वामी को टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अर्जुन के नेतृत्व में झारखंड की टीम राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन करेगी। अर्जुन गोस्वामी के कप्तान बनाए जाने पर जिले में खुशी का माहौल है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार सिंह, एडीपीओ पीयूष कुमार तथा प्रभाग प्रभारी राजेश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अर्जुन और पूरी टीम को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। वहीं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग, समन्वयक चंद्रदेव सिंह तथा राज्य खेल कोषांग के सभी सदस्यों ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया है।

## बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पाकुड़ :** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, अद्भुत साहस के प्रतीक और 1857 की क्रांति के अमर सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती गुरुवार को पाकुड़ जिले में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला इकाई एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता स्थानीय प्रतिमा स्थल पर एकत्र हुए और संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह का जीवन भारतीय शौर्य परंपरा का प्रेरणादायक अध्याय है, जो हमें विपरीत परिस्थितियों में झुकना नहीं बल्कि संघर्ष करना सिखाता है। 80 वर्ष की उम्र में भी उनका साहस और बलिदान राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री बम भोला उपाध्याय ने कहा कि उनका जीवन केवल इतिहास तक सीमित नहीं, बल्कि आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं होती, बल्कि हृदय में देश के प्रति अटूट समर्पण आवश्यक होता है। युवाओं से आह्वान किया गया कि वे उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर दोनों संगठनों के सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में "बाबू वीर कुंवर सिंह अमर रहें" और "भारत माता की जय" के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा।

## महागामा में "स्कूल रूआर" कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**महागामा :** बच्चों को विद्यालय से जोड़ने तथा ड्रॉप आउट बच्चों को पुनः स्कूल लाने के उद्देश्य से प्रखंड परिसर स्थित सभागार में गुरुवार को 'स्कूल रूआर' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अली उमर खान, प्रखंड साधन सेवी शमीम इकबाल, शिक्षक राधाकांत साह एवं आनंद रजक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन रीतेश रंजन ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अली उमर खान ने कहा कि स्कूल रूआर अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विद्यालय के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग लेने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा, जिसके तहत विद्यालय से दूर हुए बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः नामांकित किया जाएगा। इस दौरान शिक्षकों ने नामांकन, गूगल लिंक एवं ड्रॉप बॉक्स में आ रही तकनीकी समस्याओं की जानकारी दी। जिस पर डाटा एंट्री ऑपरेटर देव चौधरी, अकाउंटेंट प्रमोद कुमार मंडल तथा रिसोर्स शिक्षक ईश्वर ने विस्तार से समाधान बताया।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ऋचा ने छात्राओं के लिए एचपीवी टीका के महत्व एवं इसके लाभों की जानकारी दी। मौके पर संकुल साधन सेवी सुलेमान जहांगीर आजाद, पंचायत प्रतिनिधि एवं शिक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## बसंतराय की बेटी रिहाना ने 94% अंक लाकर प्रखंड का बढ़ाया गौरव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बसंतराय :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत साँचपुर सांखी की प्रतिभाशाली छात्रा रिहाना खातून ने माध्यमिक परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे प्रखंड और पंचायत का नाम रोशन किया है। रिहाना, मो. इरफान की पुत्री हैं और उनकी इस शानदार सफलता से इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है। रिहाना प्लस टू स्कूल, बसंतराय की छात्रा हैं और उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं लगन से यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी पढ़ाई में इकरा कोचिंग सेंटर, गदाल बाग बसंतराय का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जहां वे नियमित रूप से अध्ययनरत थीं। इकरा कोचिंग सेंटर के संचालक आमिल आजम ने रिहाना की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि "रिहाना शुरू से ही मेधावी और मेहनती छात्रा रही है। उसने हर विषय में गहरी समझ के साथ पढ़ाई की है। यह उसकी लगन और निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि उसने 94 प्रतिशत अंक हासिल किए। हमें उम्मीद है कि वह आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगी। साँचपुर सांखी पंचायत के मुखिया ने रिहाना की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि "रिहाना खातून ने पूरे पंचायत का नाम रोशन किया है। यह हमारे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनकी सफलता से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

पंचायत की ओर से उन्हें हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन दिया जाएगा।" रिहाना की इस सफलता पर स्कूल के शिक्षकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं रिहाना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और कोचिंग शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि वे आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज और देश के लिए कुछ बेहतर करना चाहती है।



## सुंदरपहाड़ी की लीली हेंब्रम ने जिला में पाया दूसरा स्थान



**गोड्डा :** कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित एवं आसरा संस्था चाईबासा द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय तसरिया गोड्डा मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमें से छोटी लिली हेंब्रम 96.60% लाकर जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार सहित जिले का नाम रोशन किया है। बचपन से ही मेघावी रही छोटी लिली हेंब्रम ने अपना पढ़ाई का जुनून जारी रखा और सुदूर भारती क्षेत्र में रहकर भी उसने जिले में तीसरा स्थान लाकर अपने सफलता के दिन बेकार दिए लीली हेंब्रम के पिता सिंगराय हेंब्रम मूल रूप से उदलबनी गांव के है जो खेती-बाड़ी का काम करते हैं। वहीं माता- सुखी मुर्मू गृहणी है।

## 97.80 % अंक लाकर जिला टॉपर बनी हनवारा की सायमा नाज़, रचा कीर्तिमान

♦ डॉक्टर बनने का है सपना




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गोड्डा :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा घोषित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 के परिणाम में जिले में छात्राओं का दबदबा इस बार भी कायम रहा। जहां पहले एवं दूसरे स्थान पर जिले की छात्राओं ने अपना परचम लहराया। इस कड़ी में जहां महागामा प्रखंड क्षेत्र के हनवारा की छात्रा सायमा नाज़ ने जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं सुंदर पहाड़ी प्रखंड के एकलव्य आवासीय विद्यालय की छात्रा छोटी लीली हेंब्रम में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। हनवारा की सायमा नाज शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वह न सिर्फ स्कूल टॉपर, बल्कि जिला टॉपर भी बनी है सायमा नाज़, हाई स्कूल हनवारा की छात्रा हैं। उनके पिता एमडी अफरोज आलम और माता वसीमा खातून हैं। परीक्षा में उन्होंने सभी विषयों में बेहतरीन अंक प्राप्त किए हैं। उर्दू में 96, अंग्रेजी में 97, गणित में 98, विज्ञान में 99, कृषि में 99 तथा सामाजिक विज्ञान में 89 अंक प्राप्त कर कुल 489 अंक हासिल किए। सायमा की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने भी बेटी की उपलब्धि पर गर्व जताया और कहा कि उसकी मेहनत का यह फल है ग्रामीण क्षेत्र से आने के बावजूद सायमा ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

**डॉक्टर बनने का है सपना :** जिला टॉपर हुई हनवारा की सायना नाज ने अपनी सफलता को लेकर माता-पिता एवं शिक्षकों आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि सभी के उत्साहवर्धन एवं सहयोग से ही वे आज जिला टॉपर बन सकी है। उन्होंने कहा कि वे नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनना चाहती है। इसके लिए वे अभी से अपना तैयारी जारी रखना चाहती है।

## लाडली शिक्षा फाउंडेशन ने बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का किया वितरित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बसंतराय :** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मध्य विद्यालय, सनौर में लाड़ली शिक्षा फाउंडेशन के बैनर तले एक सराहनीय पहल देखने को मिली। फाउंडेशन के संस्थापक सह अध्यक्ष धीरज ठाकुर के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों के बीच पठन-पाठन की सामग्री एवं भीषण गर्मी को देखते हुए ओआरएस का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान धीरज ठाकुर ने बच्चों से सीधे संवाद करते हुए उनके बीच जाकर काफी समय बिताया। उन्होंने कहा कि अपने ही गांव के स्कूल में दोबारा आने का अवसर मिलना उनके लिए बेहद भावुक और खुशी का क्षण है। बच्चों से मुलाकात कर उन्होंने अपने बचपन की यादों को ताजा किया। उन्होंने बताया कि लगातार बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा जरूरी है। इसी उद्देश्य से ओआरएस का वितरण किया गया, ताकि बच्चे डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से बचे रह सकें। इसके अलावा, विद्यालय के उन मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप अध्ययन सामग्री प्रदान की गई। धीरज ठाकुर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी पढ़ाई पूरी लगन और मेहनत से करें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यदि किसी भी बच्चे को किसी प्रकार की शैक्षणिक या अन्य सहायता की आवश्यकता हो, तो वे निःसंकोच उनसे संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को अपना मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया, ताकि जरूरतमंद बच्चों तक समय पर मदद पहुंचाई जा सके। विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए उपयोगी साबित हुआ, बल्कि समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का एक सकारात्मक संदेश भी दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### चतरा पुलिस की कार्रवाईः रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चतरा।** चतराः टंडवा थाना कांड संख्या 43/26 (दिनांक 12.04.2026) में पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले आरोपी रोहित उरांव उर्फ अभिषेक (उम्र 27 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से रंगदारी मांग रहा था तथा पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस कप्तान अनिमेष नैथानी के निर्देश पर एसडीपीओ सिमरिया नागरगोजे शुभम भाऊसाहेब के नेतृत्व में छापेमारी कर उसे उस समय पकड़ा गया, जब वह रंगदारी वसूलने की कोशिश कर रहा था। बरामद सामान वनप्लस कंपनी का मोबाइल रियलमी कंपनी का मोबाइल स्विफ्ट डिजायर कार (संख्याः JH05CM-0886) अपराधिक इतिहास आरोपी के खिलाफ चतरा के विभिन्न थानों में 12 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें रंगदारी, लूट, धमकी एवं आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### सांसद के पहल पर लगा 25 केवीए ट्रांसफार्मर, तीन ट्रांसफार्मरों की मरम्मत

**टंडवा (चतरा)।** पिछले लगभग दस दिनों से बिजली संकट से जूझ रहे प्रखंड क्षेत्र के किसुनपुर में गुरवार को एक 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जबकि रिप्लेस हेतु 25 केवीए का दो एवं एक 63 केवीए का जला हुआ ट्रांसफार्मर बिजली कर्मी अपने साथ ले गये जिन्हें कुछ दिनों में मरम्मत होने के बाद लगाने की बातें कही गई। विदित हो कि 13 अप्रैल को अज्ञात वाहन के चपेट में लिये जाने से सड़क किनारे लगे कई पोल क्षतिग्रस्त एवं दो ट्रांसफार्मरों में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी। भीषण गर्मी में पेयजलापूर्ति समेत अन्य समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों की सुध सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय द्वारा ली गई। बताया गया कि सांसद कालीचरण सिंह द्वारा तत्काल बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सहायक विद्युत अभियंता सत्यदेव कुमार को उन्होंने समुचित निर्देश दिये। ग्रामीण जितेन्द्र महतो ने सांसद व उनके प्रखंड प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय एवं विद्युत कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बिजली मिस्त्री अजय कुमार समेत महेंद्र महतो, महावीर महतो, शिवदयाल साहु, प्रदीप प्रजापति, प्रभु महतो आनंद पांडेय समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

लावालौंग की बेटी दसवीं कक्षा की जिला टॉपर

### पिता मॉडल स्कूल लावालौंग के नाइट गार्ड,और सब्जी विक्रेता



**चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के हेडुम पंचायत अंतर्गत पोटम गांव स्थित काशी महुआ टोला की छात्रा निशा कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है।निशा कुमारी के पिता का नाम प्रमोद साहू है और वह प्रखंड मुख्यालय स्थित मॉडल स्कूल में नाइट गार्ड का काम करते हैं साथ में उनका सब्जियों का व्यापार भी है।उनकी इस ऐतिहासिक सफलता से पूरे गांव, पंचायत और प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिवारजनों, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर छात्रा को बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निशा की इस सफलता ने क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि निशा शुरू से ही मेधावी और अनुशासित छात्रा रही है।नियमित अध्ययन,आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने कहा कि निशा कुमारी ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

### बारिसखी में पे जल संकट : निवासियों में त्राहिमाम



**चतरा।** गिद्धौर प्रखंड के बारिसखी पंचायत वार्ड नंबर आठ में सेवा यादव के घर पास लगा 15 में वित्त आयोग द्वारा जालमीनार खुद प्यासा बन गया है जो कई दिनों से खराब हो गया है जिससे पानी की घर घर समस्या उत्पन्न हो गया है पंचायत के मुखिया प्रखंड के पदाधिकारी इस पर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिए है जिससे ग्रामीणों में पानी पीने की समस्या उत्पन्न हो गई है लोग पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं।इस जल मीनार से करीब 25 से 30 घरों तक पानी पहुंचता था जो अब नहीं पहुंच रहा है ग्रामीणों ने खबर के माध्यम से प्रखंड प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### इमली की डाली काटने चढ़ा युवक कटर मशीन की चपेट में आया, इलाज के दौरान मौत

**कुडू/लोहरदगाः** जिला के कुडू थाना क्षेत्र के चिरी बरवा टोली में गुरुवार को एक हृदयविदारक हादसा हुआ। यहाँ इमली के पेड़ की टहनी काटने के दौरान कटर मशीन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान चिरी नवाटोली निवासी संदीप उरांव, पिता शिरू उरांव के रूप में हुई है। ग्रामीणों और सूत्र के अनुसार, संदीप पहली बार इमली की टहनी काटने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। टहनी काटते समय अचानक संतुलन बिगड़ गया और हाथ से छूटकर चालू कटर मशीन सीधे उसके पैरों पर जा गिरी। मशीन चालू होने के कारण संदीप के दोनों पैरों की नसें बुरी तरह कट गईं, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए संदीप को गंभीर हालत में सदर अस्पताल लोहरदगा पहुँचाया। डॉक्टरों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन शरीर से अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसने दम तोड़ दिया। संदीप की मौत के बाद तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। वह अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। इस घटना के बाद से चिरी बरवा टोली में मातम पसरा हुआ है।

### किस्को प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग, विशेष बैठक बुलाने की अपील

**किस्को/लोहरदगाः** जिले के किस्को प्रखंड की पंचायत समिति के सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की दिशा में पहल करते हुए विशेष बैठक बुलाने की मांग की है। इस संबंध में सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र बैठक आयोजित कराने की अपील की है। सदस्यों का कहना है कि पंचायत समिति की नियमित बैठक नहीं होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सदस्यों ने आरोप लगाया है कि प्रमुख द्वारा समय पर पंचायत समिति की बैठक नहीं बुलाई जा रही है, जिसके कारण 15वें वित्त आयोग की राशि का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। साथ ही योजनाओं के चयन एवं भुगतान में हस्ताक्षर नहीं किए जाने से कई विकास योजनाएं लंबित पड़ी हुई हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी राशि के उपयोग में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और सदस्यों की अनदेखी की जा रही है। पंचायत समिति सदस्यों ने मनमाने तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए पंचायत राज अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत वर्तमान प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के लिए जल्द से जल्द पंचायत समिति की विशेष बैठक बुलाई जाए, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके और विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके।

# बेलगाम हाईवा का कहरः 30 घंटे से शव के साथ धरने पर बैठे ग्रामीण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- मुआवजा व सुरक्षा की मांग पर उग्र आंदोलन
- कारो कॉलेज के पास हादसे के बाद सड़क जाम, प्रशासन और ट्रांसपोर्टर गायब , बढ़ता आक्रोश





**चतरा ।** टंडवा–पिपरवार मुख्य मार्ग पर पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत कारो कॉलेज, कारो गांव के समीप बुधवार दोपहर कोयला ढुलाई में लगे बेलगाम हाईवा की चपेट में आने से चिरैयाटांड़ टांड़ निवासी उरेश लोहार उर्फ सुरेश लोहरा (पिता–रामधन लोहार) की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से ग्रामीणों का गुस्सा लगातार भड़कता जा रहा है। हादसे के लगभग 30 घंटे बीत जाने के बावजूद आक्रोशित ग्रामीण घटनास्थल पर टेंट लगाकर धरने पर डटे हुए हैं। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव भी धरना स्थल पर रखकर आंदोलन को और तेज कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि अब तक न तो कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचा है और न ही कोयला ट्रांसपोर्ट से जुड़े जिम्मेदार लोग वार्ता के लिए आए हैं।धरना पर बैठे लोगों की मुख्य मांगें स्पष्ट है—मृतक के परिजनों को 20 लाख मुआवजा,वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था,मुख्य मार्ग पर नो-एंट्री लागू करना, ओवरलोडिंग पर तत्काल रोक। इसी बीच चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह के सांसद प्रतिनिधि दिलीप कुमार अम्बष्ट भी धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ लगभग एक घंटा धरने पर बैठे। इस दौरान उन्होंने आंदोलनकारियों की समस्याएं सुनीं और प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया।ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर कोयला ढुलाई करने वाले भारी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है और उन पर कोई नियंत्रण नहीं है। नतीजा यह है कि आए दिन हादसे हो रहे हैं और निर्दोष लोगों की जान जा रही है।धरना स्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। 30 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्रशासन की चुप्पी और जनप्रतिनिधियों की सीमित मौजूदगी ने लोगों के गुस्से को और भड़का दिया है।इस बीच सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। शादी-विवाह के सीजन के कारण छोटी-बड़ी गाड़ियों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तपती गर्मी में लोग लंबा रास्ता बदलकर अपने गंतव्य तक पहुंचने को मजबूर हैं।सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि अगर इस भीषण गर्मी में धरना पर बैठे लोगों के साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?फिलहाल प्रशासन की चुप्पी इस पूरे मामले को और गंभीर बना रही है।

## स्कूल की लैब से लाखों के उपकरण पारः सेन्हा के नंदलाल +2 उच्च विद्यालय में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

- प्राथमिकी दर्ज, जल्द गिरफ्तारी का दावा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सेन्हा/लोहरदगाः** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय कृत नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय, अरु में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए विद्यालय की प्रयोगशाला (लैब) को अपना निशाना बनाया। चोरों ने लैब का दरवाजा तोड़कर वहां रखे करीब एक लाख रुपये मूल्य के कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी कर ली। घटना का पता बुधवार सुबह तब चला जब विद्यालय खुला। सुबह लगभग 9:30 बजे प्रार्थना सभा के बाद जब सभी छात्र-छात्राएं अपनी कक्षाओं में चले गए, तब प्रयोगशाला के शिक्षक विक्रम कुमार महतो लैब की ओर पहुंचे। वहां उन्होंने कमरे की कुंडी टूटी हुई और दरवाजा खुला देखा। अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए; सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना प्रभारी प्रधानाध्यापक नैन्सी सीमा लकड़ा को दी। प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षकों ने जब प्रयोगशाला का निरीक्षण किया, तो पाया कि गोदरेज की अलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने कीमती उपकरणों की चोरी की है। सामानों के मिलान के बाद गायब उपकरणों की सूची तैयार की गई, जिसमें मुख्य रूप से सोल्डिंग मशीन और एलईडी मशीन, टीडीएस मशीन, मिनी इन्वर्टर और बैटरी, ग्राइंडर और वायर कटर सहित अन्य उपकरण शामिल है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार चोरी हुए इन सभी आधुनिक उपकरणों की कुल अनुमानित लागत एक लाख रुपये के करीब है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सेन्हा थाना पुलिस को सूचित किया गया। थाना प्रभारी नीरज झा ने बताया कि विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक नैन्सी सीमा लकड़ा के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोरी की इस वारदात का खुलासा कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा और चोरी गया सामान बरामद कर लिया जाएगा।

## टाटी गांव में जलमीनार खराब, भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कुड़ू/लोहरदगाः** सरकार की नल-जल योजना के दावों की जमीनी हकीकत लोहरदगा जिले के कुड़ू प्रखंड में कुछ और ही बयां कर रही है। प्रखंड अंतर्गत ग्राम टाटी में सामुदायिक भवन के समीप स्थापित जलमीनार पिछले कई दिनों से खराब पड़ी है। इस खराबी ने न केवल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि ग्रामीणों के सामने पेयजल का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, इस जलमीनार से गांव की लगभग आधी आबादी जुड़ी हुई है। पिछले कई दिनों से तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। इस भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच पानी की सप्लाई बंद होने से ग्रामीणों को काफी दूर स्थित कुओं या अन्य जल स्त्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को चिलचिलाती धूप में पानी ढोने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नल-जल योजना के तहत बड़े-बड़े वादे किए गए थे कि हर घर तक शुद्ध जल पहुंचेगा, लेकिन रख-रखाव के अभाव में यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि बार-बार जानकारी देने के बावजूद विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गांव के आधे लोग इसी जलमीनार के भरोसे हैं। गर्मी में पानी के बिना रहना मुश्किल हो रहा है। हम मांग करते हैं कि विभाग जल्द से जल्द इसे दुरुस्त करे ताकि हमें राहत मिल सके। टाटी गांव के निवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से अविलंब जलमीनार की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या का समाधान कब तक निकाल पाता है।

### 25 अप्रैल को प्रदेश भाजपा के आक्रोश पदयात्रा रांची में सैकड़ो के संख्या में भाग लेंगे कैरो मंडल से महिला पुरुष



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कैरो/लोहरदगाः** जिला के कैरो प्रखंड भाजपा की बैठक 23 अप्रैल गुरुवार को कैरो मुख्यालय में प्रखंड भाजपा अध्यक्ष गोविंद महतो की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक मे केंद्र सरकार के द्वारा सदन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण को लेकर विगत 17 अप्रैल 2026 को 131 वा संविधान संशोधन विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों के द्वारा विरोध किया गया,बिल पारित नहीं हुई,कांग्रेस समेत सभी विपक्षी पार्टियां का महिला विरोधी नीति से लोकतंत्र शर्मशार हुआ,देश की लाखो करोड़ों महिलाओं ने आहत होकर टेलीविजन के सामने बैठक कर रोया,एक एतिहासिक अवसर जो राजनीति की भेंट चढ़ गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल का कांग्रेस समेत सभी विपक्षी पार्टियां के द्वारा बिल का विरोध कर इसे लागू नहीं होने दिया,विपक्ष विकास की रफ्तार पर लगाया है ब्रेक,विपक्ष ने लोकतंत्र के मजबूती पर प्रहार किया है। प्रदेश भाजपा के द्वारा आगामी 25 अप्रैल को रांची में आक्रोश पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित की गई है,उक्त कार्यक्रम में कैरो मंडल से सैकड़ो की संख्या में भाग लेंगे महिला पुरुष। कार्यक्रम मे भाग लेकर कांग्रेस,सपा, टी एम सी,समेत सभी विपक्षी दलों के महिला विरोधी नीतियों को उजागर की जाएगी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष बजरंग उरांव, पूर्व उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहु, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, विशेश्वर प्रसाद दीन, मोहन साहु, गोविंद महतो, मनोज साहु, लाखो उरांव, शिवचरण तूरी, राधेश्याम साहु इत्यादि कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

## मैट्रिक परीक्षा 2026 में एस.एस. हाई स्कूल किस्को का शानदार प्रदर्शन, अर्सलान अंसारी बने प्रखंड टॉपर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



नजमिन फिरदोस, सिफा नाज़ व शाहीन नाज़ ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाया विद्यालय का मान

**किस्को/लोहरदगाः** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा 2026 के परिणाम में किस्को प्रखंड के एस.एस. हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं प्रखंड का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के छात्र अर्सलान अंसारी ने 472 अंक (94.40%) प्राप्त कर न केवल स्कूल बल्कि पूरे प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल करते हुए प्रखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। अर्सलान अंसारी पिता मोतालिब अंसारी एवं माता अंजुम आरा के पुत्र हैं। उन्होंने सभी विषयों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गणित में 100 अंक प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। विद्यालय की छात्रा नजमिन फिरदोस ने 470 अंक (94.00%) प्राप्त कर प्रखंड में द्वितीय स्थान हासिल किया। नजमिन पिता अख्तर अंसारी एवं माता रबिया खातून की पुत्री हैं। उन्होंने गणित एवं विज्ञान में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया।वहीं सिफा नाज़ ने 465 अंक (93.00%) प्राप्त कर प्रखंड में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिफा, पिता कुद्दूस अंसारी एवं माता गुलनाज खातून की पुत्री हैं। इसके अलावा शाहीन नाज़ ने 464 अंक (92.80%) प्राप्त कर प्रखंड में चतुर्थ स्थान हासिल किया। शाहीन पिता अब्दुल्लाह अंसारी एवं माता शमामा खातून की पुत्री हैं।सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। अधिकांश विद्यार्थियों ने आगे चलकर डॉक्टर बनकर समाज सेवा करने की इच्छा जताई, वहीं अर्सलान अंसारी ने प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में जाने का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष यूनुस अंसारी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रखंड के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकें। विद्यालय के शिक्षकों ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस उत्कृष्ट परिणाम से पूरे किस्को प्रखंड में हर्ष का माहौल है और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# मां कौलेश्वरी पहाड़ पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




- दो रास्ता होने के बावजूद नहीं थमी भक्तों की भीड़।
- पहाड़ के तलहटी हटवारिया और लेढ़ो में दिखा सैकड़ो गाड़ियों की काफिला।
- जय माता दी के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

**चतरा ।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध तीन धर्मों का समागम स्थल मां कौलेश्वरी पहाड़ पर गुरुवार को तड़के सुबह से ही अचानक आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई। इस दौरान जय माता दी और जय मां कौलेश्वरी के जयकारों से पूरा पहाड़ क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।कौलेश्वरी की तलहटी हटवरिया और लेढ़ो में काफी संख्या में बड़ी एवं छोटी गाड़ियों का काफिला दिखा। दो रास्ता होने के बावजूद भी भक्तों की अविश्वसनीय भीड़ देखी गई। सबसे अहम बात आस्था के प्रति विश्वास में भीषण गर्मी के मौसम चिलचिलाती धूप के बावजूद पहाड़ पर चढ़ भक्तों ने माता के मंदिर में अपने दर्शन और आराधना के लिए लंबी कतारें लगाईं। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को श्रद्धालुओं की भीड़ को कतारबद्ध करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।जानकारी के अनुसार लग्न रहने के कारण परिणय सूत्र मे बंधे कई वर-वधू शादी के बाद मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर मां कौलेश्वरी का आशीर्वाद ग्रहण किया। गुरुवार अहले सुबह लगभग चार बजे से ही झारखंड, बिहार, सहित कई राज्यों से विभिन्न वाहनों से श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। यहां भक्तों ने पहाड़ के उपर संगम स्थल में स्नान कर मां कौलेश्वरी देवी की पूजा – अर्चना कर मत्था टेका। नारियल बलि देकर रक्षा सूत्र बंधवाया। श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ को देख कौलेश्वरी प्रबंधन समिति एवं पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी। श्रद्धालुओं की भीड से पहाड़ से लेकर पूरा तलहटी क्षेत्र हटवरिया एवं हंटरगंज बजार में भी जाम का असर दिखा।

ज्ञात हो कि माता के मंदिर में सालों भर भीड़ रहती हैं,परंतु नवरात्रा,रामनवमी, लग्न एवं मुंडन संस्कार में कौलेश्वरी पहाड़ पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं के भीड़ लगती है। मान्यता है कौलेश्वरी मंदिर पहाडी पर पत्थर रख देने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा करने से हर इच्छा पूरी हो जाती है। मन्नत पूरी होने के बाद पत्थर को उतार दिया जाता है। पूरे दिन माता के दर्शन व पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही। कौलेश्वरी पहाड़ पर आए सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित पूजा अर्चना करने को लेकर कुलेश्वरी प्रबंधन समिति के सदस्य तत्पर थे। प्रबंधन समिति के कोष में भी इजाफा होगा, श्रद्धालुओं की भीड़ को देख समिति के लोग गदगद दिखे। मुंडन संस्कार में माता को बकरे की बलि दी जाती है। मन्नत पूरा होने के बाद श्रद्धालु माता के दरबार में पूजा अर्चना करते हैं और बकरे की बाली दी जाती है। कौलेश्वरी पहाड़ के नीचे तलहट्टी क्षेत्र हटवारिया में श्रद्धालुओं से भरा रहा। समिति के कोष में इतनी इजाफा होने के बाद भी श्रद्धालुओं से हुई बातचीत में मंदिर एवं तलहटी में पीने की पानी की व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओ में नाराजगी दिखी।



# रोजाना पिएं एक गिलास नोनी फ्रूट जूस

यंग दिखने के लिए अब आपको रॅपन्जेल के बालों की जरूरत नहीं है। इसके बजाय, एक गिलास नोनी फ्रूट जूस आपकी मदद कर सकता है। हम जानते हैं कि यह फल आपके लिए नया है, लेकिन आयुर्वेद में भी इस अद्भुत फल का उल्लेख किया गया है। आजकल जहां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, वहां नोनी फल आपकी मदद कर सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह फल पोषक तत्वों से भरा हुआ है जो न केवल शरीर की कोशिकाओं के पुनर्जनन में मदद करता है, बल्कि विभिन्न वायरस द्वारा हुए नुकसान की मरम्मत में भी मदद करता है। नोनी फल विटामिन ए, विटामिन इ, विटामिन डी3 और आयरन जैसे एंटीऑक्सिडेंट का एक पावरहाउस है। यह सब न केवल आपके आंतरिक कल्याण के लिए, बल्कि बाहरी सुंदरता के लिए भी फायदेमंद हैं।

- नोनी फ्रूट जूस पीने से ब्लड शुगर लेवल बनाए रखने में मदद मिलती है
- नोनी फल में एंटीऑक्सिडेंट के साथ-साथ जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुण होते हैं जो इसे आपकी त्वचा के लिए बहुत अच्छा बनाते हैं। नोनी फ्रूट जूस पीने से न केवल आपके रक्त को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है, बल्कि यह आपके पेट के स्वास्थ्य को भी नियंत्रित रखता है। यह सब बेहतर कोशिका संरचना और चिरस्थायी सौंदर्य की ओर ले जाता है।
- **जोड़ों की समस्या**
  गठिया से जूझ रहे लोग दर्द का सही अर्थ जानते हैं। आखिरकार, वे दिन-ब-दिन इससे गुजरते हैं। इसके अलावा, इस रोग से संबंधित विकृतियां और भी अधिक समस्याग्रस्त हैं। लेकिन अगर आप अपने दैनिक आहार में नोनी फ्रूट जूस को शामिल करते हैं, तो आप इस समस्या से अच्छी तरह निपट सकते हैं, जैसा कि फूड्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है।
- **बालों के लिए अच्छा**
  पसीना और नमी आपके स्कैल्प में बैक्टीरिया के विकास का कारण बन सकते हैं। यह बालों के रोम को नुकसान पहुंचा सकता है, जिसकी वजह से आपको स्कैल्प में खुजली, रूसी और बालों का झड़ना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन आप नोनी फ्रूट जूस का सेवन करके, इसके जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुणों के कारण इसे कम कर सकते हैं।
- **यूरिक एसिड को कम करता है**
  उच्च यूरिक एसिड बुजुर्गों में सबसे आम समस्याओं में से एक है। यह समस्या न केवल पूरी प्रतिरक्षा प्रणाली को बाधित करती है, बल्कि यह पूरी तरह से दर्दनाक भी है। अगर आपके घर में कोई ऐसा ही है, तो बिना समय बर्बाद किए उनकी डाइट में एक गिलास नोनी जूस शामिल करें और बदलाव देखें।





# थायराइड की समस्या को जड़ से खत्म करेंगे ये उपाय

थायराइड की बीमारी पर हुए अध्ययन दर्शाते हैं कि 4 करोड़ 20 लाख लोग इस समस्या का सामना कर रहे हैं। सिर्फ यह देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनियाभर में थायराइड के करोड़ों मरीज हैं। यह एक सामान्य और गंभीर स्थिति है, जिससे सबसे ज्यादा महिलाएं प्रभावित होती हैं। महिलाओं के लिए थाइराइड का जोखिम पुरुषों की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक होता है। हर 8 में से 1 महिला थाइराइड की समस्या से ग्रसित होती है। इसका एक कारण यह है कि थायराइड बीमारी अक्सर ऑटोइम्यून प्रतिक्रियाओं से शुरू होती है। यह स्थिति महिलाओं में प्री- और पोस्ट मेनोपॉज़ दौरान अक्सर होता है। गर्भावस्था से भी यह परेशानी हो सकती है।

ऐसे में यह जरूरी होता है कि आप अपने खान-पान पर विशेष ध्यान दें। शरीर में सेलेनियम, जिंक, आयोडिन और आयरन की कमी थायराइड की परेशानी का कारण बन सकती है। इसे लेकर होम्योपैथिक डॉक्टर स्मिता बोइर पाटिल ने हाल ही में अपने इस्टांपोस्ट में थायराइड मरीजों के लिए अपनी इस मेडिकल कंडीशन को नेचुरल तरीके से रिवर्स करने के उपायों को शेयर किया है। वह बताती हैं कि अधिकांश लोगों के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार का पालन करना थायरॉइड फ़ंक्शन को बनाए रखने के लिए पर्याप्त होता है।

थायराइड को रिवर्स करने का घरेलू उपाय

## आयोडीनयुक्त आहार है जरूरी

थायराइड फंक्शन के लिए आयोडीन का पर्याप्त मात्रा में होना महत्वपूर्ण होता है। आयोडीन थायराइड हार्मोन को बनने में मदद करता है। ट्राईआयोडोथायरोनिन और थायरोक्सिन थायराइड हार्मोन हैं जिनमें आयोडीन होता है। इसलिए आयोडीन की कमी से थायराइड की समस्या होने लगती है। इसके पूर्ति के लिए आप अपने आहार में दूध, दही, पनीर,अंडे, खाए जाने वाले समुद्री शैवाल, आयोडीनयुक्त नमक, झींगा आदि का सेवन कर सकते हैं।

## जिंक की पर्याप्त मात्रा है आवश्यक

थायराइड हार्मोन के उत्पादन के लिए जिंक खनिज की भी आवश्यक होती है। थायराइड-उत्तेजक हार्मोन के संतुलन के लिए इसका पर्याप्त मात्रा में होना जरूरी होता है। इसकी पूर्ति के लिए आप कद्दू के बीज, सूरजमुखी के बीज, तिल के बीज, अंग मांस आदि को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।


## आयरन की पूर्ति करेगी समस्या का समाधान

शरीर में आयरन की कमी हिमोग्लोबिन के उत्पादन को प्रभावित करती है। जिससे शरीर में कई तरह के हर्मोन्स का स्तर कम-ज्यादा होने लगता है। आयरन की कमी थायरॉइड डिसफंक्शन से जुड़ी होती है। इसकी पूर्ति के लिए आप अपने आहार में हरी सब्जियां, लीवर, सूखे अंजीर और आलूबुखारा, खजूर जैसी आयरन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल कर सकते हैं।

## सेलेनियम से भरपूर पदार्थों का सेवन करें

सेलेनियम, थायराइड हार्मोन उत्पादन के लिए आवश्यक खनिज होता है। जो थायराइड को ऑक्सीडेटिव तनाव से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। थायराइड में सेलेनियम की उच्च मात्रा होती है, जिसकी कमी होने पर थायराइड में असंतुलन पैदा होने लगता है। इससे बचाव के लिए आप सेलेनियम युक्त आहार जैसे -ब्राजील नट्स, सूरजमुखी के बीज, काजू आदि का सेवन कर सकते हैं।

**शरीर में सेलेनियम, जिंक, आयोडिन और आयरन की कमी थायराइड की परेशानी का कारण बन सकती है। डॉ. स्मिता का मानना है कि अधिकांश लोगों के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन करने से ही थायरॉइड फ़ंक्शन को बनाए रखने के लिए काफी होता है।**





# ब्लड प्रेशर व डायबिटीज के मरीजों के लिए वरदान है कद्दू

**कद्दू एक ऐसी सब्जी के जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक हर खाने में मुंह बनाता है। मगर एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह गुणों से भरपूर होती है। इसमें कैल्शियम, आयरन, फाइबर, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट आदि गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से इम्यूनिटी स्ट्रांग होने से लेकर वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके साथ ब्लड प्रेशर व डायबिटीज के मरीजों के लिए यह वरदान स्वरूप है। चलिए जानते हैं इसे खाने के बेहतरीन गुणों के बारे में**

## डायबिटीज में फायदेमंद

एक्सपर्ट्स के अनुसार, टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के लिए कद्दू बेहद फायदेमंद मानी गई है। इसका सेवन करने से शुगर लेवल कंट्रोल रहता है। ऐसे में डायबिटीज के मरीजों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

## हाई बीपी रखे कंट्रोल

कद्दू में पोटैशियम भरपूर होता है। ऐसे में यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में कारगर माना जाता है। इसलिए ब्लड प्रेशर के मरीजों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

## इम्यूनिटी करे स्ट्रांग

कद्दू में विटामिन-ए, सी, ई आदि गुण होते हैं। इसके सेवन से तेजी से इम्यूनिटी बढ़ती है। ऐसे में शरीर को बीमारियों से लड़ने की अंदर से मजबूती मिलती है। साथ ही सर्दी, जुकाम, मौसमी व अन्य बीमारियों की चपेट में आने का खतरा कई गुणा कम रहता है।

## कब्ज से दिलाए राहत

गलत खानपान के चलते बहुत से लोगों को कब्ज की शिकायत रहती है। ऐसे में इस समस्या से राहत पाने के लिए कद्दू का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। इसके बीजों में फाइबर होने से पाचन शक्ति तेज होती है। ऐसे में कब्ज व पेट संबंधी अन्य समस्याओं से बचाव रहता है।

## आंखों के लिए फायदेमंद

इसमें बीटा कैरोटीन होता है। ऐसे में यह आंखों के लिए स्वस्थ माना जाता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी बढ़ने के साथ इससे जुड़ी समस्याएं होने से बचाव रहता है।

## हड्डियों होगी मजबूत

कद्दू में कैल्शियम उचित मात्रा में होता है। ऐसे में इसका सेवन करने हड्डियां मजबूत होती है। इसके साथ ही ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम रहता है। इसलिए बच्चे से लेकर बड़ों तक हर उम्र के लोगों को इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

## वजन घटाए

इसका सेवन करने से वजन कम करने में भी मदद मिलती है। ऐसे में मोटापे से परेशान लोगों को इसे अपनी डेली डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।



# शरीर में आयरन की मात्रा को तुरंत बढ़ाएंगे ये नट्स

**हीमोग्लोबिन शरीर के सभी अंगों को ऑक्सीजन देता है। शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए कई सारी चीजों को डाइट में शामिल किया जा सकता है। तो चलिए जानते हैं ऐसे नट्स के बारे में जो आयरन की कमी को पूरा करेंगे और आपके हीमोग्लोबिन को तुरंत बढ़ाएंगे**

शरीर को फिट रखने में भरपूर मात्रा में न्यूट्रिएंट्स खाना बेहद जरूरी है। यदि किसी भी पोषक तत्व की कमी हो जाती है, तो यह शरीर के लिए परेशानी का कारण बनने लगता है। अक्सर लोगों में हीमोग्लोबिन ऐसे में आयरन हीमोग्लोबिन बनाने के लिए महत्तवपूर्ण है। शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए कई सारी चीजों को डाइट में शामिल किया जा सकता है।

## काजू

अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है तो आप काजू खा सकते हैं। ये आपकी भूख को कम करता है साथ ही शरीर को पोषक तत्व मिलते हैं। एक मुट्ठी काजू में 189 मिली ग्राम आयरन होता है। ऐसे में जंक फूड खाने से अच्छा है कि आप स्नैक्स में एक मुट्ठी काजू का सेवन करें।

## अखरोट

अखरोट में सबसे ज्यादा पोषक तत्व होते हैं। ये आपके दिमाग को शार्प करने में मदद करता है। साथ ही कम हीमोग्लोबिन वाले लोगों को रोजाना अखरोट का सेवन करना चाहिए। एक मुट्ठी अखरोट खाने से आपको 08 मिली ग्राम प्रोटीन मिलता है।

## पिस्ता

पिस्ता स्वाद से भरपूर है और स्नैक्स के लिए सबसे अच्छा है। अगर आपको आयरन की कमी है तो एक मुट्ठी पिस्ता खाएं। एक मुट्ठी पिस्ता में 1.11 मिली ग्राम आयरन होता है।

## बादाम

भिगे बादाम खाने से शरीर को कई तरह के पोषक तत्व मिलते हैं। अगर आप एक मुट्ठी बादाम का सेवन करते हैं तो आपको 1.05 मिली ग्राम मिलता है। कई लोग बादाम का दूध और बादाम के बटर का सेवन करते हैं। ऐसे आपको रोजाना बादाम का सेवन करना चाहिए।

## मुंगफली

अगर आप मेवा नहीं खा सकते है, तो आप मुंगफली का सेवन कर सकते हैं। एक मुट्ठी मुंगफली में 1.3 मिलीग्राम मिनीरल्स होते है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़कों पर बिना रुके कटेगा वाहनों का चालान, डिजिटल निगरानी में बिहार बना देश का मॉडल

**पटना, एजेंसी।** राज्य के विभिन्न राष्ट्रीय उच्च और राजकीय पथों पर वाहनों की ओवरलोडिंग से हो रहे नुकसान को पटना हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। चीफ जस्टिस संगम कुमार साहू की खंडपीठ ने सड़क निर्माण से संबंधित विकास कुमार की जनहित याचिका पर सुनवाई की। आरा मोहनियां NH 30 को लेकर सुनवाई : मंगलवार को आरा मोहनियां राष्ट्रीय उच्च पथ 30 के पूर्णत : चालू नहीं होने पर सुनवाई हुई। राज्य के महाधिवक्ता पीके शाही ने कोर्ट को बताया कि इस पथ में दो बड़े पुल हैं, जो वाहनों की ओवरलोडिंग के कारण क्षतिग्रस्त हो गये हैं। इसकी मरम्मती की जा रही है। ओवरलोडिंग से सड़कों को काफी क्षति : इसपर एनएचएआई ने बताया कि वाहनों के ओवरलोडिंग से सड़कों को काफी क्षति होती है। इससे सड़कों को सही हालत में चालू रखना कठिन है। कोर्ट के निर्देश पर महाधिवक्ता पीके शाही के कार्यालय में 8 और 9 अप्रैल, 2026 को सभी सम्बन्धित पक्षों की बैठक हुई। इसमें वाहनों की ओवरलोडिंग की समस्या का समाधान किस तरह निकाला जाये, इसको लेकर चर्चा की गई। भारत सरकार इस तकनीक को बिहार में एक टेस्ट केस की तरह देख रही है। भारत के सड़क मंत्रालय ने इसमें पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बिहार में तीन स्थानों पर ये तंत्र प्रयोग के तौर स्थापित किया है। इसके तहत एक व्यवस्था होगी कि जब वाहन वहां से गुजरेगा,तो उसका डाटा उस मशीन में उपलब्ध होगा। जैसे वाहन वहां से जायेगा, उसकी क्षमता,उस पर लदे माल का बोझ,क्षमता से अधिक बोझ की जानकारी सामने आ जायेगी।

### एक करोड़ की चोरी, बंद घर से कीमती गहने और नगद ले उड़े चोर

**औरांगाबादपटना, एजेंसी।** औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय अंबा में एक घर से कीमती गहने और रुपये चोर ले भागे. प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख गीता सिंह के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए करीब एक करोड़ रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार, गीता सिंह के पति और पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह 13 अप्रैल को अपने बेटे से मिलने पटना गए हुए थे. घर में किसी के नहीं रहने का फायदा उठाकर चोरों ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया. हैरानी की बात यह है कि घनी आबादी वाले इलाके में स्थित घर में चोरी हुई, लेकिन आसपास के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी . बताया जा रहा है कि बीते बुधवार की रात जब दंपती पटना से वापस लौटे, तो उन्होंने घर का ताला टूटा हुआ पाया. अंदर जाने पर देखा कि सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी का ताला तोड़ दिया गया है. चोरों ने लगभग 70 से 80 लाख रुपये के आभूषण और करीब 12 लाख रुपये नकद चोरी कर लिए . इस तरह से टोटल नुकसान लगभग एक करोड़ रुपये के आसपास बताया जा रहा है. इस घटना से पीड़ित परिवार पूरी तरह से आहत है. रात में ही वीरेंद्र सिंह ने तुरंत अंबा थाना की पुलिस को फोन किया. सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राहुल राज अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके.

### प्लास्टिक थैले में सामान बेचने वालों की खैर नहीं, 3 दिनों का अल्टीमेटम

**पटना, एजेंसी।** पर्यावरण संरक्षण और शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में बगहा नगर परिषद प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है. जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ शहर में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया. इस कार्रवाई से स्थानीय दुकानदारों और व्यवसायियों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी रही. कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम ने बगहा-दो के रेलवे स्टेशन चौक, मीना बाजार, सिंह मार्केट, रेलवे स्टेशन ढाला चौक, तिवारी मार्केट और भार्गवी कॉम्प्लेक्स जैसे व्यस्त इलाकों में औचक निरीक्षण किया. जांच के दौरान टीम ने न केवल प्रतिबंधित प्लास्टिक की तलाश की, बल्कि दुकानों के ट्रेड लाइसेंसों की भी गहनता से पड़ताल की. अभियान के दौरान कई दुकानों और प्रतिष्ठानों में धड़ल्ले से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पाया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्लास्टिक बैग को मौके पर ही जब्त कर लिया. कार्यपालक पदाधिकारी ने स्पष्ट लहजे में कहा कि नियमों की अनदेखी अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जांच में यह भी सामने आया कि कई दुकानदारों के पास वैध ट्रेड लाइसेंस नहीं है. ऐसे दुकानदारों को तीन दिनों के भीतर लाइसेंस बनवाने का सख्त निर्देश दिया गया है. अधिकारियों ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा के बाद बिना लाइसेंस के संचालित होने वाली दुकानों पर तालाबंदी जैसी कड़ी कार्रवाई की जा सकती है. स्वच्छता पदाधिकारी अबू बाकी और नगर प्रबंधक चंदन कुमार ने सब्जी मंडियों और दुकानों में जाकर लोगों को जागरूक भी किया. अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा, 'प्लास्टिक न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी घातक है. लोग खरीदारी के लिए घर से कपड़े या जूट के थैले लेकर निकलें और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने में प्रशासन का सहयोग करें.'

# सम्राट के जनता दरबार में लगे जयश्री राम के नारे, भगवा पहने शख्स को देखकर मुस्कुराते रहे मुख्यमंत्री

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को तीसरी बार जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान एक शख्स भगवा पहनकर उनसे मिलने पहुंचा। सीएम के नजदीक पहचते ही शख्स ने जय श्री राम के नारे लगाए। वहां मौजूद लोग भी नारे लगाने लगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मुस्कुराते रहे। एक युवक ने मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी की तस्वीर भेंट की। एक शख्स सम्राट चौधरी की फोटो लेकर जनता दरबार में पहुंचा।

सीएम बनने के दूसरे दिन से ही सम्राट ने जनता दरबार लगाना शुरू कर दिया। इसमें वो लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और अफसरों को निर्देश दे रहे हैं। जनता दरबार के बाद सीएम अधिकारियों के साथ कई विभागों की समीक्षा बैठक भी कर सकते हैं। जिसमें विभागों के कामकाज की प्रगति, लंबित योजनाओं और भविष्य की रणनीति पर चर्चा होगी।

**वीर कुंवर सिंह को नमन किया, हाथ में तलवार ली :** जनता दरबार से पहले सीएम ने पटना में वीर कुंवर सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में वे साफा पहने और हाथ में तलवार लिए दिखाई दिए। पटना के वीर कुंवर सिंह पार्क में विजयोत्सव मनाया मनाया गया। इसमें राज्यपाल भी मौजूद रहे।

**दिल्ली से आते ही सीएम सम्राट ने नीतीश से मुलाकात की थी :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को दिल्ली से पटना आते ही सीधे नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे। दोनों




की मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई हैं। इसमें नीतीश सम्राट के कंधे पर हाथ रखे दिख रहे हैं। सीएम सिर झुकाकर उन्हें प्रणाम करते दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को दिल्ली में राधामोहन सिंह और गिरिराज सिंह से भी मुलाकात की।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दिल्ली दौरे से लौटने के बाद पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर पटना पहुंचे सीएम ने आते ही प्रशासनिक और राजनीतिक गतिविधियों को तेज कर दिया है। बुधवार को कैबिनेट की बैठक भी की थी। 22 एजेंडों पर मुहर लगी थी।

**बुजुर्ग ने सीएम से कहा- सीओ थप्पड़ मारते हैं :** जनता दरबार में जय श्री राम के नारे लगाने वाले राम गुलाम सिंह ने बताया, जमीन से जुड़े मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास के लिए सुनवाई नहीं हो रही है। सीओ थप्पड़ मारते हैं। मैंने ये सब सीएम को बताया। मुख्यमंत्री ने आवेदन लिया है। कहा कि मैं दिखवाता हूं।

**नौकरी के नाम पर ठगी गई महिला पहुंची जनता दरबार :** सीएम के जनता दरबार में अनुराधा नाम की महिला पहुंची। इनका कहना है कि रेलवे में नौकरी देने के नाम पर रविशंकर नाम के शख्स ने 20 लाख रुपए ठग लिए। आज सम्राट चौधरी से मिलकर अपनी बात रखी, जहां मुख्यमंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**सैलरी बढ़ाने की मांग लेकर पहुंचीं बरखा कुमार :** जनता दरबार में पहुंची ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ की संयुक्त सचिव बरखा कुमार ने बताया कि, 'कोई आश्वासन नहीं है। पंचायती लेवल पर जितनी भी वैकेंसी थी, सभी का वेतन बढ़ा दिया गया है। हम लोगों का 2015 से अभी तक बिल्कुल भी नहीं बढ़ाया गया है। इसे लेकर हम लोगों ने सीएम सर से रिक्वेस्ट की है कि आपके द्वारा पहले हमारी सैलरी बढ़ाने के लिए कर दिया गया था। लेकिन अभी तक वो नहीं हुआ है। हमने अपनी मांग रखी कि जो फाइल में दब गई थी, उसे प्लीज प्रोसीड कर दीजिए। इस पर सीएम सर ने आश्वासन दिया है कि हां, हम देखते हैं अपने स्तर पर।

**अटलबिहारी के समय से संगठन से जुड़ा, सेवा का मौका चाहिए :** जनता दरबार में अरवल से आए हरेंद्र प्रताप ने कहा, मैं भी संगठन से जुड़ा हूं। प्रदेश की सेवा करना चाहता हूं। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री से बात करना चाहता हूं।

### सात वोटों से जीत गईं फूलकुमारी देवी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना जिले में पैक्स चुनाव के परिणाम आ गए हैं। मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन प्रखंड के पंचायतों में शांतिपूर्ण मतदान के बाद मतगणना प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कई सीटों पर बेहद कम अंतर से हार-जीत का फैसला हुआ। धनरूआ प्रखंड के बारीबिगहा में तो महज 7 वोटों से नतीजे घोषित हुए।

फूलकुमारी देवी (पति गोवर्धन प्रसाद) को 286 वोट मिला, जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी कृष्णा को 279 वोट मिले। इस तरह दोनों उम्मीदवारों के बीच महज 7 वोटों का अंतर रहा। हालांकि दूसरे पक्ष के लोगों ने फिर से री-कांउटींग की मांग की। उसके बाद वहां असमंजस की स्थिति बन गई। हालांकि 11 बजे बजे तक फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस तरह फूलकुमारी देवी विजेता घोषित हुईं।

84 वोट से हराया: मसौढ़ी के चरमा पैक्स से राकेश कुमार निरंजन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मंजू देवी (पति मुकेश कुमार) को 84 वोट से हराया। राकेश कुमार निरंजन को 476 वोट मिले, जबकि मंजू देवी को 393 वोट मिले।

वहीं, सोनमई पंचायत में रून्ती देवी को 389 वोट मिले और निकटतम प्रतिद्वंदी कंचन कुमारी को 322 वोट मिले।

## बेतिया में आग का तांडव, दर्जनों घर धू-धूकर जले

**बेतिया, एजेंसी।** बिहार के बेतिया में नौतन प्रखंड के बरियारपुर गांव में भीषण आग लग गई। आग से दर्जनों घर जलकर राख हो गए। अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घरों में रखा कपड़ा, अनाज, गहना, पलंग, कुर्सी सहित अन्य सभी घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गये।

**दर्जनों घर धू-धू कर जले :** घटना नौतन प्रखंड के मंगलपुर कला पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 7 स्थित बरियारपुर गांव की हैं। गांव में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब अचानक एक घर में आग लगी और देखते ही देखे कई घर उस आग की चपेट में आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने का भरसक प्रयास किया।

**खुले में रहने को मजबूर हुआ पीड़ित परिवार :** हालाकि, बाद में मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अगलगी की घटना में सुबोध राम, अकलु राम सहित दर्जनों परिवारों का आशियाना उजड़ गया। जिससे पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि चूल्हे की चिंगारी या शॉर्ट सर्किट के कारण यह हादसा हुआ होगा। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य रंजन यादव मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में खिलेगा कमल, ममता की विदाई तय', एनडीए नेताओं का बड़ा दावा

**पटना , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में जारी विधानसभा चुनावों के बीच बिहार के एनडीए नेताओं ने जीत का दावा किया है. भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के बड़े नेताओं का दावा है कि दोनों राज्यों में जनता इस बार बदलाल के मूड में है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एम.के.स्टालिन की सरकार का पतन निश्चित है.

बंगाल में पहला चरण, बड़े अंतर से ममता पीछे- जदयू : जनता दल यूनाइटेड नेता राजीव रंजन प्रसाद ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु चुनाव पर कहा, 'दोनों राज्यों में एनडीए की सरकार बनने जा रही है. पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को पहले चरण में ही बहुत बड़े अंतर से पीछे रहना होगा.

'जनता टीएमसी सरकार की वापसी नहीं चाहती है और समान परिस्थिति तमिलनाडु में भी है. स्टालिन राज का खात्मा तय है. '- राजीव रंजन प्रसाद,





जदयू नेता पश्चिम बंगाल की जनता बदलाव के मूड में- ॠछ्क: बिहार सरकार में मंत्री रामकृपाल यादव ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु चुनावों पर कहा, 'दोनों राज्यों में चुनाव हो रहा है और वहां की जनता बदलाव के मूड में है. इस बार दोनों जगहों की सरकार बदलेगी और बीजेपी तथा उनके सहयोगी की सरकार बनेगी. '

ममता ने बंगाल में कुछ काम नहीं किया - संजय सरावगी : बिहार बीजेपी अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हो रहे चुनावों पर कहा, 'आज बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव हो रहे हैं. बंगाल के लोग ज्यादा से ज्यादा अपने घरों से निकलकर वोट करें और बंगाल में टीएमसी और ममता बनर्जी की जो 15 साल से सरकार है, उन्होंने बंगाल में कुछ काम नहीं किया है.

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मतदान: पश्चिम बंगाल विधानसभा के पहले चरण में 152 सीटों और तमिलनाडु विधानसभा की सभी सीटों पर गुरुवार को वोटिंग हो रही है. मतदान सुबह 7 बजे से जारी है, जो शाम 6 बजे तक चलेगा. बंगाल में विधानसभा की कुल 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले चरण में मतदान चल रहा है. ये सीटें राज्य के 16 जिलों में फैली हैं. बाकी 142 सीटों पर मतदान 29 अप्रैल को होगा. वहीं, तमिलनाडु में एक ही चरण में सभी 234 विधानसभा सीटों पर वोटिंग चल रही है. चुनाव आयोग की ओर से दोनों राज्यों में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है. सभी राज्यों की मतगणना 4 मई को होगी.

## बिहार में प्रधानाध्यापक ने की आत्महत्या, पत्नी और बेटे पर लगाया गंभीर आरोप

**गया, एजेंसी।** बिहार के बिहार के गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने परिवारिक कलह से तंग आकर अपनी जान दे दी. मृतक की पहचान बृजेश प्रथम के रूप में हुई है, जो अनुसूचित जाति-जनजाति प्राथमिक विद्यालय, गोपालपुर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे. वे शेरघाटी में किराए के मकान में रहते थे.

मौके से बरामद आत्महत्या नोट में ब्रजेश प्रथम ने परिवार में चल रहे कलह का जिक्र किया है. नोट में उन्होंने अपनी पत्नी और बेटे से परेशान होने की बात लिखी है. पुलिस के अनुसार, काफी दिनों से घरेलू तनाव के कारण वे मानसिक रूप से परेशान थे, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया. मृतक ब्रजेश प्रथम मूल रूप से रोहतास जिले के डालमिया नगर क्षेत्र के निवासी थे.



उनकी पत्नी सुषमा देवी ने बताया कि सुबह उनसे मोबाइल पर बातचीत हुई थी और किसी प्रकार का विवाद नहीं था. उन्होंने कहा कि अचानक यह घटना हो गई, जिसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है. परिवार अभी सदमे में है. परिवार का दावा- कोई विवाद नहीं था: पत्नी सुषमा देवी का कहना है कि घर में कोई बड़ा विवाद नहीं चल रहा था. वे इस घटना से स्तब्ध हैं और कारण समझ नहीं पा रही हैं. पुलिस दोनों पक्षों की बात सुनकर सही कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है. स्थानीय किराएदार महिला शिक्षिका अनिला कुमारी ने बताया कि ब्रजेश प्रथम परिवार सहित यहां सिर्फ एक महीने से रह रहे थे. उन्होंने ही सबसे पहले घटना की जानकारी पुलिस को दी. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की. पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा: शेरघाटी थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुट गई है.

## बिहार में 5 सरकारी शिक्षकों को किया गया निलंबित, जानें क्या है पूरा मामला ?

**सासाराम, एजेंसी।** बिहार के रोहतास में एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है. यह पूरा मामला राजपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामुडीह का है, जहां प्रतिबंधित मांस मिलने की खबर से हड़कंप मच गया.

**क्या है मामला?:** ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से स्कूल के कुछ शिक्षक और शिक्षिकाएं विद्यालय परिसर में ही मांस बनाकर खाते और कुछ छात्रों को भी परोसते थे. बुधवार की सुबह राजपुर प्रखंड के रामुडीह स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के कमरे से काले रंग की कुल चार प्लास्टिक की थैली में काफी मात्रा में मांस मिला, जोकि प्रतिबंधित था.

**प्रतिबंधित मांस खाने का आरोप:** देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में आग की तरफ फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्यालय परिसर में जमा हो गए. ग्रामीणों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अनवर सहित कुल पांच शिक्षकों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं. इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया और दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की मांग की. ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में कुल पांच शिक्षक दूसरे धर्म से हैं, जो धोखे से विद्यालय के बच्चों



को प्रतिबंधित मांस खिलाने की फिराक में थे.

ग्रामीणों ने लगाया गंभीर आरोप: ग्रामीणों ने ये भी बताया कि विद्यालय के आसपास का इलाका हिंदू बहुल है और विद्यालय में पढ़ने वाले ज्यादातर बच्चे भी हिंदू समुदाय से आते हैं लेकिन वर्षों पहले एक साजिश के तहत विद्यालय का नामकरण उर्दू मध्य विद्यालय कर दिया गया. ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

रोहतास की डीएम उदिता सिंह और एसपी रोशन कुमार भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. प्रशासन तुरंत कार्रवाई करते हुए दो महिला शिक्षिकाओं सहित पांच शिक्षकों को हिरासत में ले लिया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है.पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने बताया कि बरामद प्रतिबंधित मांस को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।

# नीतीश कुमार की राह पर निशांत कुमार, पिता की तरह 'यात्रा' के जरिये होंगे बिहार की राजनीति में स्थापित!

**पटना, एजेंसी।** फरवरी 2005 के बिहार विधानसभा चुनाव के बाद जब किसी की सरकार नहीं बनी, तब नीतीश कुमार ने 'न्याय यात्रा' निकाली थी. उसका असर ये हुआ कि उसी साल नवंबर में हुए चुनाव में एनडीए को बहुमत मिल गई और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बन गए. उसके बाद 20 सालों तक नीतीश कुमार को कोई सत्ता से हटा नहीं पाया. अप्रैल 2026 में अपनी मर्जी से उन्होंने राज्यसभा सांसद बनने के बाद सीएम पद से त्यागपत्र दे दिया. इस बीच उनके बेटे निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री हो गई. उनको जेडीयू का भविष्य बताया जा रहा है.

नीतीश कुमार की राह पर निशांत कुमार: राजनीतिक पारी की शुरुआत करने के बाद उनका पहला बड़ा कार्यक्रम 'बिहार दौरे' से ही शुरू हो रहा है. निशांत 3 मई से पश्चिम चंपारण से यात्रा की शुरुआत करेंगे. यात्रा के माध्यम से जेडीयू की तरफ से निशांत को एक तरह से लॉन्च करने की बड़ी तैयारी चल रही है. विपक्ष की भी उनकी यात्रा पर नजर होगी. वहीं जानकार भी अपने ढंग से निशांत की यात्रा को लेकर विश्लेषण कर रहे हैं.



चंपारण से करेंगे यात्रा की शुरुआत: मुख्यमंत्री की कुर्सी से भले ही नीतीश कुमार हट चुके हैं लेकिन जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं. न तो उनकी नई टीम में निशांत को कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है और न ही प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की टीम में जगह मिली है. इसके बावजूद निशांत को ही जेडीयू के 'खेवनहार' के तौर पर देखा जा रहा है. यही वजह है कि पार्टी के तमाम शीर्ष नेता 3 मई से उनकी प्रस्तावित 'बिहार यात्रा' को सफल बनाने में जुटे हुए हैं.

कौन-कौन होंगे साथ?: नीतीश कुमार डेढ़ दर्जन से अधिक यात्रा कर चुके हैं और हर बार चंपारण से ही यात्रा की शुरुआत करते रहे हैं. अब निशांत भी पश्चिमी चंपारण से यात्रा की शुरुआत करने जा रहे हैं. निशांत की यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, तमाम युवा विधायक और जेडीयू बिहार इकाई की टीम साथ रहेगी.

यात्रा के दौरान क्या करेंगे निशांत?: यात्रा के दौरान निशांत विधायक और जेडीयू नेताओं से संवाद करेंगे. उनसे फीडबैक लेंगे. पार्टी को मजबूत करने के लिए सुझाव भी लेंगे. जेडीयू को एकजुट बनाए रखने की कोशिश होगी. इसके साथ ही लोगों के बीच नीतीश कुमार के 20 सालों के कामों का प्रचार करेंगे और भरोसा दिलाने की कोशिश करेंगे.

क्या है यात्रा का मकसद?: असल में निशांत पहले से राजनीति में नहीं रहे हैं. सार्वजनिक जीवन में भी वह बेहद कम ही नजर आए हैं. ऐसे में पार्टी चाहती है कि वह यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच जाएं और चीजों को नजदीक से देखें. जेडीयू प्रवक्ता किशोर कुणाल कहते हैं कि जब निशांत कुमार को ही नीतीश कुमार की विरासत संभालनी है तो लोगों के बीच जाना ही चाहिए.

तेजस्वी को देंगे चुनौती?: निशांत की तुलना नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से भी हो रही है. हालांकि आरजेडी ये मानने को तैयार नहीं कि निशांत कहीं से भी तेजस्वी को चुनौती देने की स्थिति में हैं. प्रवक्ता आरजू खान कहते हैं कि तेजस्वी यादव और निशांत कुमार में जमीन और आसमान का अंतर है. तेजस्वी यादव पहले बिहार का भ्रमण कर विधायक बने, उपमुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली और अभी नेता प्रतिपक्ष के साथ-साथ आरजेडी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं, जबकि निशांत अभी-अभी राजनीति में आए हैं. राजनीतिक विशेषज्ञ सुनील पांडे का कहना है बिहार दौरा राजनीतिक और सामाजिक समझ के लिए सबसे पहली जरूरत है. नीतीश कुमार ने बिहार दौरे से ही विकास का एक विजन तैयार किया और फिर उस पर काम कर अपनी अलग पहचान बनाई. अब निशांत पिता के द्वारा बनाए गए पिच पर ही बैटिंग करना चाहते हैं, ये अच्छी शुरुआत है. इससे वह बिहार और बिहार की समस्या को समझ पाएंगे.

बिहार की राजनीति में कई नेता पुत्र सक्रिय: बिहार की राजनीति में लालू यादव के बेटे तेजस्वी और तेज प्रताप यादव लंबे समय से सक्रिय हैं. रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान भी एक्टिव हैं. जीतननाम मांझी के बेटे संतोष सुमन भी एक्टिव हैं. जगन्नाथ मिश्रा के बेटे नीतीश मिश्रा भी एक्टिव हैं. इसके अलावे कई नेताओं के पुत्र भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं और अब परिवारवाद से दूर रहने वाले नीतीश कुमार के बेटे भी राजनीति में धूम मचाने वाले हैं. सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बनी सरकार में फिलहाल उन्होंने कोई पद नहीं लिया है और जो जानकारी मिल रही है निशांत अभी मंत्री नहीं बनेंगे.

# विचार-मंथन

*भौगोलिक संरचना से भारतीय राज्य, समाज और लोकतंत्र अप्रभावित है। राष्ट्र एक जीवंत सांस्कृतिक इकाई है, जो मनुष्य शरीर की तरह है। यह यांत्रिक नहीं है। जिस तरह से शरीर का प्रत्येक अंग जीवन के लिए महत्वपूर्ण होता है, उसी तरह मेघालय से मध्य प्रदेश और अरुणाचल से आंध्र प्रदेश राष्ट्र, समाज और राजनीति का प्रतिस्पर्द्धी या विरोधाभासी इकाइयां नहीं हैं।*

## संपादकीय

### राख के नीचे सुलगती चिंगारी, क्या मणिपुर में शांति केवल एक दिखावा है?

राज्य में हिंसा की बढ़ती घटनाओं से स्पष्ट है कि हालात राख के नीचे छिपी चिंगारी जैसे हैं, जो मौका मिलते ही आग का रूप ले लेती है। इसलिए सरकार और सुरक्षाबलों को ईमानदार, खुले एवं निष्पक्ष जन संवाद को प्राथमिकता देनी होगी, ताकि कानून पर लोगों का भरोसा कायम रहे।मणिपुर में कुछ दिनों तक हालात थोड़े सामान्य रहने के बाद हिंसा की घटनाएं फिर से अपने पांव पसारने लगी हैं। सरकार का दावा है कि इसके पीछे असामाजिक तत्त्वों की भूमिका ज्यादा है, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि राज्य के लोगों में असंतोष की वजह से विरोध प्रदर्शनों का दौर लौटने लगा है, जो सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए निश्चित रूप से चिंताजनक है। इंफाल पश्चिम जिले में बीते शुक्रवार को हजारों लोगों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल रैली निकाली और इस दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ उनकी हिंसक झड़पें भी हुईं।स्थानीय लोग हाल में एक घर पर बम से हुए हमले में दो बच्चों की मौत की घटना का विरोध कर रहे थे। सवाल है कि क्या सुरक्षा एजेंसियां राज्य में स्थिति की संवेदनशीलता को जानते हुए भी अपना काम ठीक से नहीं कर रही हैं? अगर ऐसा नहीं है, तो फिर आम लोगों में शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश क्यों पैदा हो रहा है!गौरतलब है कि मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सात अप्रैल को एक घर पर बम से हमला किया गया था, जिसमें दो मासूम बच्चों की जान चली गई थी। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के दौरान हिंसक झड़पों में तीन लोगों की मौत हो गई थी। लोग इन बच्चों की हत्या के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी जांच-पड़ताल की प्रक्रिया को तेज करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करें।यह विचित्र है कि जब सरकार खुद इस बात को स्वीकार कर रही है कि राज्य के कई हिस्सों में हालात अब भी संवेदनशील बने हुए हैं, तो फिर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से किसी भी अप्रिय घटना के बाद संवेदनशीलता क्यों नजर नहीं आती! राज्य में हिंसा की बढ़ती घटनाओं से स्पष्ट है कि हालात राख के नीचे छिपी चिंगारी जैसे हैं, जो मौका मिलते ही आग का रूप ले लेती है।

### मन का दास मत बनो, चेतना से जियो

हम में से अधिकतर लोग अपना पूरा जीवन मन के इशारों पर जीते हैं। मन कहता है डरो, तो हम डरते हैं। मन कहता है चिंता करो, तो हम रात भर जागते हैं। मन कहता है, तुम पर्याप्त नहीं हो, तो हम खुद को कमतर मानने लगते हैं। और हम यह मान बैठते हैं कि मन ही हमारा सबसे बड़ा मार्गदर्शक है। लेकिन सच्चाई इससे बिल्कुल उलट है। मन एक अत्यंत कमज़ोर संरचना है। यह अतीत के अनुभवों से बना है, दूसरों की धारणाओं से बना है, भय और असुरक्षाओं की परतों से बना है। इसकी जड़ें बाहर की दुनिया में हैं। इसीलिए जब भी बाहर कुछ बदलता है – कोई आलोचना करता है, कोई योजना टूटती है, कोई अपेक्षा पूरी नहीं होती , तो मन तुरंत डगमगा जाता है। वह भय की कहानियां गढ़ता है। वह ऐसी चिंताएं बुनता है जिनमें से अधिकतर कभी घटित ही नहीं होतीं। वह आपको बताता है कि आगे अंधेरा है, जबकि रोशनी हमेशा भीतर होती है। और यही वह जगह है जहां चेतना का बोध सब कुछ बदल देता है। चेतना वह नहीं है जो मन सोचता है। चेतना वह है जो मन को सोचते हुए देखती है। वह साक्षी है – शांत, स्थिर, अडिग। मन की लहरें उठती हैं और शांत होती हैं, पर चेतना का आकाश कभी विचलित नहीं होता। और इस चेतना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह अलग-थलग नहीं है। वह उस परम चेतना से जुड़ी है जो इस सृष्टि का आधार है। जिसे वेदांत ब्रह्म कहता है, जिसे विज्ञान सार्वभौमिक चेतना कहने लगा है। जब आप मन से नहीं, चेतना से जीते हैं, तब एक अलग ही शक्ति जीवन में उतरती है। निर्णय सहज होते हैं। भय कम होता है। दिशा स्पष्ट होती है। ऐसा लगता है जैसे जीवन के हर मोड़ पर एक अदृश्य मार्गदर्शन मिल रहा हो। यही ब्रह्मांडीय प्रज्ञा यानी है – वह बुद्धि जो केवल किताबों से नहीं, भीतर के मौन से जन्म लेती है। पर इस अवस्था तक पहुंचने का एक ही रास्ता है साधना। रोज कुछ समय का ध्यान। कुछ क्षण की सजगता। जब आप बैठें तो केवल बैठें। जब श्वास लें तो उसे महसूस करें। जब मन भटके तो उसे देखें ङ्क उसमें बह न जाएं। यही माइंडफुल होना है।

# राजनीति में महिलाओं की राह मुश्किल, क्या आरक्षण बनेगा पितृसत्ता को तोड़ने का निर्णायक हथियार?

**(राकेश सिन्हा)**

लोकतंत्र का मूल भाव योग्यता की खोज और नेतृत्व की पात्रता का सृजन करना होता है। इसके इतर होने पर जाति धर्म, क्षेत्र, संप्रदाय, भाषा की संकीर्ण भूमिका बढ़ने लगती है। एक समय वह था और एक समय यह है। वर्षों पूर्व स्कूल की छुट्टी में जब मैं शहर से गांव गया तब एक कैलेंडर मेरे पास था। उसमें गाड़ी चलाती हुई एक महिला की तस्वीर थी। मेरे पड़ोस की एक नवविवाहिता, जो घूंघट में थी, उसे देखकर विस्मय कर रही थी। समय बीता। कुछ वर्ष पूर्व गांव में जब था, तो वही महिला स्थानीय निकाय की उम्मीदवार थी और अपने लिए घर-घर जाकर वोट मांग रही थी। उन्हें देखकर पुरानी बातें मेरे स्मृति-पटल पर उभर कर सामने आ गईं। जनतंत्र में गजब की ताकत होती है। यह चीजों को विद्युत गति से उलट-पुलट कर देने की क्षमता रखता है। इसी क्षमता के कारण यह मुरझा तो सकता है, पर कभी मरता नहीं है। यह सिर्फ चुनाव की पद्धति या प्रशासन का तरीका मात्र नहीं है, बल्कि गैरबराबरी को समाप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। यही कारण है कि स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण ने उन्हें 'मैं भी हूं' और 'मैं भी कर सकती हूं' का अहसास कराया। वोट तो पहले भी दे रही थीं, पर उनमें नेतृत्व करने का आत्मविश्वास अंकुरित नहीं हो पाया था। आरक्षण ने शिक्षित-अशिक्षित, गरीब-अमीर, सामंती सोच आदि की दीवारों को एक झटके में तोड़ दिया। आज हजारों की संख्या में महिला सरपंच हैं और अन्य स्थानीय निकायों में उनकी उपस्थिति है। महिला चेतना तब परिवार की राय के अधीन थी, अब नीतियों के निर्धारण, विकास के कार्यक्रमों और सार्वजनिक गतिविधियों में सशक्त हिस्सेदारी देखी जा रही है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिला आरक्षण का आग्रह चेतना को स्थानीयता के पिंजरे से बाहर निकालकर उसे राष्ट्रीय क्षितिज पर लाने का उपक्रम है। यों महिलाओं की भागीदारी पहले भी रही है। सुचेता कृपलानी उत्तर प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री रहीं। संविधान सभा की सभी पंद्रह महिलाएं पूर्णिमा बनर्जी से लेकर एन्नी मास्करेने तक की पृष्ठभूमि कुलीन थी। जमीनी प्रतिनिधित्व का विषय तब मस्तिष्क में भी नहीं था। इसलिए आम महिला की चेतना को इस संक्षिप्त और सांकेतिक भागीदारियों से जगाया नहीं जा सका। राजनीति में प्रवेश, पुरुषों के लिए सामान्य बात ही नहीं, उनका 'पुरुषार्थ' माना जाता है, तो महिलाओं के लिए यह जोखिम उठाने वाला हो जाता है। इसलिए भागीदारी प्राप्त करने में उन्हें अनेक बाधाओं को पार करना होता है। लोकसभा में महिला आरक्षण का प्रावधान राजनीति में व्याप्त पितृसत्तात्मक सोच और प्रभाव को सदा के लिए दफनाने वाला सुधारवादी से कहीं अधिक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। यह सिर्फ कुछ सौ महिलाओं का लोकसभा में प्रतिनिधित्व ही नहीं बढ़ाएगा, बल्कि जमीन पर हर तबके तथा हर वर्ग की महिलाओं को राजनीतिक विमर्श से जोड़ेगा। वे अब तक विमर्श की पात्र रही हैं, अब वे विमर्श में भागीदार बन रही हैं। महिला सम्मान और अस्तित्व, दोनों ही लंबे समय से विमर्श और सुधारवाद का हिस्सा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि समाज सुधार के प्रश्न पर विरोध के दो ध्रुवों के बीच भी एकता अनैतिक नहीं मानी जाती है। 1829 में सती प्रथा के उन्मूलन में राष्ट्रवादी राजा राममोहन राय और साम्राज्यवादी गवर्नर जनरल बेंटिक्ट के बीच पूर्ण सहमति थी। भारत के सुधारकों ने 1921 की जनगणना में अभिव्यक्त तल्ख सच को समाज की अपनी आलोचना से कहीं अधिक समाज के लिए चुनौती और अवसर के रूप में देखा। उसमें रहस्योद्घाटन हुआ था कि शून्य से एक वर्ष की 597, एक से दो वर्ष के बीच के 494 नवजात शिशुओं को विधवा घोषित कर दिया गया था। यह संख्या बढ़ती गई। इस जनगणना की रपट ने स्वामी श्रद्धानंद सहित अनेक राजनीतिकों को गहन समाज सुधार के लिए प्रेरित किया था। उस सच से इस सच तक पहुंचने में समाज ने अनेक प्रयासों और सुधारों का साक्षात्कार किया है। महिला आरक्षण पर उत्तर-दक्षिण विभाजन का मुद्दा बेमानी है। भौगोलिक संरचना से भारतीय राज्य, समाज और लोकतंत्र अप्रभावित है। राष्ट्र एक जीवंत सांस्कृतिक इकाई है, जो मनुष्य शरीर की तरह है। यह यांत्रिक नहीं है। जिस तरह से शरीर का प्रत्येक अंग जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण होता है, उसी तरह मेघालय से मध्य प्रदेश और अरुणाचल से आंध्र प्रदेश राष्ट्र, समाज और राजनीति का प्रतिस्पर्द्धी या विरोधाभासी इकाइयां नहीं हैं। ऐसा होना भारत में संभव नहीं है। हमारी राष्ट्रीय चेतना सांस्कृतिक कारणों से अविभाज्य है। क्षेत्रीय अस्मिता को लोकतंत्र पर आरोपित करने का प्रयास लोकशाही के मूल अर्थ को खो देने जैसा है। संसद मूलतः कानून और कार्यपालिका के लिए जिम्मेदार एक संप्रभु संरचना है। एक सांसद जितना अपने क्षेत्र का प्रतिनिधि है, उससे अधिक उसकी राष्ट्रीय पहचान होती है। लोकतंत्र का मूल भाव योग्यता की खोज और नेतृत्व की पात्रता का सृजन करना होता है। इसके इतर होने पर जाति धर्म, क्षेत्र, संप्रदाय, भाषा की संकीर्ण भूमिका बढ़ने लगती है। पर यह जनतंत्र उसे धारण करने वालों में अपूर्णता का संकेत है। जिस समाज में राजनीति और जनता के बीच में गैर चुनावी, पर राजनीतिक रूप से सक्रिय पात्रों, संगठनों और सुधारकों को अल्पता होती है, वहां प्रतिस्पर्धी राजनीति बेलगाम हो जाती है। एक समय विनोबा भावे, जयप्रकाश, सिद्धराज ढड्ढा, वीएम तारकुंडे जैसे लोग थे। वे चुनाव नहीं लड़ते थे, पर चुनावी राजनीति पर अंकुश की तरह होते थे। महिला आरक्षण उसी योग्यता के सृजन का सशक्त माध्यम है। प्रश्न क्यों जरूरी है, उसे एक प्रचलित परंपरा से समझा जा सकता है। मेघालय की खासी जनजाति में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की प्रधानता है, पर जब राजनीतिक भागीदारी का प्रश्न आता है, तब उनकी अपनी परंपरागत राजनीतिक संस्था 'दरबार' में यह पूरी तरह प्रतिबंधित है। भले ही यह लोकसभा में अंकगणित के चक्रव्यूह में फंस गया, पर इससे उपजने वाला विमर्श हमें मैत्रेयी-गार्गी तक पहुंचाने की क्षमता रखता है।

# महिला कोटे से जुड़े संविधान बिल के लुढ़कने के सियासी निहितार्थ

**(दिव्यांशी भदौरिया)**

वर्ल्ड लिवर डे पर जानें लिवर खराब होने के 7 प्रमुख लक्षण। यदि आपको लगातार थकान, त्वचा का पीलापन, या पेट में सूजन जैसे संकेत दिखें, तो यह गंभीर लिवर समस्या का संकेत हो सकता है, जिसकी तुरंत डॉक्टर से जांच करानी चाहिए। आज यानी 19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उदेश्य है लिवर से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरुकता फैलाना, शुरुआती पहचान को बढ़ावा देना और लिवर के हेल्थ के लिए प्रति लोगों को सचेत करना है। इस साल की थीम है 'सॉलिड हैबिट्स, स्ट्रांग लिवर' जिसका मतलब है कि मजबूत आदतें, स्वस्थ लिवर है। भारत में लिवर की बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। सबसे डराने वाली बात तो यह है कि लिवर की बीमारी के लक्षण तब तक सामने नहीं आते, जब तक कि स्थिति बहुत गंभीर न हो जाए। इसी वजह से लिवर की बीमारियां जल्दी पता नहीं चलती है। हालांकि, कुछ संकतों पर ध्यान देने से बीमारी का पता चल जाता है। आइए आपको इन संकेतों के बारे में बताते हैं। अगर आपको सबसे ज्यादा थकान महसूस होती है तो इसका पहला संकेत यही होता है। जब लिवर ठीक से कम नहीं करता है, तो ब्लड में टॉक्सिंस जमा होने लगते हैं। इससे दिमाग की काम करने की क्षमता और शरीर की एनर्जी प्राभिवत होती है। जब लिवर बिलीरुबिन को ठीक तरह से संभाल नहीं पाता, तो यह शरीर में इकट्ठा होने लगता है। इसके कारण त्वचा और आंखों में पीला रंग दिखाई देने लगता है, जिसे पीलिया का संकेत माना जाता है। आमतौर पर लोग इसी बदलाव को देखकर डॉक्टर से सलाह लेते हैं, लेकिन कई बार तब तक समस्या काफी गंभीर रूप ले चुकी होती है। अक्सर पाया जाता है कि लिवर खराब होने पर पाचन तंत्र पर सीधा असर दिखने लगता है। भारत की 9त्न से 32त्न आबादी फैटी लिवर से परेशान है। आज की जनरेशन में भी भूख लगने जैसे लक्षण आम होते जा रहे हैं, जो लिवर का समस्या का बड़ा संकेत है। पेट में तरल पदार्थ का जमा होना इस बात का संकेत होता है कि लिवर बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। भारत में सिरोसिस के मामलों का एक बड़ा कारण अत्यधिक शराब का सेवन माना जाता है, जिसके चलते पेट फूलने और सूजन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यदि आपके पेशाब का रंग गहरा है और मल का रंग असामान्य रुप से हल्का है, तो यह बाइल के फ्लो में समस्या का संकेत हो सकता है। कई लोग इसे सिर्फ डिहाइड्रेशन समझकर इंग्नोर कर दते हैं, जो बाद में दिक्कत दे सकता है। लिवर शरीर में खून को जमाने वाले जरूरी तत्व तैयार करता है। जब यह अंग कमजोर पड़ जाता है, तो छोटी-सी चोट लगने पर भी अधिक रक्तस्राव होने लगता है या शरीर पर आसानी से नीले निशान उभर आते हैं। कई शोधों के अनुसार, भारत में अनेक लोगों को सिरोसिस की जानकारी तब मिलती है, जब उन्हें खून बहने जैसी दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। अगर बिना किसी रैशेज या दाने के शरीर पर खुजली होना लिवर की बीमारी का एक छिपा हुआ लक्षण हो सकता है। यह त्वचा के नीचे बाइल सॉल्ट्स जमा होने के कारण होता है, जिसे लोग अक्सर सामान्य त्वचा समझते हैं। आपको बता दें कि, लिवर अचानक से फेल नहीं होता बल्कि यह धीरे-धीरे खराब होता है और अक्सर इसमें दर्द भी नहीं होता है। इसलिए समय रहते हुए लिवर की बीमारियों के लक्षणों की पहचान करना बेहद जरुरी है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6071

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6070

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी, लेकिन किसी भी निर्णय में जल्दबाजी करना नुकसान दे सकता है। जीवनसाथी की ओर से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। हालांकि पैसों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। सिर दर्द की शिकायत रह सकती है।

### वृष
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको समाजिक गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिलेगा। निवेश के मामले में सावधानी बरतें और किसी के बहकावे में न आएं। आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। हालांकि पैसों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है। व्यापार में फायदा होगा और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। हालांकि पैसों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। सिर दर्द की शिकायत रह सकती है।धैर्य बनाए रखें, नहीं तो बने हुए काम बिगड़ सकते हैं।

### सिंह
आज का दिन शांतिपूर्ण रहेगा। पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है। आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। हालांकि पैसों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। सिर दर्द की शिकायत रह सकती है।प्रेम संबंधों में मिठास बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में निर्णय लेने से पहले जीवनसाथी की सलाह लेना लाभकारी रहेगा।

### मिथुन
आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। कार्यस्थल पर विवाद से बचें। थकान महसूस हो सकती है। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

### कन्या
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। हालांकि पैसों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। सिर दर्द की शिकायत रह सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं।

### तुला
आज दिन ठीक रहेगा। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें। बच्चों का ध्यान पढ़ाई में रहेगा। परिवार में तनाव की स्थिति बन सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

### वृश्चिक
आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें।

### मकर
आज आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें। करियर में बदलाव के बारे में सोच सकते हैं। कमाकाज के चलते विदेश जाने का मौका मिल सकता है।

### कुंभ
आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नया काम शुरू करने में मित्रों का सहयोग मिलेगा। बच्चों की संगति पर ध्यान दें। खांसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें।

### धनु
आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। नौकरी में अच्छे अवसर मिल सकते हैं। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें। प्रेम संबंधों में चल रही परेशानी दूर होगी। व्यापार में ध्यान केंद्रित करना जरूरी रहेगा।

### मीन
आज का दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ पैसा वापस मिलने के संकेत हैं। कानूनी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें।

## वर्ग पहेली 6071

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | ■ | |
| 11 | 12 | | ■ | ■ | 13 | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | ■ | |
| 16 | | 17 | | ■ | 18 | 19 | ■ |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | ■ | 22 | |
| ■ | ■ | | 23 | | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. सितंबर 1927 को इस बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और प्रसिद्ध साहित्यकार ने जन्म लिया था इस साहित्यकार ने पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत की पटकथा लिखी थी (7)
7. हल्का बुखार, ज्वर अनुभूति (4)
8. वायु द्वारा उत्पन्न (3)
10. निरूत्तर, चुप, खामोश (2)
11. मानवीय, पौरूषेय, मानुषिका (3)
13. सियार, श्रृंगाल, निशामृग (3)
14. अभ्युदय काल, उन्नति के दिन , वैभव काल (2)
15. संगीत में स्वरों का राग सहित उच्चाण, संभाषण, लंबी तान (3)
16. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (4)
18. तीन, तीसरा (संस्कृत)(2)
20. क्षमताहीन, जो थक चुका हो (2)
22. द्वेष (2)
23. हथेली पर जल लेकर मंत्रपूर्वक पढ़ते हुए पीना (4)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर का यह शाहर मूलतःइंदौर का निवासी है (6)
2. डायमंड ज्वेल बीयरिंग, अनमोल रत्न (2)
3. रेडियों (वायरलेस) के आविष्कारक (4)
4. धागा, तंतु, बंदीजन, विजित दास (2)
5. जावक पत्र, इनडैंट, चालान पत्र (6)
6. कोटि, उत्पन्न, घटित, नवजात शिशु (2)
9. पाशबद्ध करना, ठिठुरना, मजबूती से पकड़ना (4)
12. वाराणसी से करीब 6 किमी उत्तरपूर्व में बौद्धों का एक तीर्थस्थल जिसे सारंगनाथ भी कहते है (4)
15. इंकम, जमा प्रविष्टि (2)
17. पूर्णिमा की रात को यह भी कहा जाता है (2)
19. भरोसा, विश्वास, ऐतबार (3)
21. अनुसंधान, इन्क्वायरी, जांचने की क्रिया या भाव (2)

### वर्ग पहेली 6070 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मृ | ता | प्री | त | म | ■ | कौ |
| स | ग | र | ■ | र | ह | मा | न |
| मा | या | ■ | स | फ | ल | ता | ■ |
| न | ■ | आ | मा | दा | ■ | ■ | वि |
| ता | न | ■ | न | र | सों | ■ | य |
| ■ | ज | न | ता | ■ | ठ | ग | ना |
| कु | रा | न | ■ | हां | ■ | ज | ■ |
| ■ | ना | द | ना | ■ | बा | रा | त |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., के.जी. आश्रम के पास, बिफोर मंदिर, गोसाईंडीह, गोविंदपुर रोड, धनबाद, झारखण्ड – 828112 में मुद्रित एवं वार्ड नं. 8, बांधपाड़ा, दुमका, झारखंड – 814101 से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com



## सूरज बड़जात्या की 'ये प्रेम मोल लिया' में हुई एक्टर स्वानंद किरकिरे की एंट्री

मशहूर गायक, गीतकार और अभिनेता स्वानंद किरकिरे इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज 'बैंडवाले' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच स्वानंद किरकिरे की सूरज बड़जात्या की आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में एंट्री हो गई है। यह एक फैमिली रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।

### सूरज बड़जात्या के साथ काम करना घर वापसी जैसा

हालांकि, अभी तक स्वानंद किरकिरे के किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि वो फिल्म में एक अहम किरदार निभा रहे हैं। सूरज बड़जात्या के साथ काम करने को लेकर स्वानंद किरकिरे ने बताया कि सूरज जी के साथ काम करना घर वापसी जैसा लगता है। उस खास तरह की कहानी कहने की शैली में जिसने हममें से कई दर्शकों को प्रभावित किया है। उनकी फिल्मों में हमेशा प्यार को न सिर्फ दो लोगों के बीच, बल्कि परिवारों के भीतर, पीढ़ियों के बीच, शांत भावों और अनकहे आपसी समझ के माध्यम से मनाया जाता है।

### अभिनेता के लिए चुनौतीपूर्ण होता है

अभिनेता ने आगे फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि जब मैंने 'ये प्रेम मोल लिया' के बारे में सुना, तो मैं इसकी भावनात्मक सादगी और ईमानदारी से बहुत प्रभावित हुआ। सूरज जी के लेखन में मुझे जो बात सबसे अच्छी लगती है, वह यह है कि खामोशी में भी गहरा अर्थ छिपा होता है। पर्दे पर रिश्तों को गढ़ने के उनके तरीके में गरिमा, संयम और गर्माहट झलकती है। एक अभिनेता के रूप में यह चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक दोनों है, क्योंकि आपको अपने अभिनय को संयमित रखते हुए भी भावनात्मक रूप से मौजूद रहना होता है।

### आयुष्मान और शरवरी को सराहा

राजश्री प्रोडक्शन का हिस्सा बनने पर स्वानंद का कहना है कि राजश्री फिल्म का हिस्सा होना अपने आप में एक अलग ही अनुभव है। यह बैनर एक खास पवित्रता और अच्छाई में विश्वास का प्रतीक है। ऐसी टीम के साथ काम करना बेहद ताजगी भरा है, जो दिखावे के बजाय भावनात्मक ईमानदारी को महत्व देती है। आयुष्मान और शरवरी के साथ स्क्रीन शेयर करना भी एक खूबसूरत अनुभव रहा है। दोनों ही अपने अभिनय में एक अलग ही अंदाज और संवेदनशीलता लाते हैं।



## रकुल प्रीत सिंह ने कॉल शीट और पेमेंट को लेकर की बात

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक की फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने साउथ सिनेमा और बॉलीवुड में तकनीकी अंतर के बारे में बताया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक पॉडकास्ट का वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने साउथ और बॉलीवुड में शूटिंग के फर्क पर खुलकर बात की। रकुल ने बताया कि मुंबई में कॉल शीट का समय आमतौर पर सुबह 6 बजे या 7 बजे से शाम 6 बजे तक होता है। उन्होंने इस फर्क को समझाते हुए कहा कि दोनों इंडस्ट्री में काम करने का अनुभव बहुत अलग-अलग रहा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि पूरी दुनिया में फिल्म बनाने की प्रक्रिया लगभग समान है, लेकिन साउथ सिनेमा और हिंदी सिनेमा के तकनीकी कामों में फर्क है। उन्होंने कहा, 'तेलुगु फिल्मों में शाम 6 बजे के बाद शूटिंग नहीं की जाती है। मुझे नहीं पता कि अब भी यह नियम है या नहीं क्योंकि पिछले दो-तीन साल से मैंने कोई तेलुगु फिल्म नहीं की है। पहले हम सिर्फ शाम 6 बजे तक ही शूटिंग करते थे। उन्होंने हिंदी सिनेमा की शूटिंग टाइम को लेकर कहा, 'जब मैं मुंबई आई, तो मुझे अचरज हुआ कि यहां रात में भी लंबी शूटिंग होती है। साउथ में अगर रात की शूटिंग होती भी है, तो वह आमतौर पर शाम 6 बजे से रात 2 बजे तक सीमित रहती है, न कि सुबह 6 बजे तक।' अभिनेत्री ने बातचीत में हिंदी सिनेमा के यूनियन नियमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'यहां कुछ यूनियनों के नियमों के मुताबिक तय समय के बाद ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं। शाम 6 बजे के बाद शूटिंग करने पर डेढ़ गुना पेमेंट करना पड़ता है। रात 9 बजे के बाद पेमेंट दोगुना ज्यादा हो जाता है और अगर रात 2 बजे के बाद भी शूटिंग जारी रखी जाए, तो तीन गुना पैसे देने पड़ते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'यही कारण है कि फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों को तीन गुना ज्यादा पैसे मिलते हैं क्योंकि यह समय लोगों के लिए सही नहीं माना जाता है। शुरुआती सालों में जब मैं दोनों जगहों पर आती-जाती थी, तो सोचती थी कि यहां इतनी देर तक शूटिंग क्यों की जा रही है। मुझे पता नहीं था कि यहां साउथ वाले नियम लागू नहीं होते। इसलिए यहां शूटिंग सुबह जल्दी शुरू कर दी जाती है।



## मैं एक साथ कई फिल्में नहीं करता

निर्देशक प्रशांत नील की जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म, जिसे अभी 'ड्रैगन' के नाम से जाना जा रहा है, अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चाओं में है। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ मलयालम स्टार टोविनो थॉमस के भी होने की चर्चाएं चल रही थीं। लेकिन अब टोविनो थॉमस ने इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। टोविनो फिल्म का हिस्सा हैं या नहीं इसको लेकर उन्होंने अब स्थिति साफ कर दी है। हैदराबाद में अपनी मलयालम फिल्म 'पल्लीचट्टाम्बी' के प्रमोशन के दौरान टोविनो थॉमस ने स्पष्ट किया कि वो प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर की फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने बताया कि शेड्यूल में टकराव के कारण उन्होंने 'ड्रैगन' छोड़ दी। एक्टर ने कहा कि डेट्स मिलना बहुत मुश्किल है, इसलिए मैं यह फिल्म नहीं कर रहा हूं। मैं एक साथ कई फिल्में नहीं करता। मलयालम में हम एक ही शेड्यूल में फिल्म पूरी कर लेते हैं। लेकिन तेलुगु में, एक प्रोजेक्ट में लगभग एक साल लग जाता है। मैं तीन महीने दे सकता हूं, पूरा साल नहीं।

### 25 जून को रिलीज होनी है फिल्म

एनटीआर-नील के नाम से मशहूर इस तेलुगु फिल्म को फिलहाल 'ड्रैगन' के नाम से पहचाना जा रहा है। यह तेलुगु सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को 25 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होना है। हालांकि, फिल्म के आगे बढ़ने और टलने की भी खबरें सामने आईं, लेकिन अभी तक मेकर्स की ओर से इसकी कोई घोषणा नहीं की गई है। फिल्म में जूनियर एनटीआर के अलावा रुक्मिणी वसंत और अनिल कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### 'वॉर 2' में नजर आए थे जूनियर एनटीआर

जूनियर एनटीआर आखिरी बार ऋतिक रोशन के साथ 'वॉर 2' में नजर आए थे। इस फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। यह यशराज के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।



## खुश हूं कि कम उम्र में शादी नहीं की




कृतिका कामरा ने करियर की शुरुआत टीवी सीरियल से की थी, वह टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक थीं लेकिन अचानक ही सबकुछ छोड़ दिया। टीवी से फिल्मों और वेब सीरीज की तरफ रुख किया। धीरे-धीरे वह यहां भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। हालिया रिलीज सीरीज 'मटका किंग' में वह विजय वर्मा के अपोजिट नजर आईं। साथ ही टीवी प्रेजेंटर गौरव कपूर से की गई उनकी सादगी भरी शादी भी खूब चर्चा में रही। कृतिका कामरा ने अपने शुरुआती करियर, पर्सनल लाइफ को लेकर लंबी बातचीत की है। कृतिका कामरा ने 37 साल की उम्र में गौरव कपूर से शादी की है। इतनी देर से शादी करने पर वह कहती हैं, 'मैं बहुत खुश हूं कि कम उम्र में शादी नहीं की। कम उम्र में हमारी सोच अलग होती है। खासकर छोटे शहरों में लड़कियों की जल्दी शादी हो जाती है। मेरी कई दोस्तों की काफी पहले शादी हो चुकी है, उनके बच्चे भी हैं। ऐसे माहौल में करियर को उतनी अहमियत नहीं दी जाती। लेकिन मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मेरे पैरेंट्स ने मुझ पर कभी किसी तरह का दबाव नहीं डाला। उन्होंने कभी यह नहीं पूछा कि शादी कब करोगी? उन्होंने हमेशा मुझे और मेरे भाई को बराबरी से पाला है।' कृतिका कामरा बताती हैं कि टीनएज में उनकी सोच भी रोमांटिक किस्म की थी। लेकिन वक्त के साथ नजरिया बदल गया। वह कहती हैं, 'टीनएज में हम जो देखते-सुनते हैं, उसी से हमारी सोच बनती है। फिल्में, गाने और आसपास का माहौल एक तरह का रोमांटिक नजरिया बना देते हैं। मैं खुद भी काफी रोमांटिक हूं। एक्टर होने के नाते ये चीजें और गहराई से महसूस करती हूं। लेकिन समय के साथ यह सोच बदलती है। आप अपनी जिंदगी के अनुभवों से सीखते हैं। अपने और दूसरों के रिश्तों को बनते-बिगड़ते देखते हैं और धीरे-धीरे चीजों को अलग नजरिए से समझने लगते हैं।



## एक्ट्रेस सोनम बाजवा की नई फिल्म पर रोक

चंडीगढ़ में एक्ट्रेस सोनम बाजवा की फिल्म 'पिट सियापा' विवाद में घिर गई है। कॉपीराइट विवाद के चलते चंडीगढ़ कोर्ट ने फिलहाल फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी है। यह फिल्म 1 मई को सिनेमा घरों में रिलीज होनी थी। जानकारी के अनुसार, राइटर राजन नंदन का दावा है कि फिल्म की कहानी उनकी लिखी हुई स्क्रिप्ट पर आधारित है। उन्होंने बताया कि इस स्क्रिप्ट को साल 2021 में रजिस्टर कराया गया था। 27 मार्च 2026 को जब फिल्म 'पिट सियापा' का प्रोमो रिलीज हुआ, तब उन्हें पता चला कि फिल्म की कहानी उनकी स्क्रिप्ट से मिलती-जुलती है। इसके बाद 1 अप्रैल 2026 को उन्होंने फिल्म से जुड़े पक्षों को लीगल नोटिस भेजा। मामला बढ़ने पर चंडीगढ़ कोर्ट में कॉपीराइट को लेकर याचिका दायर की। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। अब इस मामले में अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी, जहां कोर्ट आगे की कार्रवाई पर निर्णय लेगा।




साल 2024 में आई 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने भारतीय सिनेमा में 'इंसान और मशीन' के रिश्ते पर एक एक्सपेरिमेंट पेश किया था। करीब 133.64 करोड़ के ग्लोबल कलेक्शन के साथ फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाई। अब खबरें हैं कि इसका सीक्वल यानी 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 2' जल्द ही अपने अगले फेज में एंटर करने वाला है।

## तेरी बातों में ऐसा...2 में दिखेगा टेक्नोलॉजी और भावनाओं का संघर्ष

मैडॉक फिल्म्स ने इस फ्रेंचाइज को आगे बढ़ाने के लिए राइटिंग टीम को एक्टिव कर दिया है। स्क्रिप्ट पर तेजी से काम चल रहा है और मेकर्स अगस्त 2026 तक इसे फाइनल करने का प्लान बना रहे हैं। फिल्म 2027 की पहली छमाही में फ्लोर पर जा सकती है।

### फिल्म के दौरान क्रिएटिव चर्चा भी खूब करते थे शाहिद

शूटिंग के दौरान शाहिद सिर्फ एक एक्टर नहीं, बल्कि क्रिएटिव चर्चा का अहम हिस्सा भी थे। वे रोबोटिक्स की विश्वसनीयता पर लगातार सुझाव देते रहे। वहीं कृति के लिए 'सिफ्रा' का किरदार चुनौतीपूर्ण रहा, जहां उन्हें मशीन और इंसान के बीच संतुलन बनाना था। सीक्वल में उनके किरदार का फोकस 'मशीन इमोशंस' के डेवलपमेंट पर रहेगा।

### 2027 तीनों स्टार्स के लिए बड़ा, आएंगे कई प्रोजेक्ट

बता दें कि साल 2027 शाहिद, कृति और जाह्नवी के करियर के लिहाज से भी अहम रहने वाला है। जहां शाहिद एक्शन और थ्रिलर जॉनर में अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारी में हैं, वहीं कृति अपने प्रोडक्शन हाउस 'ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स' के तहत नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। दूसरी ओर, जाह्नवी पैन-इंडिया और साउथ प्रोजेक्ट्स के जरिए अपने करियर को नए स्तर पर ले जाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। दिनेश विजन के लिए भी यह सीक्वल एक सुरक्षित दांव होगा। ट्रेड एक्सपर्ट्स मानते हैं कि सीक्वल का मुख्य थीम 'मैन वर्सेस मशीन' का क्लैश होगा। AI और ह्यूमनॉइड रोबोट्स के बढ़ते प्रभाव के बीच फिल्म इस फिक्शन को हकीकत से जोड़ने की कोशिश करेगी। कोडिंग के जरिए रोबोट्स में जज्बात डालने की कोशिश और उससे पैदा होने वाली गड़बड़ियां कहानी में नया रोमांच जोड़ेंगी।

### जाह्नवी कपूर की एंट्री से बढ़ेगा फिल्म का स्केल



पहले पार्ट के अंत में जाह्नवी कपूर की एंट्री ने जो सस्पेंस छोड़ा था, वह सीक्वल में बड़ा मोड़ लेने वाला है।
इस बार शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ जाह्नवी एक अहम भूमिका में दिखेंगी, जिससे कहानी का स्केल दोनों बढ़ने की उम्मीद है।


## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल में जुटेंगे देशभर के विशेषज्ञ, संक्रमण पर होगा मंथन

**भोपाल।** आज के समय में संक्रमण केवल एक सामान्य बीमारी नहीं रह गया है, बल्कि यह स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती बन चुका है। अस्पतालों में होने वाले संक्रमण, एंटीबायोटिक दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग, बदलते बैक्टीरिया और नई वायरल बीमारियों ने इलाज को और जटिल बना दिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए राजधानी भोपाल एक बार फिर देश के बड़े मेडिकल आयोजनों का केंद्र बनने जा रही है। 25 और 26 अप्रैल 2026 को शहर के जहांनुमा पैलेस में भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं गैस्ट्रोकेयर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा 11वां एनुअल नेशनल कॉन्फ्रेंस बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन आयोजित किया जाएगा। इस बार सम्मेलन की थीम संक्रमण को समझना और बेहतर उपचार की दिशा तय करना रखी गई है। देशभर से आने वाले विशेषज्ञ डॉक्टर, सर्जन और चिकित्सा शोधकर्ता इसमें भाग लेंगे। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. संजय कुमार ने कहा, संक्रमण के खिलाफ लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, सही जानकारी और सही समय पर उपचार से जीती जाती है। उन्होंने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य मरीजों तक बेहतर इलाज पहुंचाने के लिए डॉक्टरों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान और तकनीकों से जोड़ना है। भारत जैसे बड़े देश में संक्रमण से जुड़ी बीमारियां आज भी लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं। पेट, लिवर, आंत, फेफड़े और शरीर के अन्य अंगों में संक्रमण कई बार गंभीर रूप ले लेता है। समय पर पहचान और सही इलाज से ऐसी जटिलताओं को रोका जा सकता है। यही कारण है कि इस वर्ष कॉन्फ्रेंस को संक्रमण विषय पर केंद्रित किया गया है। जब डॉक्टर सीखना बंद कर देता है, तब उपचार आगे बढ़ना बंद हो जाता है। इसलिए निरंतर अपडेट रहना जरूरी है।

### सिर पर चोट या हार्ट अटैक... 30 वर्षीय एक्ट्रेस दिव्यांका सिरोही की कैसे हुई मौत?

**गाजियाबाद, एजेंसी।** राजनगर एक्सटेंशन की सोसायटी में रहने वाली हरियाणवी अदाकारा




दिव्यांका सिरोही का 30 वर्ष की उम्र में मंगलवार देर रात को निधन हो गया। वह घर पर अचानक चक्कर आने के बाद गिर गईं। जिससे उन्हें चोट भी लग गई। बताया जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हुई है। हालांकि मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। बुधवार को परिवार ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया है। मूल रूप से बुलंदशहर निवासी दिव्यांका सिरोही ने मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से बीसीए की पढ़ाई की थी। सिक्किम से एमबीए की डिग्री हासिल की। वर्तमान में वह गाजियाबाद की सोसायटी में रहती थी। उन्होंने सुनंदा शर्मा के मशहूर गाने मेरी मम्मी नू पसंद नी तू पर एक वीडियो बनाया था जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस वीडियो को दो करोड़ व्यूज मिले थे। इसके बाद उन्हें हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला। दिव्यांका 50 से ज्यादा हरियाणवी गानों में काम किया। उन्होंने मासूम शर्मा के साथ कई गानों में काम किया। मंगलवार देर रात उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह चक्कर खाकर फर्श पर गिर गईं। जिसमें उनके सिर पर गहरी चोट लगी। स्वजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि दिव्यांका की मौत के बारे में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इस संबंध में कोई शिकायत भी नहीं दी गई है। दिव्यांका ने सिरसा के जेसीडी में लाइव शो में सिंगर मासूम शर्मा के साथ मंच साझा किया था। यहां उन्हें उन्हें नई पहचान मिली थी। जिसके बाद उनकी लोकप्रियता बढ़ती चली गई। अभिनय में कदम रखने से पहले वह नौकरी करती थीं। उन्होंने अभी शादी नहीं की थी। उनके निधन पर हरियाणवी कलाकारों में शोक की लहर है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने मालेगांव ब्लास्ट के अंतिम 4 आरोपियों को किया बरी? जांच एजेंसियों पर उठाए सवाल

**मुंबई, एजेंसी।** 2006 के मालेगांव बम ब्लास्ट केस में बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए अंतिम चार बचे आरोपियों के खिलाफ लगे आरोपों को रद्द कर दिया। अदालत ने महाराष्ट्र एटीएस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में पाए गए गहरे अंतर्विरोधों को आधार बनाते हुए कहा कि इन दोनों जांचों के बीच कोई तालमेल नहीं है और यह मामला अब बंद होने की कगार पर पहुंच गया है।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति श्याम सी. चांडक की पीठ ने विशेष एनआईए अदालत के 30 सितंबर, 2025 के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें आरोपियों को आरोपमुक्त करने से इनकार किया गया था। हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि विशेष अदालत के आदेश में न्यायिक बुद्धि का प्रयोग नहीं दिखता है।

अदालत के इस फैसले के बाद अब इस मामले में कोई भी आरोपी मुकदमे का सामना नहीं कर रहा है। जिन चार लोगों को डिस्चार्ज किया गया है, उनके नाम मनोहर नरवरिया, राजेंद्र चौधरी, धन सिंह और लोकेश शर्मा हैं। ये चारों 2019 से जमानत पर थे। इससे पहले 2016 में विशेष अदालत ने उन नौ मुस्लिम लोगों को भी आरोपमुक्त कर दिया था जिन्हें शुरुआत में एटीएस ने गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट ने अपनी टिप्पणी में इसे एक रहस्य बताया कि एनआईए ने 2011 में जांच हाथ में लेने के बाद कोई नया ठोस सबूत क्यों नहीं जुटाया। अदालत ने पाया कि एनआईए ने मुख्य रूप से उन गवाहों और बयानों पर



भरोसा किया जिन्हें पहले ही वापस लिया जा चुका था।

8 सितंबर, 2006 को मालेगांव की एक मस्जिद और कब्रिस्तान के पास हुए विस्फोटों में 31 लोग मारे गए थे। शुरुआत में एटीएस और सीबीआई ने नौ मुस्लिम युवकों को आरोपी बनाया था। लेकिन बाद में एनआईए ने अपनी जांच का रुख बदला और एक हिंदू दक्षिणपंथी समूह की संलिप्तता का दावा किया। एनआईए का मामला पूरी तरह से परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित था। इसमें स्वामी असीमानंद के 2010 के उस बयान का हवाला दिया गया था जिसे उन्होंने बाद में वापस ले लिया था। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जो गवाह अपने बयान से पलट जाता है, उसकी गवाही विश्वसनीय नहीं मानी जा सकती। कोर्ट ने आश्चर्य जताया कि ट्रायल कोर्ट ने एटीएस और सीबीआई द्वारा जुटाए गए फॉरेंसिक सबूतों और वॉयस सैंपल्स को कैसे नजरअंदाज कर दिया। पीठ ने कहा, 'एटीएस और एनआईए द्वारा पेश की गई दोनों कहानियों का किसी भी तरह मिलन संभव नहीं है। ये एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत हैं।' बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने फैसले में लिखा कि एटीएस द्वारा जुटाए गए सबूत रिकॉर्ड से मिटाए नहीं जा सकते। कोर्ट ने सवाल किया कि एक ही अपराध के लिए दो अलग-अलग जांच एजेंसियां अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ सबूत कैसे पेश कर सकती हैं? फैसले के अनुसार, 'आज की स्थिति में जांच दो विरोधाभासी दिशाओं में खड़ी है, जिसका कोई अंत नजर नहीं आता।' अदालत ने यह भी गौर किया कि एनआईए के पास ऐसा कोई गवाह नहीं था जिसने घटनास्थल पर इन चारों आरोपियों में से किसी की पहचान की हो। अधिकांश गवाह केवल सुनी सुनाई बातों पर आधारित थे।

### फ्लैट में पुलिस की छापामार कार्रवाई से मची भगदड़, गाजियाबाद में देह व्यापार का भंडाफोड़

**साहिबाबाद, एजेंसी।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने तुलसी निकेतन स्थित एक फ्लैट में संचालित देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने महिला संचालिका समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 21 अप्रैल की रात छापेमारी कर चार युवतियों को रेस्क्यू किया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रात मुखबिर ने तुलसी निकेतन कालोनी में प्रथम तल स्थित एक फ्लैट में देह व्यापार संचालित होने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक महिला और व्यक्ति आपत्ति जनक स्थिति में मिले। फ्लैट में चार अन्य युवतियां भी थीं। जिन्हें रुपयों का लालच देकर बुलाया गया था। पुलिस ने देह व्यापार को संचालित करने वाली एक महिला, व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर संबंधित कार्रवाई की जा रही है। युवतियों को उनके स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।



### गुरुग्राम में वाहन की टक्कर से नाले में गिरा 12वीं का छात्र, मौत

**सोहना, एजेंसी।** रायसीना गांव के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से छात्र सड़क किनारे बने नाले में जा गिरा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश जारी है। मृतक की पहचान रायसीना निवासी विनीत के रूप में हुई है। विनीत अपने परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। बताया जा रहा है कि उसने हाल ही में 12वीं कक्षा में



प्रवेश लिया था और पढ़ाई में भी अच्छा छात्र था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, विनीत मोटरसाइकिल से सोहना ढाणी की ओर कुछ सामान लेने जा रहा था। गांव से कुछ दूरी पर पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क किनारे बने नाले में जा गिरा। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विनीत को नाले से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे में उसकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# गुरुग्राम की 16 कॉलोनियों में बुलडोजर ऐक्शन, बाजार में भी तोड़फोड़ की कार्रवाई

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। भारी विरोध के बीच 16 कॉलोनियों में विभाग का बुलडोजर चला। डीटीपीई अमित मधोलिया के नेतृत्व में आठ टीमों ने यह कार्रवाई की गई। सेवानिवृत्त आईएएस, आईआरएस अधिकारियों समेत आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की तरफ से किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

डीटीपीई अमित मधोलिया ने पांचवें दिन डीएलएफ फेज-एक और फेज-दो में तोड़फोड़ की। करीब चार सौ मकानों के बाहर अतिक्रमण और अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। इन मकान मालिकों ने सीढ़ियां बनाकर, सिक्योरिटी गार्ड का रूम खड़ा करके, किचन गार्डन, ग्रिल और गमले रखकर कब्जा किया हुआ था। बुलडोजर की मदद से इन्हें तोड़ा गया।

एक हजार मकानों के बाहर से अतिक्रमण हटाया

डीएलएफ फेज-एक के अर्जुन मार्ग स्थित ई ब्लॉक में कुछ महिलाओं ने तोड़फोड़ की कार्रवाई का विरोध किया तो महिला पुलिस कर्मियों ने उन्हें खदेड़ दिया। डीएलएफ में एन ब्लॉक, गुलमोहर मार्ग, पी ब्लॉक में भी तोड़फोड़ की गई। एटीपी दिव्या दहिया ने साउथ सिटी-एक और ग्रीनवुड सिटी, एटीपी नवीन बरुआ ने पालम विहार, प्लानिंग असिस्टेंट विमल कुमार ने सुशांत लोक एक के ए-वन और डी ब्लॉक में, एटीपी कुलदीप ने मेफिल्ड गार्डन, निर्वाणा कंट्री,



साउथ सिटी-दो, उप्पल साउथ एंड और रोजवुड सिटी में बुलडोजर चलाया। एटीपी राहुल डाबरा ने सुशांत लोक-एक आदि में तोड़फोड़ की। एक हजार मकानों के बाहर से अतिक्रमण हटाया।

डीटीपीई अमित मधोलिया ने अर्जुन मार्ग स्थित डीएलएफ फेज-एक बाजार में तोड़फोड़ की। इस बाजार में अवैध रूप से चार जगह पर क्योसक लगाए हुए थे। मार्केट एसोसिएशन को चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण मिला तो एसोसिएशन पर केस दर्ज करवाया जाएगा। डीटीपीई के पहुंचने की सूचना मिलने पर मार्केट के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। उन्होंने गैलरी में रखे सामान को अंदर रखना शुरू कर दिया।

नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के डीटीपीई अमित मधोलिया ने कहा कि गुरुवार को मुख्यालय में पांच दिन तक की गई तोड़फोड़ की जानकारी दी जाएगी। इन कॉलोनियों में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। जिन मकानों की स्टिल्ट पार्किंग में अवैध निर्माण तोड़फोड़ के दौरान मिला है, उन्हें नोटिस दिए जाएंगे। पुलिस ने अपराधियों और भू-माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मानेसर के गांव कासन में बड़ी कार्रवाई की। आदतन अपराधी बलबीर उर्फ छल्ला द्वारा सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, छल्ला के खिलाफ चोरी, अवैध वसूली और आबकारी अधिनियम के तहत आठ मामले दर्ज हैं। उसने सरकारी जमीन पर दुकानें, खोखे और झुग्गियां बनाकर किराया वसूलने का अवैध कारोबार खड़ा कर रखा था। आशंका है कि इन ठिकानों का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों में भी हो रहा था।

## नोएडा में श्रमिकों से हिंसा करवाया बिगुल दस्ता ने, क्रांतिकारी कम्युनिस्ट ग्रुप का एनसीआर से बंगाल तक नेटवर्क

**नोएडा, एजेंसी।** क्रान्तिकारी कम्युनिस्ट ग्रुपों को एकजुट करने और नये सिरे से इन्क़लाबी पार्टी बनाने की कोशिशों को तेज़ करने के लिए अप्रैल 1996 में 'बिगुल' की शुरुआत हुई थी। मजदूर बिगूल दस्ता मार्क्स के वर्ग संघर्ष के सिद्धांत के पदचिन्हों पर चल रहा है। एंगेल्स-लेनिन और माओ के विचार को समाहित करते हुए सरकार की नीति और कार्य पर सवाल खड़े कर रहा है। बिगुल अपने नेटवर्क का गोरखपुर से पानीपत तक और बंगाल से एनसीआर तक स्लीपर सेल के तौर पर संचालन कर रहा है। श्रमिकों की आवाज बनने के नाम पर विश्व के श्रमिक आंदोलन, हड़ताल, युद्धों को सहयोग कर देश विरोधी गतिविधियों को करने से भी नहीं चूक रहा है। नोएडा हिंसा भड़काने में भी बिगुल के सहयोग करने के साक्ष्य मिले हैं। इससे जुड़े सत्यम वर्मा, रूपेश राय, हिमांशु ठाकुर, समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। दिसंबर 2025 में गिग वर्कर्स को सहयोग करना सामने आया है। पुलिस की जांच जारी है। बिगुल देश में चाहे हरियाणा पानीपत में 'इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन' की रिफाइनरी में प्रदर्शन हो, गोरखपुर के अंकुर उद्योग लिमिटेड परिसर में मजदूर हड़ताल हो या कोलकाता के आनन्दपुर



इलाके में वाउ मोमो और पुष्पांजलि डेकोरेटर्स के गोदामों में आग लगना हो, साथ ही विश्व के किसी कोने में कोई आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन हो। बिगुल श्रमिक को जागरूक करने के नाम पर देश विरोधी गतिविधियों को भी संचालित कर रहा था। उसका नेपाल से भी जुड़ाव है। नोएडा पुलिस की जांच में इस तरह की बात उजागर हो रही है। बिगुल और इससे जुड़े संगठन के कार्यकर्ता स्लीपर सेल की तर्ज पर काम करते हुए मजदूरों को जोड़ रहे हैं। नोएडा हिंसा में भी 800-800 लोगों के क्यूआर कोड से बनाये ग्रुप में हिंसा भड़काने के मैसेज मिले हैं।

## फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में बंदर-भालू गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार, सिर मुंडवाकर निकाला जुलूस

**बल्लभगढ़, एजेंसी।** अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम मंगलवार देर रात को हिस्ट्रीशीटर बंदर व भालू गैंग के तीन सदस्यों आर्यन, हर्ष और सेविन को गिरफ्तार कर लिया। ये तीनों 17 अप्रैल की सुबह प्रवीण लोहिया नामक युवक की दोनों टांग तोड़े जाने के मामले में शामिल थे। पुलिस तीनों का सिर मुंडवाकर अपराध शाखा प्रांगण से पैदल ही उस घटनास्थल तक लेकर गई, जहां टांगें तोड़ी गई थी। वारदात के मास्टरमाइंड बंदर व भालू अभी फरार है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह जगह छापामारी कर रही है। दरअसल, 17 अप्रैल को गिरफ्तार आरोपितों ने बंदर व भालू के कहने पर जमीन के विवाद में भीकम कॉलोनी निवासी प्रवीण लोहिया की दोनों टांग हथौड़े और डंडों से वार करके तोड़ी थी।



प्रवीण के स्वजनों का कहना है कि हमले के बाद पैर जिस स्थिति में हैं, उसे डॉक्टर ठीक नहीं कर पा रहे। यदि कामयाबी नहीं मिली तो दोनों पैर काटने पड़ सकते हैं। पुलिस ने एक्शन लेते हुए हमले में शामिल उपरोक्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मुख्य आरोपित अभी तक फरार है। पुलिस जांच में सामने आया कि जिस 200 गज जमीन को लेकर झगड़ा हुआ है वो सरकारी जमीन है। बंदर-भालू व प्रवीण दोनों उस जमीन पर अपना कब्जा चाहते हैं। अभी प्रवीण ने वहां कब्जा किया हुआ है। इसी विवाद के चलते आरोपितों ने प्रवीण पर हमला किया था।

बता दें, सेक्टर-16 में पांच महीने पहले भी बंदर-भालू गैंग के बदमाशों ने जिम से घर लौट रहे युवक राहुल पर हमला कर दिया था। हमलावरों ने युवक को हथौड़े, लाठी और डंडों से पीट-पीटकर उसके दोनों पैर तोड़ दिए थे। अजरौंदा गांव का रहने वाला राहुल रोजाना सुबह सेक्टर-16 में जिम जाता था। जिम से वह घर लौटने लगा, तभी गांव के रहने वाले शक्ति, लक्ष्य और अनीस 12-15 साथियों के साथ वहां पहुंचे और अचानक राहुल पर हमला बोल दिया था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि बंदर व भालू के कहने पर राहुल पर हमला हुआ था।

# बद्रीनाथ धाम में आस्था का माहौल, देश-विदेश से श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**चमोली , एजेंसी।** उत्तराखंड की पवित्र धरती पर इस समय माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साह से भरा हुआ है। गुरुवार को बद्रीनाथ धाम के कपाट विधिवत रूप से खोल दिए गए। इसके बाद से हजारों श्रद्धालु देश-विदेश से यहां पहुंच रहे हैं और हर तरफ आस्था, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि अब चारों धाम (यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ) के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी धामों में यात्रियों के लिए पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि किसी को किसी तरह की परेशानी न हो। सीएम ने बताया कि इस बार यात्रा शुरू होने से पहले और पिछले सालों में लगातार बर्फबारी होती रही, लेकिन इसके बावजूद सरकार और प्रशासन ने सभी इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पूरा उत्तराखंड तैयार है। चाहे सड़क हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों, रहने की व्यवस्था हो या सुरक्षा, हर जगह प्रशासन पूरी मेहनत से काम कर रहा है। आने वाले सभी भक्तों का स्वागत और अभिनंदन है और उम्मीद है कि सभी की यात्रा सुखद और सफल होगी।

सीएम धामी ने बद्रीनाथ धाम का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि यह भगवान बद्री विशाल की पवित्र नगरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 में इस धाम के विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करवाया था, जिस पर तेजी से काम चल रहा है। अब बद्रीनाथ धाम का स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है और इसे 'भव्य बद्री, दिव्य बद्री' के रूप में विकसित किया जा रहा है। हालांकि, इसके साथ ही इसकी धार्मिक




पवित्रता और मूल स्वरूप को पूरी तरह सुरक्षित रखा जा रहा है।

उन्होंने माणा गांव का भी उल्लेख किया, जिसे पहले भारत का अंतिम गांव कहा जाता था। सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री खुद यहां आ चुके हैं और इसके बाद इस गांव का तेजी से विकास हुआ है। अब इसे 'पहला गांव' के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां की मातृशक्ति ने भी कमाल का काम किया है और वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए कई महिलाएं आज 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं।

सीएम ने श्रद्धालुओं से यह भी अनुरोध किया कि वे केवल चारधाम तक ही सीमित न रहें, बल्कि आसपास के धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों का भी भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि यह पूरा क्षेत्र केवल यात्रा का स्थान नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है। यहां आकर व्यक्ति को एक अलग ही अनुभव मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमालय पूरे देश का आध्यात्मिक मंच है, जहां से निकली बातें पूरे देश और दुनिया में जाती हैं। इसलिए यहां आकर व्यक्ति को जीवन का वास्तविक अर्थ समझने का अवसर मिलता है।

इसी बीच शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने भी बद्रीनाथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि देवताओं ने एक बार फिर मनुष्यों को भगवान के मंदिर में पूजा करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि यह मनुष्य जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य है कि हमें भगवान के निजी निवास में पूजा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि आज सुबह सवा 6 बजे विधि विधान के साथ भगवान बद्रीनाथ के कपाट खोले गए। अब चारों धाम के कपाट खुल चुके हैं और श्रद्धालु दर्शन के लिए आ सकते हैं। उन्होंने देशभर के श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि यदि मन में यात्रा की इच्छा हो तो उसे दबाएं नहीं, बल्कि पूरी तैयारी के साथ आएं।

लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यह यात्रा केवल भौतिक आनंद के लिए नहीं, बल्कि आध्यात्मिक शांति और अनुभव के लिए है। यहां आकर व्यक्ति को संयम, श्रद्धा और भक्ति के साथ दर्शन करना चाहिए। उन्होंने हिमालय को पूरे देश का मंच बताते हुए कहा कि यहां से निकली हर बात दूर तक जाती है, इसलिए यहां का अनुभव बहुत गहरा होता है।

पांडु क्षेत्र की महिला मंगल दल अध्यक्ष बिना पवार ने बताया कि बद्रीनाथ धाम के कपाट छह महीने के लिए खुले हैं। हर साल की तरह इस बार भी कपाट खुलने का इंतजार बड़े उत्साह से किया गया। इसी तरह संगीता मेहता ने बताया कि यह दिन उनके लिए बेहद खास है। उन्होंने कहा कि कपाट खुलने के अवसर पर उन्होंने महिला मंगल दल के साथ मिलकर भजन, कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। उन्होंने बताया कि यह परंपरा हर साल श्रद्धा के साथ निभाई जाती है।

एक अन्य कलाकार श्रद्धापति ने बताया कि उन्होंने अभिषेक यादव के साथ मिलकर देवनागरी लिपि में बद्रीनाथ धाम के स्टकचर के ऊपर कैलीग्राफी की। उन्होंने कहा कि उन्होंने इससे पहले सबसे ऊंचे शिव मंदिर तृतीय केदार तुंगनाथ जी में विश्व रिकॉर्ड बनाया था और अब बद्रीनाथ धाम में अपनी कला दिखाने का मौका मिलना उनके लिए गर्व की बात है।

श्रद्धालुओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। एक महिला श्रद्धालु ने बताया कि उनकी शादी को अभी दो महीने ही हुए हैं और उनके पति उन्हें पहली बार सीधे बद्रीनाथ धाम लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले वह कभी कहीं नहीं गई थीं और यह यात्रा उनके लिए बेहद भावुक और यादगार है।

# साउथ अफ्रीका ने भारत से टी-20 सीरीज जीती



## कप्तान वोल्वार्ट का 47 गेंद में शतक; 193 रन का टारगेट 21 बॉल रहते हासिल किया

**डरबन (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका महिला टीम ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज जीत ली है। तीसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 8 विकेट से हराकर 3-0 की अजेय बढ़त बनाई। टीम ने टी-20 इंटरनेशनल में अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज (193 रन) किया। कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने 47 गेंदों में शतक जड़ा, जो उनके करियर की सबसे तेज सेंचुरी है।

### कप्तान वोल्वार्ट और सुने लुस की रिकॉर्ड पार्टनरशिप

साउथ अफ्रीका की जीत में लॉरा वोल्वार्ट और सुने लुस की 183 रनों की साझेदारी अहम रही। वोल्वार्ट ने 115 रन बनाए, जबकि सुने लुस ने 42 गेंदों पर 64 रन बनाकर साथ दिया। टीम ने 193 रनों का लक्ष्य 16.3 ओवर में हासिल कर लिया।

**भारत ने बनाया था अपना हाईएस्ट स्कोर, फिर भी हार मिली** – टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 192/9 का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। शेफाली वर्मा ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स के जल्दी आउट होने से पारी लड़खड़ा गई थी।

### हरमनप्रीत की कप्तानी पारी, अंतिम ओवर में जड़े दो छक्के

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टी-20 अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 38 गेंदों में 66 रन बनाए। आखिरी ओवर में उन्होंने तुमी सेखुखुने की गेंदों पर दो छक्के लगाए। उन्होंने ऋचा घोष के साथ 26 गेंदों में 51 रनों की पार्टनरशिप की, जिससे भारत 190 के पार पहुंच सका।

### वोल्वार्ट को मिले दो जीवनदान, भारत को पड़ा भारी


193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते समय वोल्वार्ट को भारतीय फील्डर्स ने दो मौके दिए। 31 रन पर स्मृति मंधाना ने उनका कैच छोड़ा। 85 रन पर कप्तान हरमनप्रीत कौर से भी कैच छूट गया। वोल्वार्ट ने इसका फायदा उठाते हुए 84 रन लेग साइड पर बनाए, जिसमें उनके सभी छक्के शामिल थे।

### अरुंधति रेड्डी की चोट ने बढ़ाई टीम इंडिया की टेंशन

मैच के दौरान अरुंधति रेड्डी चोटिल होकर मैदान से बाहर चली गईं। उन्हें साइड स्ट्रेन (कमर के पास खिंचाव) हुआ। 10वें ओवर में दो गेंदें फेंकने के बाद उन्हें मेडिकल मदद लेनी पड़ी। उन्होंने ओवर पूरा किया, लेकिन बाद में फील्डिंग के लिए नहीं आईं। उनकी जगह उमा छेत्री और बाद में अनुष्का शर्मा ने फील्डिंग की। अमनजोत कौर पहले से ही बैक इंजरी के कारण बाहर हैं।

### वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटी साउथ अफ्रीका

जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका की यह लगातार तीसरी सीरीज जीत है। इस सीजन में उन्होंने अपने घर में आयरलैंड, पाकिस्तान और भारत को हराया है। वोल्वार्ट और सुने लुस की ओपनिंग जोड़ी ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर वर्ल्ड कप के लिए दावेदारी मजबूत की है।



# इंटर मियामी का जलवा बरकरार, 8 मैचों की अजेय लय कायम

**मियामी (एजेंसी)।** इंटर मियामी सीएफ ने एमएलएस मुकाबले में रिले साल्ट लेक को 2-0 से हराकर लगातार अपनी अजेय लय को 8 मैचों तक बढ़ा दिया। यह जीत टीम के लिए खास रही, क्योंकि उसने इस सीजन में बाहर (2-4) मैदान पर भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

### पहले हाफ में कड़ी टक्कर

मैच का पहला हाफ काफी प्रतिस्पर्धी रहा और दोनों टीमों को गोल करने के ज्यादा मौके नहीं मिले। लियोन मेस्सी ने 22वें मिनट में शानदार मौका बनाया, लेकिन उनका शॉट गोलकीपर ने बचा लिया। इसके चलते हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 रहा।

### दूसरे हाफ में बदला मैच का रुख

दूसरे हाफ में मैच ने रोमांचक मोड़ लिया। 59वें मिनट में इंटर मियामी के गोलकीपर ने शानदार बचाव कर टीम को बढ़त लेने से बचाया। इसके बाद टीम ने आक्रामक खेल दिखाया।

### दे पॉल और सुआरेज़ ने दिलाई जीत

82वें मिनट में डी पुल ने लंबी दूरी से शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके ठीक एक मिनट बाद 83वें मिनट में लुईस सुरेज ने दमदार हाफ वॉली के जरिए दूसरा गोल दागकर जीत पक्की कर दी।

# अभी नहीं, लेकिन फिर कोचिंग करूंगा



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के महान टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने अपने रिटायरमेंट के बाद के कोचिंग अनुभव को लेकर खुलकर बात की है। मरे ने साफ किया कि वह भविष्य में फिर से कोचिंग करना चाहते हैं, लेकिन फिलहाल वह इस जिम्मेदारी के लिए तैयार नहीं हैं।

मरे, जिन्होंने रिटायरमेंट के बाद कुछ समय के लिए नोवाक जोकोविच के साथ काम किया, ने इस अनुभव को सीखने वाला बताया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'जोकोविच ने शायद मुझसे कुछ नहीं सीखा, लेकिन मैंने बहुत कुछ सीखा। मैं दोबारा कोचिंग करना चाहूंगा, लेकिन अभी नहीं।'

मरे ने बताया कि एक खिलाड़ी से कोच बनने का सफर काफी अलग होता है। उन्होंने कहा कि जोकोविच के साथ काम करने के दौरान उन्हें उनके खेल और रोजमर्रा की तैयारी को करीब से समझने का मौका मिला। उन्होंने कहा, 'मैं उनके खेल के बारे में पहले से काफी जानता था, क्योंकि वर्षों तक उनके खिलाफ खेला हूं। लेकिन कोच के तौर पर उनकी दिनचर्या को देखना एक अलग अनुभव था।'

### एंडी मरे ने भविष्य की योजनाओं पर खोला दिल

### कम्युनिकेशन है सबसे बड़ा हथियार

मरे ने यह भी स्वीकार किया कि कोचिंग में सबसे अहम चीज खिलाड़ी के साथ संवाद और समझ है। उन्होंने बताया कि एक पिता होने के नाते उनकी सोच में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, 'कोचिंग में यह जरूरी है कि आप अपने खिलाड़ी को समझें और उसकी बात सुनें। मुझे लगता है कि बच्चों के साथ समय बिताने से मैं ज्यादा समझदार बना हूं।' मरे ने कहा कि जब आप खिलाड़ी होते हैं तो पूरी टीम आपके लिए काम करती है, लेकिन कोच के तौर पर आप टीम का एक छोटा हिस्सा होते हैं। उन्होंने समझाया, 'कोचिंग में आप टीम के साथ मिलकर काम करते हैं, जहां आपका मकसद एक खिलाड़ी को बेहतर बनाना होता है।' मरे ने नोवाक जोकोविच का समर्थन करते हुए कहा कि वह 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने की क्षमता रखते हैं। अपने करियर को लेकर मरे ने कहा कि उन्होंने टेनिस सिर्फ नतीजों के लिए नहीं, बल्कि अपने जुनून के लिए खेला। उन्होंने कहा, 'मैं चार-पांच साल पहले भी रिटायर हो सकता था, लेकिन मैंने खेलना जारी रखा क्योंकि मुझे टेनिस से प्यार था।'

आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप

# भारत का जलवा कायम, एक दिन में 4 मेडल जीतकर बढ़ाई बढ़त

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के युवा निशानेबाजों ने जूनियर वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक ही दिन में 4 मेडल अपने नाम किए। इस दमदार प्रदर्शन के साथ भारत का कुल पदक टेली4- 7 पहुंच गया है, जो देश की मजबूत शूटिंग परंपरा को दर्शाता है।



**सीजल कांबले ने जीता सिल्वर** – सेजल कामली ने महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। फाइनल में उन्होंने 27 का स्कोर किया और दूसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में उन्होंने 580 का स्कोर कर टॉप किया था, जो उनकी शानदार फॉर्म को दर्शाता है।

**अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन** – इसी स्पर्धा में अंजली भागवत और परीशा गुप्ता भी फाइनल तक पहुंचीं। हालांकि दोनों खिलाड़ी पदक से चूक गईं और क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहीं। इसके बावजूद उनका फाइनल तक पहुंचना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है।


# पाकिस्तानी ऑलराउंडर नवाज ड्रग टेस्ट पॉजिटिव पाए गए

## पीसीबी ने जांच शुरू की, टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान लिए गए सैंपल में फेल

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। मीडिया सूत्रों के मुताबिक यह सैंपल 2026 टी-20 वर्ल्डकप के दौरान लिया गया था। इस मामले में आईसीसी ने पीसीबी को जानकारी दी है और बोर्ड ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### अंतिम फैसला आना बाकी

पीसीबी के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा- आईसीसी ने इस मामले की जानकारी दी है और पीसीबी ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके नतीजे आज आईसीसी को बताए जाएंगे। फिलहाल जांच जारी है और अंतिम फैसला अभी नहीं आया है।



### आईसीसी गोपनीय तरीके से जांच कर रहा

नवाज के खिलाफ यह मामला आईसीसी की एंटी-डोपिंग प्रक्रिया के तहत चल रहा है। पॉजिटिव टेस्ट रिक्रिएशनल ड्रग (नशीली दवाएं) से जुड़ा है। आईसीसी ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है और पूरी प्रक्रिया गोपनीय तरीके से चल रही है।

### पॉजिटिव होने के बाद भी पीएसएल खेल रहे

नवाज जांच के बावजूद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। वे मुल्तान सुल्तांस की ओर से लगातार मैच खेल रहे हैं। हाल ही में कराची में रावलपिंडी के खिलाफ मैच में उन्होंने तीन ओवर फेंके, लेकिन कोई विकेट नहीं लिया।

### 98 टी-20 इंटरनेशनल खेल चुके

नवाज अब तक पाकिस्तान के लिए 98 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। टीम के व्हाइट-बॉल सेटअप में वह नियमित खिलाड़ी रहे हैं और अपनी लेफ्ट आर्म स्पिन और लोअर ऑर्डर बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं।

अगर जांच में एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो उन्हें सस्पेंशन या अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# हरमनप्रीत कौर ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## कप्तान के तौर पर टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया



**जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी-20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर 3000 रन पूरे कर लिए हैं, और इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली कप्तान बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यह उपलब्धि गुरुवार को जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम के तीसरे टी-20 मैच के दौरान हासिल की। ??उन्होंने 38 गेंदों में 66 रन बनाए जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे, और उनका स्ट्राइक रेट 173.68 रहा। हरमनप्रीत ने अब टी-20 में कप्तान के तौर पर 138 मैचों और 125 पारियों में 32.79 की औसत से 3,017 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। उनकी सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी श्रीलंका की चमारी अटापट्टू हैं, जिन्होंने 108 मैचों और 107 पारियों में 30.16 की औसत से 3,016 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं।

# गलती पर पछतावा: रोहित से बोले पूर्व चयनकर्ता- माफ करना बॉस

मुंबई। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा आज 38 साल की उम्र में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनके करियर का एक बड़ा अफसोस 2011 वनडे वर्ल्ड कप से बाहर रहना रहा। उस टूर्नामेंट में एमएस धोनी की कप्तानी में भारत ने श्रीलंका को हराकर 28 साल बाद खिताब जीता था।

**पूर्व चयनकर्ता ने मांगी माफी** – भारत के पूर्व चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत (क्रिस श्रीकांत) ने अब इस फैसले पर अफसोस जताया है। क्रिकेट पंडित अयाज मेमन से बातचीत के दौरान उन्होंने रोहित से माफी मांगने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा, 'मुझे आज भी उसके लिए बुरा लगता है। मैंने रोहित से पिछले साल कहा था- मैं माफी चाहता हूं, बॉस। यह जानबूझकर नहीं किया गया था, लेकिन हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों को लेना चाहते थे जो आधे ऑलराउंडर हों। हमारी सोच 1983 वर्ल्ड कप जैसी थी। आखिर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट कौन था? युवराज सिंह। बैट और बॉल दोनों से उसने शानदार प्रदर्शन किया।



**'हाफ ऑलराउंडर' कॉन्सेप्ट ने छीना मौका** – श्रीकांत ने बताया कि उस समय टीम संयोजन में ऐसे खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गई जो बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी योगदान दे सकें। उन्होंने कहा, 'हमारे पास वीरेंद्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर, सुरेश रैना और यूसुफ पठान थे, जो कुछ ओवर डाल सकते थे। हरभजन के बैकअप के तौर पर अश्विन भी थे। यूसुफ पठान भी एक तरह के हाफ ऑलराउंडर थे। इसी सोच के चलते रोहित के लिए टीम में जगह नहीं बन पाई। वह 2011 वर्ल्ड कप खेलने के लिए पर्याप्त अच्छे थे, लेकिन दुर्भाग्य से वह मौका चूक गए।'

**युवराज सिंह की सलाह ने बदली दिशा** – तब 23 साल के रोहित को टीम से बाहर किए जाने की खबर मिली, तो यह उनके लिए बड़ा झटका था। उन्होंने बाद में इसे अपने करियर का टर्निंग पॉइंट बताया। उस मुश्किल दौर में युवराज सिंह ने रोहित का हौसला बढ़ाया। रोहित ने याद करते हुए बताया कि युवराज ने उन्हें अपनी कमजोरियों पर काम करने की सलाह दी और भरोसा दिलाया कि उनका क्रिकेट करियर लंबा है।

# कोहली की 'एक्स' ने सोशल मीडिया पर मचाया हंगामा

## कहा- कहानी बीते 12 साल हो चुके, लोग भूल क्यों नहीं रहे!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर सोशल मीडिया विवाद में घिर गए हैं। हाल ही में एक इंस्टाग्राम पेज ने उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा, अभिनेत्री अवनीत कौर और कुछ अन्य मॉडलों के साथ एक पोस्ट शेयर किया, जिसने इंटरनेट पर हलचल मचा दी।

पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'वन थिंग अबाउट विराट कोहली - द मैन क्लियरली डजंट मिस, ऑन ऑर ऑफ द फील्ड। फ्रॉम इजाबेल लेइट टू अनुष्का शर्मा... एलीट टेस्ट इज जस्ट पार्ट ऑफ द ब्रांड।' पोस्ट का मतलब है- एक बात तो पक्की है कि विराट कोहली मैदान पर हों या मैदान के बाहर, कभी चूकते नहीं। इजाबेल लेइट से लेकर अनुष्का शर्मा तक... बेहतरीन पसंद उनके ब्रांड का हिस्सा है।'

इस पोस्ट में ब्राजीलियन मॉडल इजाबेल लेइट का



नाम भी शामिल था, जिनका नाम पहले कोहली के साथ जोड़ा गया था। इस पर नाराजगी जताते हुए इजाबेल ने कमेंट किया, 'इस कहानी को 12 साल हो चुके हैं और गिनती जारी है। लोग आखिर इसे भूल क्यों नहीं सकते?'

बता दें कि कोहली और इजाबेल के बीच 2012 से 2014 तक रिलेशनशिप की खबरें सामने आई थीं। हालांकि बाद में दोनों अपने-अपने रास्ते बढ़ गए और इजाबेल अब अपने पति और बच्चों के साथ दोहा में रहती हैं। इजाबेल के साथ सड़क पर साथ चलने की कोहली की तस्वीर भी खूब वायरल हुई थी।

हाल फिलहाल में कोहली का नाम क्रिकेट के इतर खूब सुर्खियों में रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया पर लाइक को लेकर विवाद में जर्मन कंटेंट क्रिएटर लिजलैज का नाम खूब उछला था। हाल ही में कोहली द्वारा उनकी एक पोस्ट लाइक करने की खबर सामने आई, जिसके बाद सोशल मीडिया पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

### मैदान के बाहर विवाद, मैदान पर फॉर्म बरकरार

जहां एक तरफ सोशल मीडिया पर विवाद जारी है, वहीं मैदान पर कोहली का प्रदर्शन शानदार बना हुआ है। आईपीएल 2026 में वह बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रहे हैं। 37 वर्षीय बल्लेबाज अब तक छह मैचों में 247 रन बना चुके हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका औसत 49 और स्ट्राइक रेट 157 का रहा है।

कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और अब उनका अगला मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाला है। पिछला मैच टीम ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बेहद करीबी अंतर से गंवाया था।



# सुधा एजुकेशनल ट्रस्ट की बैठक कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में संपन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सुधा एजुकेशनल ट्रस्ट की आम सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक कैंब्रिज पब्लिक स्कूल दुबियाखाड़ में आयोजित की गई, जिसमें ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं आमंत्रित व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक का उद्देश्य ट्रस्ट की वर्तमान कार्यप्रणाली की समीक्षा करना, शिक्षा से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना तथा भविष्य की योजनाओं पर व्यापक चर्चा करना था। प्रारंभ में सचिव द्वारा पिछली बैठक की कार्यवाही को प्रस्तुत कर अनुमोदन लिया गया। इसके बाद ट्रस्ट द्वारा कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के संचालन, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन व्यवस्था तथा सामाजिक गतिविधियों में ट्रस्ट की भागीदारी जैसे विषयों पर विशेष चर्चा हुई। ट्रस्ट के आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी रंजन यादव, रिंकू मेहता एवं अर्जुन सिंह को संरक्षक बनाया गया, जबकि रौशन कुमार, संजय यादव एवं राजू यादव को सदस्य बनाया गया। मौके पर संरक्षक रंजन यादव ने कहा कि इस शैक्षणिक ट्रस्ट के संरक्षक के रूप में उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत हर्ष और गर्व का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार शिक्षा होती है और शिक्षा का केंद्र हमारा विद्यालय है। इसलिए विद्यालय का विकास केवल एक संस्थान का विकास नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण है। इस अवसर पर उन्होंने तत्काल दो लाख रुपये की सहायता प्रदान की तथा आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस संस्थान को संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। संरक्षक रिंकू मेहता ने कहा कि विद्यालय के विकास का अर्थ केवल भवन, कक्षाओं और संसाधनों की वृद्धि नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज के युग में ऐसी शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता है, जो बच्चों में ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन, नैतिकता और आत्मविश्वास का विकास करे। संरक्षक अर्जुन सिंह ने कहा कि अच्छा विद्यालय वही होता है, जहां पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला, विज्ञान और तकनीकी शिक्षा को भी समान महत्व दिया जाता है। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकगणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक अपने परिश्रम, समर्पण और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों के जीवन को संवारते हैं। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए, जिनमें ट्रस्ट की कार्यप्रणाली को और व्यवस्थित करना, नई समितियों का गठन करना तथा नियमों के सख्ती से पालन को सुनिश्चित करना शामिल है। मौके पर सुधीर कुमार मेहता, धीरज कुमार मेहता, संजय वर्मा, शशिकांत यादव, देवानस यादव, आफताब आलम,राजेंद्र पाल, भरदुल सिंह, सतीश कुमार आदि लोग उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष नंद किशोर यादव द्वारा की गई, जबकि संचालन सचिव एसपी दुबे ने किया। अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए ट्रस्ट के उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### चैनपुर में जैन साध्वियों का संदेशः "हिंदू का अर्थ है हिंसा का त्याग, शाकाहार अपनाना आवश्यक"



**पलामू/चैनपुर** : आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या अनंतमति माताजी एवं विमलमति माताजी ससंघ ने मेदिनीनगर से विहार करते हुए चैनपुर स्थित रोटरी स्कूल में आहार चर्या सम्पन्न की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। धर्मसभा को संबोधित करते हुए माताजी ने कहा कि यदि हम स्वयं को हिंदू मानते हैं तो हमें शाकाहारी जीवन शैली अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि "हिंदू" शब्द का वास्तविक अर्थ ही हिंसा का त्याग है, इसलिए मांसाहार से दूरी बनाना ही सच्चे अर्थों में धर्म का पालन है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने संपूर्ण जीवन में मांसाहार का सेवन नहीं किया और वनवास काल में केवल कंद-मूल-फल का ही आहार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि जो स्वयं को श्रीराम का वंशज मानते हैं, उन्हें उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए शाकाहार को जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक अनुग्रह शर्मा, शांति लाल जैन, सागर जैन, मनोज पहाड़िया सहित शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं धार्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बना रहा।

### दारू में अवैध शराब बिक्री पर छापा, जनरल स्टोर से आरोपी गिरफ्तार




**हजारीबाग** दारू थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस को जानकारी मिली थी कि ग्राम पुनाईटांड़ स्थित एक जनरल स्टोर में अवैध रूप से शराब की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दारू थाना की एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुनाईटांड़ स्थित रौशन जनरल स्टोर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान दुकान में अवैध रूप से शराब बेचते हुए एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रौशन कुमार (पिता- रूपलाल महतो), निवासी पुनाईटांड़, थाना दारू, जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दारू थाना कांड संख्या 28/26, दिनांक 22 अप्रैल 2026 के तहत धारा 272/292 बीएनएस एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने विभिन्न ब्रांड की शराब की बड़ी खेप भी बरामद की। इनमें गॉड फादर बियर के 5 केन, रॉयल चैलेंज 375 एमएल के 6 बोतल, 8 पीएम प्रीमियम ब्लैक के 375 एमएल के 6 और 180 एमएल के 12 पीस शामिल हैं। इसके अलावा स्टर्लिंग रिजर्व बी7, आइकोनिक व्हाइट और मैकडॉवेल्स ब्रांड की शराब भी अलग-अलग मात्रा में जब्त की गई है। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी मो. इकबाल हुसैन ने किया। उनके साथ सब इंस्पेक्टर फुलजेम्स खाखा, हवलदार मोतीलाल महतो, आरक्षी रविन्द्र नारायण देव एवं चालक साकिल अंसारी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किसान मजदूर की बेटी मिल्पा कुमारी बनी रामगढ़ जिला टॉपर, 490 अंक लाकर रचा इतिहास



**रजरप्पा/रामगढ़** : कभी खेतों की मेड़ों पर मेहनत करते पिता की आंखों में जो सपने पलते थे, आज वही सपने हकीकत बनकर चमक उठे। गोला प्रखंड के सेरेंगातू गांव की रहने वाली मिल्पा कुमारी ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में 500 में से 490 अंक लाकर रामगढ़ जिले में प्रथम स्थान हासिल कर लिया है। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता ने पूरे क्षेत्र को गर्व और खुशी से भर दिया है। मिट्टी की सोंधी खुशबू और संघर्षों के बीच पली-बढ़ी मिल्पा एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता ब्रजेश महतो दिन-रात खेतों में मेहनत कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी के सपनों को कभी टूटने नहीं दिया। यही कारण है कि मिल्पा ने भी हर कठिनाई को अपनी ताकत बनाकर पढ़ाई में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तीन बहनों और एक भाई के बीच पली-बढ़ी मिल्पा के घर में शिक्षा का माहौल हमेशा सकारात्मक रहा। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद परिवार ने कभी उनके हौसलों को कमजोर नहीं होने दिया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बरियातू से पढ़ाई करने वाली मिल्पा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उनके शिक्षकों का कहना है कि पढ़ाई के प्रति उनकी लगन, अनुशासन और समर्पण ही उनकी इस बड़ी सफलता की असली कुंजी है। अपनी इस उपलब्धि पर मिल्पा भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके माता-पिता और गुरुओं के त्याग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन का परिणाम है। "अगर परिवार का साथ और शिक्षकों का भरोसा नहीं मिलता, तो शायद मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती," यह कहते हुए उनकी आंखें नम हो गईं। मिल्पा की इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा गांव और क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गांव में जश्न का माहौल है, हर कोई इस बेटी की मेहनत और सफलता की सराहना कर रहा है। यह कहानी सिर्फ एक सफलता की नहीं, बल्कि संघर्ष, संकल्प और सपनों की जीत की कहानी है—जो यह साबित करती है कि अगर हौसले बुलंद हों, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।

# कंचनपुर में चबूतरा निर्माण में गड़बड़ी के आरोप, जांच की मांग तेज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बरवाडीह (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र के केचकी पंचायत अंतर्गत ग्राम कंचनपुर में 15वें वित्त आयोग मद से हो रहे चबूतरा निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि कार्य में मानक के विपरीत घटिया स्तर की बंगला ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे पूरी संरचना की मजबूती पर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य गांवों में टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य कराना होता है, लेकिन कंचनपुर में हो रहे इस निर्माण में खुलेआम मानकों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदारों की मिलीभगत से कम गुणवत्ता वाली सामग्री लगाकर केवल खानापूर्ति की जा रही है, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका गहरा गई है। सबसे बड़ी लापरवाही यह भी सामने आई है कि निर्माण स्थल पर किसी प्रकार का सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। इसके कारण योजना की लागत, प्राक्कलन राशि, कार्य अवधि और संवेदक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सार्वजनिक नहीं हो पा रही हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं की गई तो यह निर्माण कार्य जल्द ही जर्जर हो सकता है और सरकारी धन की भारी बर्बादी होगी। वहीं इस मामले पर संबंधित कनिय अभियंता मंटूलाल उरांव ने सफाई देते हुए कहा कि कार्य में डी-ग्रेड ईंट उपयोग करने का प्रावधान है और लगभग 75 प्रतिशत तक डी-ग्रेड ईंट लगाने की अनुमति रहती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण में जिस गुणवत्ता की ईंट उपयोग होगी, उसी के अनुरूप मूल्यांकन कर भुगतान किया जाएगा। हालांकि प्राक्कलन राशि और अन्य तकनीकी बिंदुओं पर उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया, जिससे ग्रामीणों की शंकाएं और भी गहरी हो गई हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में जमीनी स्तर पर जांच कर कार्रवाई होती है या नहीं।

# दिल्ली में राहुल गांधी के साथ आदिवासी प्रकोष्ठ कांग्रेस की अहम बैठक, 2029 चुनाव की रणनीति पर मंथन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नावाबाजार (पलामू):** दिल्ली में आयोजित आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तरीय संवाद कार्यक्रम में पलामू जिले से आदिवासी प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार उर्फ छोटू सिंह ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से आए आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भुरिया, झारखंड प्रदेश के आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष जोसाई मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू सहित झारखंड के सभी जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राहुल गांधी ने बंद कमरे में सभी जिलाध्यक्षों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और संगठन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही आगामी वर्ष 2029 में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। राहुल गांधी ने आदिवासी मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने और उनके बीच संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी और कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य कर आदिवासी वोट बैंक को मजबूत करना प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक को संगठनात्मक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें आने वाले चुनावों की रणनीति और तैयारी को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

# छिपादोहर पेट्रोल पंप पर अव्यवस्था से हंगामा, कालाबाजारी के आरोपों से ग्रामीणों में आक्रोश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पलामू** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर स्थित एक पेट्रोल पंप पर अव्यवस्था और कथित मनमानी को लेकर स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के बीच पंप की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा असंतोष देखा जा रहा है। मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब स्थानीय भाजपा नेता मुन्ना गुप्ता ने पंप संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आम उपभोक्ताओं, विशेषकर दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल देने में अनदेखी की जा रही है, जबकि दूसरी ओर कथित रूप से कालाबाजारी करने वाले लोगों को खुलेआम गैलन और जार में ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुन्ना गुप्ता के अनुसार, प्रतिदिन सैकड़ों वाहन चालक लंबी कतारों में घंटों इंतजार करते हैं, लेकिन उन्हें यह कहकर वापस लौटा दिया जाता है कि पेट्रोल-डीजल उपलब्ध नहीं है। वहीं दूसरी ओर, जार और गैलन लेकर पहुंचे कुछ लोगों को प्राथमिकता के आधार पर ईंधन दे दिया जाता है। इस स्थिति से आम ग्रामीणों और वाहन चालकों में भारी नाराजगी व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि यह व्यवस्था पूरी तरह से पारदर्शिता के खिलाफ है और इससे खुलेआम कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी पंप की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए समान वितरण और पारदर्शी व्यवस्था की मांग की है। उनका कहना है कि एक ओर आम जनता को परेशान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कथित तौर पर अवैध रूप से पेट्रोल की बिक्री की जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि छिपादोहर क्षेत्र में खुदरा बाजार में पेट्रोल की कीमत 140 रुपये प्रति लीटर तक वसूली जा रही है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। फिलहाल यह मामला स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है और प्रशासनिक कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# गोलीकांड का फरार मुख्य आरोपी बिहार से गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**छतरपुर।** छतरपुर थाना क्षेत्र में हुए बहुचर्चित गोलीकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब एक वर्ष से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल 2024 को संतोष प्रसाद (पिता स्व. गनौरी साव) को छतरपुर के गर्ल्स स्कूल मुख्य गेट के सामने अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल संतोष प्रसाद की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने पहले ही दो आरोपियों—आशुतोष कुमार सिंह उर्फ बुटा तथा रोशन कुमार—को गिरफ्तार कर लिया था। उनके पास से घटना में प्रयुक्त दो देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए थे। अनुसंधान के क्रम में घटना का एक अन्य मुख्य आरोपी रजनीश कुमार उर्फ छोटे सिंह (उम्र 23 वर्ष, पिता अशोक सिंह, निवासी ग्राम हसनी, थाना धर्मपुरा, जिला रोहतास, बिहार) लगातार फरार चल रहा था। उक्त मामले में छतरपुर थाना कांड संख्या 74/24, दिनांक 02.05.2024 दर्ज है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 22 अप्रैल 2026 को आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया तथा 23 अप्रैल 2026 को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में छापामारी दल के नेतृत्व में पुअनि सुशील उरांव सहित छतरपुर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# एक मई से मुख्य सड़कों पर ठेले पर रोक, पुलिस क्लब में लगेगी फल मंडी


सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पलामू।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में जल्द ही फल विक्रेताओं को एक स्थान पर व्यवस्थित करने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा रहा है। नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने गुरुवार को छह मुहान स्थित सेट पुलिस क्लब कैंपस का निरीक्षण किया और वहां तत्काल सफाई कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए 1 मई से मुख्य सड़कों पर ठेला लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। महापौर ने बताया कि वर्तमान में शहर के कई प्रमुख मार्गों पर बिना अनुमति के फल के ठेले लगाए जा रहे हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए निगम ने निर्णय लिया है कि कचहरी चौक से सर्किट हाउस तक, सादिक मंजिल चौक से छमुहान तक और बाजार क्षेत्र में फैले सभी फल विक्रेताओं को एक स्थान—पुलिस क्लब परिसर—में स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस क्लब शहर के मध्य में स्थित है, जिससे आम लोगों को एक ही जगह पर विभिन्न प्रकार के फल आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। इससे न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि खरीदारी करने वालों को भी सुविधा मिलेगी। महापौर ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि 1 मई के बाद यदि किसी भी मुख्य मार्ग पर अनाधिकृत रूप से ठेला खड़ा पाया गया, तो संबंधित विक्रेता से प्रति दिन 500 रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। नगर निगम इस नियम को सख्ती से लागू करेगा। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही चैनपुर और शाहपुर के बाजारों को भी व्यवस्थित किया जाएगा।

इसके लिए स्थानीय लोगों और दुकानदारों के साथ चौपाल लगाकर सर्वसम्मति से स्थान तय किया जाएगा, ताकि किसी को असुविधा न हो और बाजार व्यवस्था बेहतर बन सके। नगर निगम की इस पहल से शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और बाजार को व्यवस्थित करने की उम्मीद जताई जा रही है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा का प्रहार, 25 अप्रैल को आक्रोश पदयात्रा का आह्वान



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रामगढ़:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रामगढ़ जिला इकाई द्वारा गुरुवार को शहर के एक होटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला गया। इस दौरान 25 अप्रैल 2026 को रांची में आयोजित होने वाली "नारी शक्ति आक्रोश पदयात्रा" में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलखो ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला ऐतिहासिक कानून है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल इस अधिनियम को निरस्त करने की साजिश कर रहे हैं, जो उनकी नारी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा इसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। उन्होंने बताया कि रांची ग्रामीण, रामगढ़, सिमडेगा, गुमला, खूंटी और हजारीबाग सहित झारखंड के छह जिलों की बड़ी संख्या में महिलाएं 25 अप्रैल को रांची में आयोजित पदयात्रा में शामिल होंगी और अपनी आवाज बुलंद करेंगी। उन्होंने रामगढ़ जिले की महिलाओं एवं आम नागरिकों से भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष संजीव कुमार बबला ने कहा कि पार्टी नारी सम्मान और सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के हर षड्यंत्र का जवाब भाजपा सड़क से लेकर सदन तक देगी। प्रेस वार्ता में भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें महामंत्री राजू चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष रेखा देवी एवं लक्ष्मी देवी, जिला आईटी संयोजक प्रवीण कुमार सोनू, मीडिया सह-प्रभारी भीमसेन चौहान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, जिला कार्यालय मंत्री सुनील प्रसाद साहू, रामगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रूपा साहू और मंडल उपाध्यक्ष कमलेश बेदिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।